आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 275 | उज्जैन, शनिवार 17 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

इस महीने संसद का स्पेशल सेशन बुला सकती है सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार इसी महीने संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। इसमें लोकसभा सीटें बढ़ाने के लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल को पास कराया जाएगा। इनके जरिए महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। 6 महीने (16 और 17 अप्रैल) पहले सरकार पहले प्रयास में कामयाब नहीं रही थी और लोकसभा में दो तिहाई बहुमत जुटा नहीं पाई थी। अब कहा जा रहा है कि सरकार ने संख्याबल जुटा लिया है।

महाराष्ट्र में पटाखे पूरे साल बैन, बनाने-बेचने पर रोक नहीं

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को सार्वजनिक सड़कों, गलियों और फुटपाथों पर पटाखे फोड़ने पर लगी रोक पूरे साल लागू कर दी। यह रोक नवरात्रि, दिवाली, क्रिसमस और अन्य सभी त्योहारों पर लागू होगी। आदेश पूरे महाराष्ट्र में त्योहारों के जुलूसों के दौरान शोर और वायु प्रदूषण रोकने के लिए दिया गया है। जस्टिस गिरीश एस. कुलकर्णी और जस्टिस नीला के. गोकले की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। बेंच ने कहा, जब तक नागरिक हालात की जरूरत को नहीं समझेंगे और शहरों में रहने के लंबे समय के खतरों के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तब तक हालात बिगड़ते रहेंगे।

टेस्ला ने बनाई उड़ने वाली कार, हवा में पलटी और जमीन पर लैंड हुई

वाशिंगटन। इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 16 अक्टूबर को उड़ने वाली कार दिखाई। डेमो के दौरान, रोडस्टर सेकेंड जनरेशन कार एक बड़े घुमावदार रैंप पर ऊपर की ओर बढ़ी और उल्टी हो गई। इसके बाद ये रैंप से हवा में उड़ी, हवा में ही पलटी और जमीन पर सुरक्षित लैंड कर गई। इस कार में रॉकेट में इस्तेमाल होने वाले थ्रस्टर्स लगे हैं। इनकी मदद से ये कार उल्टी होकर चल सकती है और हवा में घूम भी सकती है। ये कार केवल 0.81 सेकेंड में 97 किमी प्रति घंटे की रफ्तार भी पकड़ सकती है। कार का प्रोडक्शन 2028 में शुरू होगा। सफल लैंडिंग के बाद मस्क ने कहा- चलिए, यह काम कर गया।

हनी सिंह को साइबर सेल से राहत नहीं



22 अक्टूबर को पेश होने की मांग खारिज; दोबारा समन पर नहीं आए तो लुकआउट सर्कुलर जारी हो सकता है

मुंबई। रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल ने कॉन्सर्ट में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पूछताछ के लिए 16 अक्टूबर को पेश होने के समन को टालने की उनकी मांग खारिज कर दी है। हनी सिंह ने 22 अक्टूबर को पेश होने की अनुमति मांगी थी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर वे तय तारीख पर पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने हनी सिंह को कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें इससे पहले भी पेश होने के लिए समन भेजे गए थे, लेकिन वे पूछताछ में शामिल नहीं हुए। समाचार एजेंसी के मुताबिक, हनी सिंह ने पहले 5 अक्टूबर को पेश होने में असमर्थता जताई थी और इसके बाद अतिरिक्त समय मांगा था। बताया गया कि उन्होंने विदेश में होने के कारण पेश नहीं हो पाने की बात कही थी। इसके बाद साइबर सेल ने उन्हें 16 अक्टूबर को पेश होने के लिए दोबारा समन भेजा।

नैनो न्यूज

- **मुंबई :** शेयर बाजार में गिरावट के बाद सेंसेक्स 414 अंक उछला, आईटी शेयरों में जबर्दस्त तेजी, रुपया मजबूत।
- **यूपी :** आंधी-बारिश, राजस्थान में ओले भी गिरे, केदारनाथ-बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब में बर्फबारी, एमपी-बिहार में बारिश का अलर्ट।
- **रूस :** 7 तीव्रता का भूकंप,जापान में 9.9 का अलर्ट, 12 मिनट तक पूरे जापान में अफरातफरी रही, फिर मौसम एजेंसी ने माफी मांगी।
- **बांग्लादेश :** छात्रों ने मंदिर के सामने गोमांस पकाया, आज यूनिवर्सिटी में गाय काटने की तैयारी, प्रशासन ने पहले रोक लगाई फिर छूट दी।
- **अल्बानिया :** महंगी शिक्षा के खिलाफ छात्र सड़कों पर उतरे, सरकारी इमारतों और बैंकों में आग लगाई, अभी 11 देशों में छात्र आंदोलन चल रहा।
- **मुंबई :** आरएम ड्रिप-आर एंड बी डेनिम्स पर ईडी की छापेमारी, मुंबई समेत 6 शहरों के 29 ठिकानों पर रेड, शेयरों में हेराफेरी से 1-लाख निवेशकों को घाटा।

जंतर-मंतर पर तिरंगा मार्च से पहले अभिजीत दीपके-नेहा बोरा हिरासत में

प्रशासन को किसी अव्यवस्था से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के हाथों में तिरंगे की शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ताकत से डर: सीजेपी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके और आयशा अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दीपके तिरंगा रैली में शामिल होने सेंट्रल पार्क जा रहे थे।

6 दिनों में दीपके को दूसरी बार कस्टडी में लिया गया है। इससे पहले 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर प्रदर्शन से पहले दीपके को विमान से हिरासत में लिया गया था, अगले दिन छोड़ दिया गया। नई दिल्ली जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू है। यानी 4 या 4 से ज्यादा लोग इकट्ठा नहीं हो सकते हैं। इसके बावजूद कनॉट प्लेस इलाके में सेंट्रल पार्क के पास सीजेपी समर्थक जुटे हैं।



कॉकरोच जनता पार्टी के अनुसार, यह कार्रवाई दिखाती है कि प्रशासन को किसी अव्यवस्था से नहीं, बल्कि आम नागरिकों के हाथों में तिरंगे की शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ताकत से डर है। अभिजीत दीपके जहां ठहरे हुए थे, पुलिस वहां पहुंची थीं। दीपके और पुलिस की बहस भी हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीपके ने कहा था कि आप अपनी मर्जी से जो मन में आ रहा है, वही लिख रहे हैं। यह बेतुका है। फांसी पर चढ़ा दो ना। क्या मजाक है ये? नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है, नई दिल्ली जिले में भारतीय नागरिक इठरर की धारा 163 लागू है। इसलिए, हम सभी से कानून का पालन करने की अपील करते हैं।

ममता बोलीं- यह किसी अघोषित आपातकाल से कम नहीं

ममता बनर्जी ने कहा कि अभिजीत दीपके को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हाथ में रखने के लिए हिरासत में लिया गया है। जरा सोचिए, स्वतंत्र भारत में हमारे युवाओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का शांतिपूर्ण तरीके से इस्तेमाल करने पर हिरासत में लिया जा रहा है। यह किसी अघोषित आपातकाल से कम नहीं है। असहमति से डरने वाली सरकार अब पूरी पीढ़ी को चुप कराने के लिए डराने की कोशिश कर रही है।

गरबा आयोजनों पर प्रवेश शुल्क को लेकर विवाद

उज्जैन में सभी गरबा आयोजन निःशुल्क

आयोजकों द्वारा प्रशासन को दिए गए आवेदनों में पास बेचने का कोई उल्लेख नहीं किया गया, प्रवेश रोकने पर वीडियो बनाकर पुलिस से शिकायत करने की अपील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि के दौरान शहर में आयोजित गरबा महोत्सवों में प्रवेश शुल्क और पास व्यवस्था को लेकर विवाद सामने आया है। हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया ने दावा किया है कि उज्जैन में आयोजित गरबा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास बेचने की अनुमति प्रशासन की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने शहर की माताओं, बहनों और परिवारों से अपील की है कि वे गरबा आयोजनों में पहुंचकर उत्सव में भाग लें और यदि कोई उनसे पास मांगता है या गरबा करने से रोकता है, तो इसकी शिकायत पुलिस से करें।

भदौरिया के अनुसार, शहर में कई स्थानों पर गरबा आयोजन हो रहे हैं, जिनमें परमेश्वरी गार्डन, आस्था गार्डन, होटल मित्तल रिसॉर्ट, राजाराम रिसॉर्ट और राजमहल शामिल हैं। उन्होंने इन आयोजनों में प्रवेश के लिए पास बेचने की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोजकों द्वारा प्रशासन को दिए गए आवेदनों में पास बेचने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इसी आधार पर उन्होंने दावा किया कि गरबा कार्यक्रमों में प्रवेश निःशुल्क होना चाहिए।

पास बेचने की अनुमति पर उठाए सवाल



अर्जुन सिंह भदौरिया ने कहा कि गरबा नवरात्रि का पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी होनी चाहिए। उनके अनुसार, यदि आयोजनों में प्रवेश के लिए पास बेचे जा रहे हैं, तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि इसके लिए प्रशासन की अनुमति ली गई है या नहीं। उन्होंने प्रशासन से जुड़े अनुमति संबंधी दस्तावेजों का हवाला देते हुए पेड पास व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, आयोजकों को जारी अनुमति की वास्तविक शर्तों और प्रवेश शुल्क संबंधी प्रावधानों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। ऐसे में सभी आयोजनों को अनिवार्य रूप से निःशुल्क घोषित किए जाने के दावे की पुष्टि संबंधित अनुमति पत्रों और प्रशासन के पक्ष से होना आवश्यक है।

परिवारों से गरबा में शामिल होने की अपील

भदौरिया ने उज्जैन की माताओं, बहनों और परिवारों से अपील की कि वे अपने परिवार के साथ गरबा आयोजनों में जाएं और उत्सव में भाग लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्थान पर उनसे पास मांगा जाता है या प्रवेश करने से रोका जाता है, तो वे घटना का सेल्फी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करें और स्थानीय पुलिस को शिकायत दें। उनकी इस अपील के बाद गरबा आयोजनों में प्रवेश व्यवस्था और प्रशासन की अनुमति की शर्तों को लेकर चर्चा तेज होने की संभावना है। नवरात्रि के दौरान गरबा स्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, इसलिए प्रवेश, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

प्रशासन और आयोजकों का पक्ष भी महत्वपूर्ण

इस पूरे मामले में अब प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। यदि आयोजनों की अनुमति में प्रवेश शुल्क या पास बिक्री को लेकर कोई शर्त निर्धारित है, तो उसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। वहीं, यदि किसी आयोजन में अनुमति की शर्तों का उल्लंघन हो रहा है, तो संबंधित अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, आयोजकों का पक्ष सामने आना भी जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पास किस आधार पर बेचे जा रहे हैं और आयोजन के लिए जारी अनुमति में प्रवेश व्यवस्था से संबंधित क्या प्रावधान हैं। गरबा उत्सव में भागीदारी, धार्मिक परंपरा और नागरिकों की सुविधा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन किसी भी आयोजन की प्रवेश व्यवस्था का निर्धारण प्रशासन की अनुमति की शर्तों और लागू नियमों के आधार पर होना चाहिए। अब निगाह इस बात पर रहेगी कि प्रशासन भदौरिया के दावों की जांच कर स्थिति स्पष्ट करता है या नहीं और गरबा आयोजनों में प्रवेश को लेकर उठे सवालों का क्या समाधान निकलता है।

सुप्रीम कोर्ट का द्विशा शर्मा केस में बड़ा आदेश

भोपाल जिला कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर अगले आदेश तक लगाई रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बहुचर्चित द्विशा शर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश देते हुए भोपाल जिला कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटिशन पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया, साथ ही प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया गया है।

यह ट्रांसफर पिटिशन दिवंगत द्विशा शर्मा के पिता और मामले के शिकायतकर्ता नवनिधि शर्मा की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में भोपाल सेशन कोर्ट में चल रहे ट्रायल को दिल्ली की सक्षम अदालत में ट्रांसफर करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई के लिए ट्रायल को भोपाल से दिल्ली ट्रांसफर किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई, आरोपी समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी किया है।

कॉम्पिटीशन से कभी नहीं डरे स्टारलिंक का स्वागत है: रिलायंस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' की भारत में एंट्री को लेकर चल रहे विवाद के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह कॉम्पिटिशन से नहीं डरते। कंपनी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि असली मुकाबला वही है, जिससे यह पता चले कि सबसे अच्छी सर्विस कौन दे रहा है।

कंपनी ने यह बयान इलॉन मस्क की ओर से लगाए गए उन आरोपों के बाद जारी किया, जिनमें उन्होंने भारतीय टेलिकॉम कंपनियों पर स्टारलिंक का रास्ता रोकने का दावा किया था। इलॉन मस्क भारत में स्टारलिंक की लॉन्चिंग में हो रही देरी को लेकर पिछले कुछ दिनों से नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस देरी के लिए वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जिम्मेदार बता रहे हैं और उनके खिलाफ लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था।

जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर आसिम की सड़क दुर्घटना में मौत

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान से चलने वाले आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का ऑपरेशनल कमांडर मोहम्मद आसिम सड़क दुर्घटना में मारा गया। मसूद अजहर के नेतृत्व वाले गुट ने बताया है कि लाहौर के गढ़ी शाहू इलाके में सड़क दुर्घटना में असीम, उसकी पत्नी और बेटे की मौत हुई है। इस हफ्ते यह जैश के दूसरे बड़े कमांडर की मौत है। वहीं मौजूदा साल, 2026 में इस आतंकवादी समूह के नेतृत्व स्तर से चौथे कमांडर की मौत हुई है। लाहौर के आधिकारिक बयानों के अनुसार, यह जानलेवा हादसा लाहौर के गढ़ी शाहू में अल्लामा इकबाल रोड पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक भारी ट्रेलर ने पीछे से आसिम की गाड़ी को टक्कर मार दी। इससे जैश-ए-मोहम्मद के लाहौर जिला ऑपरेशनल कमांडर आसिम, उसकी पत्नी हुमा और बेटे तल्हा की मौत हो गई।

स्लीपर बस और लॉरी की सीधी टक्कर

4 लोगों की मौत और 31 घायल

एजेंसी ▸▸ मैसूर

कर्नाटक के मैसूर जिले में शुक्रवार तड़के एक प्राइवेट स्लीपर बस और लॉरी की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए।

मृतकों की पहचान बस ड्राइवर सुनील और कंडक्टर सुनाद तथा यात्री आफताब के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि चौथे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। यह हादसा मैसूर जिले के पेरियापटना में सुबह करीब 4.30 बजे हुआ। बेंगलुरु से कोझिकोड जा रही बस सामने से आ रहे एक लॉरी (ट्रक) से टकरा गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। उन्होंने बताया कि घायल हुए 31 यात्रियों में से तीन की हालत गंभीर है और उनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

मायावती के भतीजे आकाश बसपा की 7 रैली करेंगे

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

यूपी में सियासी हलचल तेज हो गई है। बसपा में चौथी बार वापसी के बाद आकाश आनंद 2027 के चुनावी मैदान में उतरने जा रहे हैं। बुआ मायावती ने उन्हें यूपी, पंजाब और उत्तराखंड में जनसभाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। अगले दो महीने में आकाश की 7 सभाएं प्रस्तावित हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी भी अपने यहां आकाश की सभा कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसे लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तंज कसा।



वारदात के 547 दिन बाद मेरठ जिला कोर्ट ने सुनाई सजा

पति की हत्या कर सांप छोड़ने वाली रविता को सजा-ए-मौत, प्रेमी को भी फांसी होगी

एजेंसी ▸▸ मेरठ

पति की हत्या करके सांप से डसवाने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को वारदात के 547 दिन बाद मेरठ जिला कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है।

शुक्रवार को सजा सुनाने से पहले कोर्ट ने रविता और अमरदीप का पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुना। जज ने दोनों से पूछा- तुम दोनों को हत्या का दोषी ठहराया गया है। क्या सजा चाहते हो? रविता ने कहा- मेरे 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका ख्याल रखा जाए। फिर वह चुप हो गई। इसके बाद अमरदीप ने कहा- मेरे मां-बाप बूढ़े हैं। उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं है। उनकी देखभाल में कोई कमी न रहे। इसके बाद दोनों फूट-फूट कर रोने लगे। एडीजे-12 जयवीर सिंह नागर ने नीला ड्रम हत्याकांड का नाम लिए बगैर कहा- 'केवल काट डालना ही जघन्य अपराध नहीं है।'



पिछले 3 दिन में 4 दोषियों को हुई फांसी की सजा

जज ने फैसले में सती सावित्री का जिक्र किया। कहा- 'पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी करवाचौथ का व्रत करती है, लेकिन यहां प्रेमी के साथ ये कृत्य किया जो माफी लायक नहीं है।' जज ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर माना और पेन तोड़कर फेंक दिया। मेरठ कोर्ट ने पिछले 3 दिन में 4 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। इससे पहले 14 अक्टूबर को नीले ड्रम वाली मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को फांसी की सजा सुनाई गई थी। सौरभ राजपूत के भाई राहुल और उनकी मां रेनू देवी भी कोर्ट पहुंची थीं।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

आरती में भी वही जोश और आवाज हो

संयम और साधना का पर्व धर्मनगरी में मनाया जा रहा है। कई आयोजक सांस्कृतिक आयोजनों के तहत गरबों का आयोजन कर रहे हैं। इन पांडालों में जाने पर देखने में तो ऐसा लगता है जैसे पुरे सनातन की परंपरा एवं विधि विधान का ध्यान यहां रखा जा रहा है। बकायदा धूप जलाई जा रही है और माहौल को धर्म और भक्तिमय बनाया जा रहा है। गरबों के पूर्व एक परंपरा का निर्वहन करते हुए आरती की जा रही है। अतिथि आ रहे हैं मां को नमन किया जा रहा है। बालिकाएं आ रही है गरबा कर रही हैं और माता की आराधना का दौर हो रहा है। गरबों के समय तो यहां चलाए जाने वाले लाउड स्पीकरों की आवाज से दूर-दूर तक आवाज पहुंच रही है। आयोजकों की उद्घोषणा भी दूर-दूर तक सुनाई दे रही है। दूर सुनाई देने वाली आवाजों में निर्धारित समय उपरांत भी गरबों के गीत बराबर चलते रहते हैं। आश्चर्य तो तब होता है जब एक दम सन्नाटा छा जाता है। गरबों के अंत में माता की आरती कहीं सुनाई नहीं देती है। गरबा गीतों के बाद सीधे सन्नाटा ही पसरता है। इस दौरान वर्दी के सायरन की आवाजें जरूर सुनाई देती है। खुसूर-फुसूर है कि गरबा गीतों तक ही लाउड स्पीकरों की आवाज ऊंची रखी जाती है जिससे आगंतुकों को आयोजन के चालू रहने का संदेश मिलता रहे। अंत की आरती में मात्र गिनती के कुछ ही लोग रह जाते हैं, ज्यादातर निकल जाते हैं। ऐसे में लाउड स्पीकर की आवाज भी कम हो जाती है और निर्धारित समय के बाद वर्दी लाउड स्पीकर की आवाज को ऊंचा नहीं रहने देती है इसलिए आरती की आवाज सुनाई नहीं देती है। वैसे कई जगह तो परंपरा और सनातन की प्रक्रिया को ही त्यागकर मात्र गरबा ही किया जाता है।

न्यूज कॉलम

विभिन्न चौड़ीकरण कार्यों का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रमुख आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निगम अधिकारियों के साथ खजूर वाली मस्जिद से गणेश चौक, लोटी स्कूल तिराहे से नीलगंगा तक, जयसिंहपुरा से चार धाम पार्किंग एवं नील गंगा चौराहे से शांति नगर तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए शेष कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। 730 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किए जाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। मार्ग चौड़ीकरण एवं विकास कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा प्रदत्त लगभग 9.80 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण एवं व्यस्त संपर्क मार्गों में शामिल है।

नैनो न्यूज

- समाज सेवी नारायण यादव एवं महेश परियानी के मार्गदर्शन में गरबा महोत्सव की धूम, सकल सिंधी समाज के आयोजन में शामिल हुई ह्यतारक मेहताह्ल फेम बबीता, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बच्चों को किया पुरस्कृत
- महिला बाल विकास ने जोखिम ग्रस्त बालको के सर्वे कराकर सड़क पर रहने वाले बच्चे ओर सड़क पर रहने वाले परिवारो के बच्चों को जिला बाल संरक्षण अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया।
- राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति ही आधारभूत, कथनी से नहीं करनी से आता है बदलाव, राष्ट्र सेविका समिति के विजयादशमी उत्सव में अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका अन्नदानम सीता अक्का ने किया मार्गदर्शित
- संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश शासन भोपाल के सौजन्य से शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उज्जैन में प्रधान मंत्री नरेंद्र सिंह मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत से महाविद्यालय में तीन दिवसीय दिनांक 13,14एवं 15 अक्टूबर को कार्यशाला का आयोजन हुआ।
- विश्व खाद्य दिवस पर दाऊदी बोहरा समाज ने छतरी चौक पर किया भोजन वितरण, सैयदना साहब की प्रेरणा से प्रोजेक्ट राइज के तहत हुआ आयोजन, बेहतर कल के लिए दिया मानवता का संदेश
- दबंग हिंदू सेना ने कन्या पूजन कर निकाली चुनरी यात्रा, सनातन संस्कृति एवं नारी शक्ति का दिया संदेश, नवरात्रि के पावन अवसर पर दबंग हिंदू सेना द्वारा चामुंडा माता चौराहा स्थित श्री छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर में कन्या पूजन एवं चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया।
- कालभैरव घाट पर मां महाकाली एवं तारा की साधना कर रहे अघोर संन्यासी, सिंहस्थ-2028 की सफलता एवं जनकल्याण की कामना से हो रही विशेष साधना
- वोट और चंदा चोरी के विरोध में दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर से निकालेंगे सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा, उज्जैन से अयोध्या तक जाएगी 930 किमी लंबी पदयात्रा, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए पीसी शर्मा ने किया भूमि पूजन
- मणि पार्क वे में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन, कॉलोनीवासियों ने सपरिवार की माता की आराधना, गरबा प्रस्तुतियों ने मोहा मन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच अवैध निर्माण हटाने की चल रही कार्रवाई तेज

महामंडलेश्वर के आश्रम पर बनी 4 मंजिला बिल्डिंग बुलडोजर से तोड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार सुबह नगर निगम ने जूना अखाड़े से जुड़े हरियाणा सेवा आश्रम में बने चार मंजिला होटलनुमा भवन को ढहा दिया। यह आश्रम महामंडलेश्वर ज्योतिगिरी जी महाराज का है।

नगर निगम के मुताबिक, करीब 8 हजार वर्गफीट में बने भवन को हटाने के लिए आश्रम को दो बार नोटिस दिए गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद चार पोकलेन मशीनों और एक जेसीबी की मदद से भवन को पूरी तरह तोड़ दिया गया। भवन का निर्माण करीब डेढ़ साल से चल रहा था। इसके पहले सीएम मोहन यादव का पैतृक मकान का हिस्सा भी टूट चुका है। शाही मस्जिद का हिस्सा हटाया गया। इसे लेकर पथराव हुआ था। खड़े हनुमान मंदिर का बाहरी ढांचा भी हटाया गया, लेकिन प्रतिमा सुरक्षित रखी गई। मदीना कॉलोनी में मकान-गोदाम, बेगम बाग में निर्माण और आश्रमों पर भी कार्रवाई हो चुकी है।





हाईकोर्ट के निर्देश के बाद कार्रवाई- नगर निगम के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया- सिंहस्थ भूमि पर अवैध निर्माण का मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने नगर निगम को अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया- इसके बाद निगम की टीम पहले भी दो आश्रमों पर कार्रवाई कर चुकी है। हरियाणा सेवा आश्रम में नई इमारत को तोड़ा गया, जबकि पुराना हिस्सा बरकरार रखा गया। भवन के दूसरी तरफ लगा वॉटर सॉफ्टनर भी तोड़ा गया।

2023 में दायर हुई थी याचिका शिप्रा प्रदूषण का मुद्दा उठा

उज्जैन निवासी सत्यनारायण सोमानी ने वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया था कि शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर 100 से 200 मीटर के दायरे में होटल, मठ, आश्रम, स्कूल और कॉलोनियों के अवैध निर्माण हो गए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि इन निमार्णों से निकलने वाला सीवरेज सीधे नदी में मिल रहा है, जिससे पानी प्रदूषित हो रहा है। मामले में लगातार सुनवाई के बाद 5 मई को हाईकोर्ट ने नगर निगम को 15 जून तक सभी अतिक्रमणों की सूची तैयार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

गरबा सिर्फ नृत्य नहीं, इसका वैज्ञानिक आधार भी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शक्ति की आराधना का पावन पर्व नवरात्रि वर्षभर की शक्ति संचय का एक धार्मिक विधान है। श्रद्धालु नौ दिवस तक माता की भक्ति में लीन रहते हैं और मनोकामना करते हैं। नौ दिवस तक साधक कठिन व्रत लेकर उपवास भी करते हैं। साधना का समापन नवमी तिथि पर हवन आदि के द्वारा होता है।

नृत्य व गीत द्वारा माता की भक्ति- नवरात्रि के नौ दिवस तो श्रद्धालु बालिकाएं, युवक, युवतियां व महिलाएं मातारानी की प्रशस्ति मे सुमधुर ढोल की थाप या संगीत की स्वरलहरियों के बीच गरबा रमती हैं। डांडिया रास से पूरे नौ दिन सकारात्मक ऊर्जा का संचरण होता है और आमोद प्रमोद मय भक्ति से सभी स्फूर्तियुक्त हो जाते हैं। ये भक्तिमय आनंद ही वर्षभर ऊर्जा प्रदान करता है व दिमाग तरोताजा बना रहता है।

गरबा का वैज्ञानिक तत्व- गरबा सिर्फ एक नृत्य नहीं है वरन इसमे निहित विज्ञान को समझना बहुत आवश्यक है। गरबा वैसे तो गुजरात का लोकनृत्य है किन्तु इसके महत्व के चलते ये देश विदेश में बहुत लोकप्रिय है और नवरात्रि व गरबा एक दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। गरबा मूलरूप से एक समूह नृत्य है। इसमें एक वृताकार गोला बनाकर महिलाएं नृत्य करती हैं। वृत पूरे ब्रह्माण्ड का सूचक है और जीवन का सार इस वृत में छुपा है। जीवन चक्र रूपी गोले मे तीन अवस्थाएं 1 जन्म 2 मरण व 3 पुनर्जन्म विद्यमान है। मनुष्य की पूरी साइकल ही इसके इर्द गिर्द है। नृत्य करती गोले मे घूमती महिलाएं जीवनवृत को इंगित करती हैं।



मध्य में मिट्टी का कलश व ज्योत

गरबा नृत्य के मध्य मातारानी की तस्वीर व कलश स्थापित किया जाता है जिसमे ज्योत जलती रहती है। कलश के अंदर दीपक में ज्योत जलाकर नौ दिवस तक रखा जाता है। ये ज्योत ही दैवीय शक्ति को इंगित करती है और अग्नि की ऊर्जा वातावरण मे उत्सर्जित होती रहती है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार दो ही वस्तु पूरे ब्रह्माण्ड मे हैं पहला पदार्थ व दूसरी ऊर्जा। ऊर्जा से परिपूर्ण मां शक्ति का द्योतक प्रज्वलित दीपक है। मां की आराधना जलती हुई ज्योत के आसपास घूमते हुए करने मे निश्चित ही मानव शरीर ऊर्जा से पूर्ण होता है और वातावरण में भी ऊर्जा का संचार होता है।

ताली व डांडिया से गरबा

ताली बजाने से शरीर को होनेवाले लाभ को तो विज्ञान ने भी मान्यता प्रदान कर दी है। जब गरबा में युवतियां आपस में ताली बजाती हैं तो शरीर मे रक्त संचरण अच्छे से होता है और किसी प्रकार के अवरोध धमनियों मे नहीं हो पाते हैं साथ ही हथेली पर दबाव पड़ता है और एक तरह का एक्यूप्रेशर हो जाता है। इसी प्रकार डांडिया खेलने मे भी लकड़ियों को मजबूती से पकड़ करनी होती है जिससे हथेलियों पर एक्यूप्रेशर होता है जो शरीर को स्वस्थ रखता है।
आज के बदलते दौर मे गरबा का पुरातन स्वरूप भी बदला है किन्तु पारंपरिक गरबा आज के सन्दर्भ में भी प्रासंगिकता रखे हुए हैं। समय के साथ थोड़ा परिवर्तन तो वक्त की मांग होती है किन्तु हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत मे निहित वैज्ञानिक तत्वों को जानकर उसका सम्मान करते हुए उसे मूलरूप मे सहेजना भी समझदारी है।

आकाशवाणी उज्जैन ने रचा विश्व कीर्तिमान

वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड लन्दन में महाकाल सवारी का प्रसारण दर्ज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आकाशवाणी उज्जैन द्वारा 7 सितंबर 2026 को श्री महाकालेश्वर की राजशाही सवारी का निरंतर 8 घंटे सजीव प्रसारण को लन्दन वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। गुरुवार को एक सादे समारोह में श्री महाकालेश्वर राजशाही सवारी के प्रसारण में भागीदारी करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा थे। अपने उद्बोधन में राकेश गुप्ता ने कहा कि मेरी और पुलिस विभाग की ओर से आकाशवाणी उज्जैन के प्रसारण कर्ताओं को बधाई।

आप लोगों ने 8 घंटे तक लाखों की भीड़ के बीच दुष्कर कार्य आकाशवाणी के लिए किया है। आकाशवाणी हमारे जीवन का अंग रही है। उज्जैन आकाशवाणी केंद्र आगे और भी रिकॉर्ड बनाएं ऐसी कामना करता हूं। आकाशवाणी के ब्रह्म प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर राजशाही सवारी का हमने दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक भीड़ में सड़क पर रहकर निरंतर 10 घंटे प्रसारण किया। हमारे प्रसारण को मप्र में आकाशवाणी के 19 केंद्रों ने प्रसारित किया। करोड़ों लोगों ने उज्जैन से दूर रहकर श्रीमहाकालेश्वर की राजशाही सवारी के प्रसारण को सुना। विविध भारती के इंदौर, जबलपुर और भोपाल केंद्रों ने भी इसका सीधा प्रसारण किया।

कार्यक्रम में वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड लन्दन की प्रतिनिधि शुचिता शुक्ला एवं अपूर्वा मेनन ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी इंदौर की उद्घोषक सुधा शर्मा ने किया। आभार आकाशवाणी उज्जैन की कार्यक्रम अधिकारी अनामिका चक्रवर्ती ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्रह्म प्रकाश चतुर्वेदी, अनामिका चक्रवर्ती, सौरभ अवस्थी, अखिलेश बाथम, मुकाम सिंह चौहान, विद्याधर मूले,उदित तिवारी, सुधा शर्मा, पंकज पंडित, मुनेश कुमार ,आनंद पूरंदरे, आशुतोष भगत, मनोज नाहर, द्वारकाधीश चौधरी, शैलेंद्र पाराशर, विजया जैन, गौतम मालवीय, कुबेर मेहरा, महिमा छाबड़ा, मोहित वर्मा, यशवंत बागवान, कृष्णा पंडित, रश्मि बजाज, नीतू जरिया और विनय को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

हिंदुवादी संगठनों ने पकड़ा मसला

1500 रु. में पास बेचकर हो रही थी अवैध कमाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाल ही में हिंदुवादी संगठन ने एक परिसर में गरबा इवेंट के नाम पर रूपए 1500 में पास बेंचने का मामला पकड़ा है। मनोरंजन कर की चोरी के साथ यह अवैध कमाई का जरिया बन गया है। इसे लेकर संबंधित नगर निगम भी उदासीनता के दौर में हैं। नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों से परे होकर इवेंट स्थलों की जांच करने की जहमत भी नहीं उठा रहा है। न तो इवेंट स्थल पर फायर अनुमति देखी गई है और न ही वहां जमा की जा रही भीड़ की क्षमता को भी जांचा जा रहा हैं।

शहर में पिछले 6 दिनों से गरबा आयोजित हो रहा है। इवेंट के नाम पर इसे आयोजित किया जा रहा है। हिंदुवादी संगठनों के दावे को माना जाए तो उनका कहना है कि व्यवसायिक स्तर पर गरबा आयोजन नहीं किया जा सकता है। हिंदु संगठन इसका शुरूआत से ही विरोध कर रहे हैं और प्रशासन ने भी ऐसे किसी व्यवसायिक गरबा आयोजन को अनुमति नहीं दी है।

सामने आया पास, हिंदू जागरण मंच का विरोध- होटल मित्तल में गुरूवार रात पास बेचने का मामला सामने आया था। जानकारी मिलने पर हिंदू जागरण मंच के अर्जुन सिंह भदौरिया के अनुसार वहां पहुंचने पर पास लेकर इंट्री दी जा रही थी। वहां मौजूद एक युवक ने कहा कि मित्तल एवेन्यू में गरबा इवेंट का पास उसने रूपए 1500 में लिया था। भदौरिया ने वहां कार्यकताओं के साथ पहुंचकर इसका विरोध किया और सभी को सामान्य रूप से इंट्री करवाई और अपना विरोध दर्ज करवाया है। श्री भदौरिया के अनुसार पिछले दो माह से वे इसका विरोध कर रहे हैं और पास बेचना फ्राड है। प्रशासन ने पेड इवेंट की ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है। पेड इवेंट वाले कोई भी गरबा उज्जैन में नहीं होगा। हम हिंदु उत्सवों में भेदभाव किसी स्तर पर नहीं चाहते हैं। उनका कहना था कि परमेश्वरी एवं आस्था में भी ऐसा होने की जानकारी मिल रही है वहां जाकर भी देखा जाएगा।

नगर निगम ने एक भी इवेंट स्थल नहीं देखा- गरबा उत्सवों के आयोजन स्थलों पर जाकर नगर निगम ने मनोरंजर कर के साथ ही वहां की इलेक्ट्रीक व्यवस्था के साथ ही फायर अनुमति को लेकर एक भी स्थल पर जाकर जांच नहीं की है। गरबा इवेंट स्थलों पर भी जाकर वहां की क्षमताओं के विरूद्ध एकत्रित किए जा रही संख्या को लेकर भी जांच करने की हिम्मत नहीं जुटाई गई है।

विवेकानंद कॉलोनी में आधी सड़क पर खुला पड़ा ड्रेनेज, हादसों को दे रहा न्यौता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की विवेकानंद कॉलोनी में सड़क के आधे हिस्से पर खुला पड़ा ड्रेनेज राहगीरों के लिए खतरा बन गया है। खुले ड्रेनेज में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से रहवासियों और यहां से गुजरने वाले लोगों को हादसे का डर बना रहता है। सड़क पर आवागमन के दौरान जरा-सी चूक किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

कॉलोनी में खुले पड़े ड्रेनेज के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बड़े हिस्से में खुला ड्रेनेज होने से सुरक्षित रास्ते की जगह सीमित हो गई है। रात के समय या कम रोशनी में यहां से गुजरना और भी जोखिम भरा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं।

हादसों के बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान नहीं - सवाल यह है कि जब खुले ड्रेनेज के कारण लोग घायल हो रहे हैं, तो संबंधित जिम्मेदार विभाग ने अब तक इसे सुरक्षित करने के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए? क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी? सार्वजनिक सड़क पर इस तरह खुला ड्रेनेज छोड़ना नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।



तत्काल सुधार की जरूरत- नगर निगम को मौके का निरीक्षण कर खुले ड्रेनेज को तत्काल ढंकने या सुरक्षित बैरिकेडिंग कराने की जरूरत है। साथ ही, जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक दुर्घटना की आशंका वाले स्थान पर स्पष्ट चेतावनी संकेत और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाने चाहिए। विवेकानंद कॉलोनी के रहवासियों की मांग है कि संबंधित अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लें और जल्द कार्रवाई करें। सड़कें नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही के लिए होती हैं, हादसों का कारण बनने के लिए नहीं।

उठावना

स्व. श्री भागीरथ जी यादव के सुपुत्र व स्व. रामरतन जी यादव, स्व. ताराचंद्र जी यादव के भतीजे, स्व. राम भैया जी यादव, स्व. प्रेमनारायण जी यादव (पूर्व सभापति), मूलचंद जी यादव, प्रकाश जी यादव, स्व. रमेश जी यादव के छोटे भाई, स्व. चंदु जी यादव के बड़े भाई, अजय यादव, चेतन यादव के पूज्य काकाजी व सोनू यादव पहलवान शुभम यादव (लालू) के पूज्य पिताजी



स्व. श्री गोपाल पहलवान जी यादव

का स्वर्गवास दिनांक 15.10.2026, गुरूवार को हो गया है।

जिनका **उठावना** दिनांक 17.10.2026, शनिवार को **शिवांजलि गार्डन**, नीलगंगा चौराहा, उज्जैन पर सायं 04 बजे रखा गया है।

शोकाकुल : किशोर यादव, सत्तु यादव, राजेश यादव, दादू यादव, लीलू यादव, बिजू यादव, मुकेश यादव, डॉ. आनंद यादव, रवि यादव, नानू यादव, आशीष यादव, शेट्टी यादव, यश यादव व ऋषि यादव

आनंदेश्वरी, देवास गेट, उज्जैन एवं समस्त यादव परिवार, उज्जैन

आज का विचार, कल का नवाचार और भविष्य का स्टार्टअप : डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पीएमसीओई शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन में संस्था नवाचार परिषद के तत्वावधान में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर नवाचार दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मक सोच एवं उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संस्था नवाचार परिषद अध्यक्ष तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु सदैव तत्पर डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को नवाचार का अर्थ समझाते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने विचारों को नवाचार में बदलने और उन्हें स्टार्टअप के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. चंद्रकांता तेजवानी, डॉ. हुक्का कटारा, डॉ. रफीक नागौरी, प्रो.राय सिंह सोलंकी, डॉ. मोहित पांचाल, प्रो. धीरज सारोठिया प्रो. करोड़ी सिंह, प्रो. पलक शर्मा, प्रो. अर्णिमा जैन, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

276 युवक-युवतियों का विभिन्न पदों पर हुआ प्रारंभिक चयन

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, इंदौर द्वारा 15 अक्टूबर को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 12 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित साक्षात्कार के माध्यम से कुल 276 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 425 आवेदकों ने पंजीयन कराया, जिनमें 315 युवक एवं 110 युवतियां शामिल थीं।

कलेक्टर सहित अधिकारियों का दल बस से रवाना हुआ

इंदौर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 1शुक्रवार को देपालपुर के बनेड़िया में मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर कार्यालय से अधिकारियों का दल बस से सुबह 8 बजे बनेड़िया के लिए रवाना होकर शिविर स्थल पर पहुंचा और आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना। शिविर में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों से संबंधित आवेदन एवं प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

36 हजार में से सिर्फ 4 हजार ने भरा परीक्षा फॉर्म

भोपाल। मध्य प्रदेश में लंबे समय से अटकी शिक्षकों की पदोन्नति अब दिसंबर के बाद भी होना संभव नजर नहीं आ रही है। स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने स्थिति पूरी तरह साफ कर दी है कि प्रदेश के 32 हजार शिक्षकों की पदोन्नति के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य रहेगा। शासन के नियमानुसार उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रमोशन पाने के लिए टीईटी क्वालिफाई करना ही होगा। हालांकि, इस परीक्षा के लिए अब तक कुल 36 हजार शिक्षकों ने ही फॉर्म भरे हैं, जिनमें से सरकारी स्कूलों के महज 4 हजार शिक्षक शामिल हैं। ऐसे में पूरे 32 हजार पदों पर पदोन्नति होना मुमकिन नहीं दिख रहा है। जबकि आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह पहले ही कह चुके हैं कि टीईटी पास करते ही पात्र शिक्षकों को तुरंत पदोन्नति दे दी जाएगी।

मेट्रो प्रबंधन ने सुरंग के सुरक्षा पैमानों पर दी सफाई



इंदौर। इंदौर में भूमिगत मेट्रो के निर्माण कार्यों का विरोध तेज होता जा रहा है। बंगाली चौराहा से बड़ा गणपति तक होने वाले निर्माण कार्यों के विरोध में इन क्षेत्रों के रहवासी संघ एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। कल शनिवार को सुबह 9.30 बजे रीगल चौराहे पर शहर की कई संस्थाएं भूमिगत मेट्रो के विरोध में प्रदर्शन करेंगी। इन संस्थाओं का कहना है कि मेट्रो के निर्माण के कारण पर्यावरण को बड़े स्तर पर क्षति हो रही है, जिसकी भरपाई असंभव है। वहीं भूमिगत मेट्रो के आसपास के रहवासी क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि इससे उनके मकानों को नुकसान पहुंचेगा। वहीं मेट्रो प्रबंधन ने भूमिगत मेट्रो का काम तेज कर दिया है और निर्माण कार्यों से जुड़े सुरक्षा मुद्दों पर भी जानकारी साझा की है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य के मुताबिक भूमिगत निर्माण के दौरान आमजन और आसपास की संरचनाओं की सुरक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। सुरंग निर्माण क्षेत्र के आसपास लगभग 30 मीटर के दायरे में आने वाले भवनों का भवन स्थिति सर्वेक्षण किया जाता है। इसके साथ ही जमीन और भवनों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के लिए विस्तृत इंस्ट्रूमेंटेशन स्क्रीम तैयार की गई है। इसके अंतर्गत लगाए जाने वाले सेंसर जमीन अथवा भवनों में होने वाले अत्यंत मामूली बदलाव की भी जानकारी विशेषज्ञों को उपलब्ध कराएंगे।

नैनो न्यूज

- **देवास – खेत तालाबों से बढ़ी किसानों की आय-** देवास जिले में खेतों पर बनाए गए तालाबों से किसानों को सिंचाई सुरक्षा मिली है। कई किसान गेहूं, तिलहन, डेयरी और मत्स्य पालन जैसे वैकल्पिक कारोबार से आमदनी बढ़ा रहे हैं।
- **आगर मालवा – आलू प्रसंस्करण उद्योग से उम्मीद-** आगर में प्रस्तावित खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं से आलू उत्पादक किसानों को बाजार उपलब्ध कराने और स्थानीय रोजगार बढ़ाने की उम्मीद है। इससे कृषि आधारित कारोबार को भी प्रोत्साहन मिल सकता है।
- **शाजापुर – मंडियों में कृषि कारोबार तेज-** शाजापुर जिले की मंडियों में 14 अक्टूबर तक सात कारोबारी दिनों में करीब 45 हजार टन कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। इससे मंडी व्यापार और परिवहन गतिविधियों में तेजी बनी हुई है।
- **सुसनेर – सोयाबीन के भाव में बढ़ोतरी-** सुसनेर मंडी में 15 अक्टूबर को सोयाबीन का मॉडल भाव 6,625 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। पिछले उपलब्ध भाव की तुलना में 165 रुपये की बढ़ोतरी से किसानों और व्यापारियों की दिलचस्पी बढ़ी।
- **रतलाम – सोलर सेल उद्योग से निवेश की संभावना-** रतलाम में प्रस्तावित सोलर सेल विनिर्माण संयंत्र से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है।

कान्ह डायवर्सन का कार्य 71 फीसदी हुआ,मई 2027 तक होगा पूर्ण

डायवर्सन योजना के काम में अतिरिक्त मशीनें लगाकर काम करने को कहा

उज्जैन विकास प्राधिकरण की धीमी गति सामने आई, इलेक्ट्रिक कार्य के पहले उपभोक्ताओं को मिलेगी सूचना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

919.14 करोड की प्रशासकीय स्वीकृति की कान्ह डायवर्सन योजना का काम 71 प्रतिशत हो चुका है। मई 2027 तक इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश मेलाअधिकारी सह संभागायुक्त आशीष सिंह ने गुरूवार को दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इसी तरह जिला चिकित्सालय के सामने बन रहे मेडिकल कॉलेज का कार्य भी 68 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मेडिकल कॉलेज की एकेडमिक बिल्डिंग, हॉस्पिटल और हॉस्टल आदि का कार्य जून माह तक पूर्ण करने के लिए कहा है।

गुरूवार को सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण तथा जल संसाधन विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कान्ह डायवर्सन तथा सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी डेम निर्माण और घाट निर्माण कार्य की समीक्षा भी की गई। बैठक में बताया गया कि कान्ह डायवर्सन का 71 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। संभागायुक्त ने अतिरिक्त मशीनें लगाकर इस कार्य को 30 मई तक पूर्ण करने के लिए कहा है।

कान्ह डायवर्सन परियोजना का मुख्य उद्देश्य कान्ह नदी के दूषित जल को शहर में शिप्रा नदी के प्रमुख घाटों एवं तीर्थ स्थलों में मिलने से रोकना है, जिससे शिप्रा नदी का जल पवित्र एवं स्वच्छ बना रहे। परियोजना के अंतर्गत ग्राम जमालपुरा, तहसील उज्जैन में कान्ह नदी पर एक बैराज का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दूषित जल को क्लोज डक्ट के माध्यम से 30.15 किमी की दूरी तय कर गम्भीर बांध के डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा।

ये है कान्ह परियोजना

परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि 919.94 करोड़ रुपए है। इसकी कुल लंबाई 30.15 किमी (कट एंड कवर डक्टः 18.15 किमी + टनलः 12.00 किमी) है। टनल भाग में 4 शाफ्टों का निर्माण पहुंच एवं सफाई-रखरखाव के लिए जाना है। डक्ट का डी-आकार का क्रॉस सेक्शन, अधिकतम 40 क्यूमेक्स दूषित जल की निकासी क्षमता का है। परियोजना को आगामी 25 वर्ष तक की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात आगामी 15 वर्ष तक संचालन एवं संधारण का प्रावधान है।919 करोड़ की लागत से कान्ह-क्लोज डक्ट डायवर्सन परियोजना पर कार्य किया जा रहा है ताकि शिप्रा नदी में दूषित जल न मिल सकें।

यूडीए को गति बढ़ाने के निर्देश

उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सिंहस्थ के प्रमुख कार्यों में चौराहों का विकास, मंगलनाथ मंदिर का विकास, कालभैरव मंदिर का विकास, अंगारेश्वर-सिद्धवट का विकास, अंकपात से खाक चौक तक का चौड़ीकरण, शक्करवासा से छोटी रपट पंचक्रोशी मार्ग, कालिदास अकादमी में डोम शेड का निर्माण तथा शनि मंदिर से जीवनखेड़ी तक की सड़क का निर्माण आदि शामिल हैं। संभागायुक्त ने इन सभी कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए है। बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि जिन सड़कों पर इलेक्ट्रिकल शिफ्टिंग और अन्य अधोसंरचनात्मक कार्य होना है, वहाँ पर सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन लिया जा सकता है, लेकिन शटडाउन से पूर्व संबंधित उपभोक्ताओं को इसकी सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए।

दताना-मताना हवाई पट्टी मामलाः लाइसेंस फीस, रात्रिकालीन पार्किंग शुल्क और रखरखाव बना विवाद का केंद्र

आईएएस अधिकारियों की भूमिका पर फिर उठने लगे सवाल

सरकारी खजाने को नुकसान के आरोप, 2006 में यश एयर लिमिटेड को उपयोग के लिए सौंपी गई थी हवाई पट्टी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन की दताना-मताना हवाई पट्टी से जुड़ा कथित वित्तीय अनियमितता का मामला एक बार फिर चर्चा में है। सरकारी हवाई पट्टी के उपयोग, लाइसेंस फीस की वसूली, विमानों के रात्रिकालीन पार्किंग शुल्क और रखरखाव की जिम्मेदारी को लेकर शुरू हुआ यह विवाद अब वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन की अनुमति के सवाल तक पहुंच चुका है। लोकायुक्त संगठन की जांच में सामने आए आरोपों के अनुसार, निजी विमानन कंपनी से अनुबंध की शर्तों का प्रभावी पालन नहीं कराया गया और सरकारी राजस्व की वसूली में लापरवाही हुई। मामले में वर्ष 2019 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भी एफआईआर निरस्त करने की याचिका पर राहत देने से इनकार करते हुए जांच शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए थे।

अब इस पुराने मामले में अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया को लेकर फिर हलचल होने की खबर सामने आई है। जून 2026 की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकायुक्त के विशेष पुलिस स्थापना ने कुछ वरिष्ठ और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई आगे बढ़ाने को कहा है। इससे मामले की जांच और जवाबदेही का प्रश्न फिर महत्वपूर्ण हो गया है। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया कि निजी कंपनी की ओर से हवाई पट्टी के रखरखाव की अपेक्षित व्यवस्था नहीं की गई, जबकि बाद में इसके उन्नयन और मरम्मत पर सरकारी धन खर्च करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में मरम्मत के लिए लगभग 2.66 करोड़ रुपये की राशि का प्रस्ताव दिए जाने और स्वीकृति मिलने का उल्लेख है। इस पहलू पर भी सवाल उठे कि यदि रखरखाव की जिम्मेदारी अनुबंध के तहत निजी कंपनी की थी, तो सरकारी धन से मरम्मत कराने की जरूरत क्यों पड़ी?

क्या कंपनी से अनुबंध के अनुसार काम

सात साल की अवधि को बढ़ाकर दस वर्ष किया गया

दताना हवाई पट्टी के उपयोग को लेकर मध्यप्रदेश सरकार ने 31 अगस्त 2006 को यश एयर लिमिटेड के साथ अनुबंध किया था। उपलब्ध न्यायिक दस्तावेजों के अनुसार, प्रारंभिक अनुबंध सात वर्ष के लिए था और इसके तहत सालाना 1.50 लाख रुपये लाइसेंस फीस निर्धारित की गई थी। बाद में अक्टूबर 2008 में जारी संशोधन के जरिए अनुबंध की अवधि दस वर्ष मानी गई। समझौते में हवाई पट्टी के रखरखाव, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित शर्तें शामिल थीं। राज्य सरकार की ओर से हवाई पट्टी का उपयोग करने की अनुमति कुछ निर्धारित दायित्वों के साथ दी गई थी। बाद में कंपनी का नाम सेंटॉर एविएशन एकेडमी लिमिटेड होने का भी उल्लेख न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजों में मिलता है।

लाइसेंस फीस और पार्किंग शुल्क की वसूली पर उठे सवाल

इस मामले की शिकायत में आरोप लगाया गया कि कंपनी ने कई वर्षों तक लाइसेंस फीस और अन्य निर्धारित शुल्कों का नियमित भुगतान नहीं किया। कुछ रिपोर्टों में वर्ष 2007 से 2013 तक बकाया राशि का उल्लेख है। वहीं, हवाई पट्टी पर विमानों को रात में खड़ा करने के लिए अलग से शुल्क जमा करने की शर्त भी विवाद का प्रमुख विषय बनी। न्यायालय में प्रस्तुत अनुबंध संबंधी विवरण के अनुसार, रात्रिकालीन पार्किंग शुल्क की दर विमान के वजन के आधार पर प्रति रात 100 रुपये या 200 रुपये निर्धारित थी। इस राशि को सरकारी खाते में जमा कराने और समय पर वसूली सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विमानन विभाग तथा उज्जैन कलेक्टर से संबंधित प्रावधानों में दर्ज थी। लोकायुक्त की जांच का प्रमुख प्रश्न यही रहा कि जब अनुबंध में शुल्क वसूली और रखरखाव की शर्तें स्पष्ट थीं, तो संबंधित अधिकारियों ने समय पर इनका पालन क्यों नहीं कराया? यदि राशि बकाया थी, तो उसकी वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? हालांकि, वास्तविक बकाया राशि और प्रत्येक अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी का निर्धारण जांच तथा संबंधित दस्तावेजों के आधार पर ही किया जा सकता है।

मनीष सिंह की भूमिका को लेकर तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी

इस प्रकरण में आईएएस अधिकारी मनीष सिंह का नाम भी चर्चा में आया है। लेकिन उपलब्ध मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, लोकायुक्त ने वर्ष 2024 में कुछ पूर्व कलेक्टरों के संबंध में अभियोजन की अनुमति मांगने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई थी, जबकि सितंबर 2016 से 2019 के बीच उज्जैन में कलेक्टर रहे संकेत भोंडवे, शशांक मिश्रा और मनीष सिंह को बाद में इस मामले में अभियोजन की कार्रवाई से अलग किए जाने की जानकारी भी प्रकाशित हुई थी। इसलिए यह लिखना कि मनीष सिंह सहित सभी नौ आईएएस अधिकारियों के विरुद्ध वर्तमान में समान स्थिति में मामला चल रहा है, उपलब्ध जानकारी से पूरी तरह पुष्ट नहीं होता। प्रत्येक अधिकारी के संबंध में एफआईआर, जांच निष्कर्ष और अभियोजन स्वीकृति की वर्तमान स्थिति अलग-अलग सत्यापित करना जरूरी है।

2026 में फिर सक्रिय हुई अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया- जून 2026 की रिपोर्टों के अनुसार, लोकायुक्त के विशेष पुलिस स्थापना ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों और कुछ सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए कदम उठाए। बताया गया कि राज्य सरकार से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई करने को कहा गया है।

2019 में दर्ज हुई थी एफआईआर, हाईकोर्ट ने जांच जारी रखने का रास्ता साफ किया

इस मामले में इंदौर निवासी पीयूष जैन और भारत बामने की शिकायत के बाद लोकायुक्त ने प्रारंभिक जांच की थी। इसके बाद 24 नवंबर 2019 को विशेष पुलिस स्थापना ने एफआईआर दर्ज की। इसमें तत्कालीन कलेक्टरों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निजी विमानन कंपनी से जुड़े लोगों सहित 16 व्यक्तियों के नाम शामिल बताए गए। आरोपों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के तहत कार्रवाई की गई तत्कालीन उज्जैन कलेक्टर रहे आईएएस अधिकारी कवींद्र कियावत ने एफआईआर निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सितंबर 2020 में इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों के मत में अंतर सामने आया और मामला आगे की न्यायिक प्रक्रिया में गया। बाद की रिपोर्टों के अनुसार, अक्टूबर 2020 में हाईकोर्ट ने एफआईआर निरस्त करने की मांग स्वीकार नहीं की तथा लोकायुक्त को जांच शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि एफआईआर दर्ज होना या उसे निरस्त करने से इनकार किया जाना किसी अधिकारी को दोषी ठहराए जाने के समान नहीं है। अपराध सिद्ध करने के लिए जांच, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक है।

सवाल केवल बकाया राशि का नहीं, सरकारी व्यवस्था की जवाबदेही का है

दताना-मताना हवाई पट्टी प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरकारी संपत्ति के उपयोग के लिए अनुबंध होने के बावजूद यदि शुल्क वसूली, रखरखाव और शर्तों के पालन में गड़बड़ी हुई, तो इसकी जिम्मेदारी किस स्तर पर तय हुई? क्या संबंधित अधिकारियों ने समय पर बकाया वसूली के प्रयास किए? क्या अनुबंध समाप्त करने या अन्य वैधानिक कदम उठाने के विकल्पों पर विचार किया गया? और यदि सरकारी खजाने को नुकसान हुआ, तो उसकी भरपाई के लिए क्या कार्रवाई की गई? यह मामला प्रशासनिक जवाबदेही की कसौटी भी है। सरकारी संपत्ति निजी संस्था को उपयोग के लिए सौंपना अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन ऐसी व्यवस्था में अनुबंध की शर्तों का पालन कराना और सरकारी राजस्व की रक्षा करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी होती है।

लोकायुक्त के जाल में फंसे मंडी उपनिरीक्षक और आउटसोर्स कर्मी

व्यापारी से मांगी थी 4000 की रिश्वत, मकड़ोन में हुई ट्रेप की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोकायुक्त टीम ने शुक्रवार को माकड़ोन अनाज मंडी में ट्रैप कार्रवाई कर उपनिरीक्षक रोशन आर्य और उसके साथी आउटसोर्स कर्मचारी संतोष भाटी को 4000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। 2 दिन पहले ही व्यापारी ने रिश्वत मांगने की शिकायत लोकायुक्त को दर्ज कराई थी।

लोकायुक्त डीएसपी दीपक शेजवार ने बताया कि ग्राम रूपाखेड़ी निवासी व्यापारी योगेश पिता प्रहलाद राठौर ने 14 अक्टूबर को एसपी लोकायुक्त विनोद कुमार दीक्षित से शिकायत की थी कि वह माकड़ोन मंडी से सोयाबीन खरीदता है। मंडी टैक्स देने के बावजूद उप निरीक्षक रोशन आर्य प्रत्येक बोरी पर 10 रुपये रिश्वत मांगता है और पैसे नहीं देने पर गाड़ी नहीं जाने देने की धमकी देता है। एसपी दीक्षित द्वारा शिकायत का सत्यापन डीएसपी राजेश पाठक द्वारा कराया गया। जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि होते ही ट्रैप की योजना बनाते हुए लोकायुक्त कार्यालय से 10 सदस्यों की टीम मकड़ोन पहुंची। शिकायतकर्ता व्यापारी योगेश राठौर को रिश्वत की राशि 4000 रुपए लेकर उप निरीक्षक के पास भेजा गया। उप निरीक्षक रोशन ने रिश्वत की राशि लेकर अपने आउटसोर्स कर्मचारी संतोष भाटी को दी। इसके बाद लोकायुक्त टीम ने दोनों को अपनी कस्टडी में लिया और रिश्वत की राशि बरामद कर ली। रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ाये है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। रिश्वतखोरों को रंगे हाथ पकड़ने में डीएसपी राजेश पाठक, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, आरक्षक शिवकुमार शर्मा, श्याम शर्मा, इसरार खान, उमेश जाटव सहित 10 सदस्य शामिल थे।

महिला किसानों का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले के कस्तूरबाग्राम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, आत्मा तथा कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महिला कृषक दिवस के अवसर पर महिला किसान सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी ने महिला किसानों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम के तहत किसानों को बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं के अंतर्गत बीज तथा चना एवं सरसों के मिनीकिट भी वितरित किए गए।

मनीषसिंह का आईडीए कार्यकाल 2-3 वर्ष 2014 तक रहा,इसी दौरान 2 एकड जमीन पर होटल का ढांचा खडा किया गया

अधिकारियों की शह में सरकार को एक हजार करोड की जमीन की मात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन



ग्लोबल समिट के नाम पर जो जमीन शासन ने रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए दी थी और इंदौर विकास प्राधिकरण ने सशर्त जिस जमीन को छोडा था उस पर निजी कालोनाईजर कालोनी काट रहा है। जमीन के एक हिस्से पर फाईव स्टार होटल का उद्घाटन उज्जैन के बेटे एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से करवा लिया गया है। इस जमीन में अधिकारियों की मिली भगत से मध्यप्रदेश सरकार को एक हजार करोड से अधिक की मात दी गई है। मामला शिकायत के रूप में लोकायुक्त तक पहुंचा है लेकिन अब तक इस पर प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। इस मामले में सिरे से सरकार का मिडिया प्रबंधन देख रहे प्रदेश के जनसंपर्क आयुक्त की भूमिका और कार्य शैली पर प्रश्न-चिन्ह लग रहा है।

हाल ही में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने ताज विवांता होटल का उद्घाटन सुपर कारिडोर की करीब 52 एकड में से करीब 2 एकड जमीन पर किया है। उन्हें भी नहीं मालूम होगा और न ही होटल मालिक के साथ इसे खरीदने वाले को भी संभव है कि मालूम न हो कि इस जमीन के मसले में अधिकारियों की मिली भगत और शह पर मध्यप्रदेश की सरकार को बडी मात मिली है। करीब एक हजार करोड से अधिक की यह जमीन मूल रूप से इंदौर विकास प्राधिकरण की रही है। आरोप है कि जिस जमीन को बड़े निवेश, मॉल निर्माण और रोजगार सृजन की शर्तों के साथ इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की विकास योजना से मुक्त किया गया था, वहां प्रस्तावित परियोजना अपने मूल स्वरूप में आगे नहीं बढ़ी। इसके बावजूद जमीन के एक हिस्से पर होटल बना, जबकि शेष भूमि पर आवासीय परियोजना की स्वीकृतियों को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस जमीन का संबंध वर्ष 2007 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के दौरान हुए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) से बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि जमीन कुछ निर्धारित शर्तों के आधार पर विकास योजना से मुक्त की गई थी, तो उन शर्तों के पालन की निगरानी किसने की ? परियोजना के मूल स्वरूप में बदलाव हुआ तो संबंधित विभागों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की?

सशर्त जमीन पर ऐसे आवासीय परियोजना बनी

वर्ष 2007 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने इंदौर में ग्लोबल इंवेस्टर्स मिट आयोजित की थी।सोश्यल मिडिया पर इसका खुलासा करते हुए भूवनेश सेंगर ने करते हुए बताया कि इसमें गुड़गांव की जेकेएम प्राइवेट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड और प्रदेश के उद्योग विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने की जानकारी सामने आई है। प्रस्ताव के अनुसार, कंपनी को इंदौर में ह्यबिग मॉलह्ल नामक एक बड़ी व्यावसायिक परियोजना विकसित करनी थी। उपलब्ध कराए गए विवरण के मुताबिक, परियोजना का अनुमानित निवेश लगभग 490 करोड़ रुपये बताया गया था। इसमें करीब 280 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में आने और लगभग चार हजार लोगों को रोजगार मिलने का दावा किया गया था। यह जमीन सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के कुमेड़ी गांव की करीब 51 एकड़ जमीन है। यह जमीन इंदौर विकास प्राधिकरण आईडीए की विकास योजना क्रमांक 169-ए के तहत अधिग्रहण की प्रक्रिया से जुड़ी थी। बताया जाता है कि प्रस्तावित निवेश और रोजगार सृजन का हवाला देते हुए इस जमीन को विकास योजना से सशर्त मुक्त करने का निर्णय लिया गया। अक्टूबर 2010 में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सतीश पेंडारकर ने कंपनी के कर्ताधर्ता अभिषेक मोदी को पत्र लिखकर परियोजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने का मुद्दा उठाया था। बताया जाता है कि पत्र में एमओयू निरस्त करने की संभावना पर भी सवाल किया गया था। इसके बाद यहां पर एक होटल का ढांचा खडा कर दिया गया। जिसे कुछ वर्षों बाद विज्ञापन निकाल कर बेच दिया गया। वर्ष 2023 में इस पूरी जमीन पर एक प्रायवेट कंपनी ने मूल परियोजना के लिए सशर्त उपलब्ध कराई गई जमीन के शेष हिस्से पर ह्यश्रीराम एन्क्लेवह्ल नाम से आवासीय परियोजना विकसित करने की स्वीकृतियां प्राप्त हुईं। प्रस्तुत जानकारी में परियोजना के दूसरे चरण की वर्ष 2023 की रेरा संबंधी प्रविष्टि और नगर निगम के कॉलोनी सेल की विकास अनुमति का उल्लेख किया गया है। इसे नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने स्वीकृत कर दिया । हास्यास्पद तो यह है कि वर्ष 2024 में 26 जून 2024 का एक पत्र विशेष महत्व रखता है। उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी ने जमीन को विकास योजना में पुनः शामिल करने की संभावना पर विचार करने संबंधी पत्र लिखा था। यह पत्र अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। यदि जमीन मूल परियोजना की शर्तों पर उपलब्ध कराई गई थी और उन शर्तों के पालन पर प्रश्नचिह्न था, तो इस स्थिति की समीक्षा पहले क्यों नहीं हुई? वर्ष 2007 से 2024 तक लगभग 17 वर्ष का अंतराल रहा। इस दौरान आईडीए और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की भूमिका क्या रही ?

मनीषसिंह आईडीए सीईओ रहे - 51 एकड जमीन के एक हिस्से पर जिस दौरान आईडीए की शर्तों के विरूद्ध होटल का ढांचा खडा किया जा रहा था उस समय आईडीए के सीईओ मनीषसिंह थे। उनकी सेवा का एक बडा हिस्सा समझा जाए तो इंदौर में व्यतीत हुए है। वे 2009 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। आईएएस बनने से पहले वे राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे। शुरूआत उन्होंने वर्ष 1997 में डिप्टी कलेक्टर के पद से की थी। अपर जिला मजिस्ट्रेट के रूप में वर्ष 2003 से 2005 के दौरान कार्यरत रहे थे। इंदौर विकास प्राधिकरण में साल 2014 तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे। वे इस पद पर लगभग 2 से 3 वर्ष तक रहे, जिसके बाद उनका ट्रांसफर एकेवीएन के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में हुआ था नगर निगम इंदौर कमिश्नर वर्ष 2015 से 2018 तक (जिस दौरान इंदौर को देश में पहली बार स्वच्छता में नंबर 1 स्थान मिला)।जिला कलेक्टर 28 मार्च 2020 से 9 नवंबर 2022 तक लगभग 2 साल 7 महीने रहे।

कब क्या हुआ-2007 में 51 एकड जमीन सशर्त गुड़गांव की जेकेएम प्राइवेट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड को दी गई। 2010 में उद्योग विभाग महाप्रबंधक ने कंपनी को कार्य प्रगति के लिए पत्र लिखा। 2010 से 2014 के बीच 2एकड जमीन पर होटल का ढांचा खडा किया गया। 2019 में होटल के नाम से उसे बेचने का विज्ञापन प्रकाशित किया गया। 2023 में शेष जमीन पर एक कंपनी ने आवासीय परियोजना स्वीकृति ली नगर निगम एवं टी एंड सी से। 2024 में आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी ने जमीन को विकास योजना में पूनः शामिल करने का पत्र लिखा।

न्यूज कालम



करियर मार्गदर्शन गतिविधि में सुधीर सिंह गौर ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

नेपानगर। पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर में करियर मार्गदर्शन गतिविधि के अंतर्गत 16 अक्टूबर को कैरियर मार्गदर्शक सुधीर सिंह गौर उपस्थित हुए। गौर ने बहुत ही रोचक अंदाज में कैरियर व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को परिस्थिति के अनुकूल फैसले लेना, सकारात्मक स्थिति में सजग रहना, अभ्यास से सही घटना से परिचित होना और अनुभव से डर को दूर करना सिखाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में काल्पनिक ख्यालों से बाहर निकलकर वास्तविकता में बेहतर जीने के गुण अपनाना चाहिए। माता-पिता का आदर करते हुए उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का सदुपयोग कर अपनी आगे की राह चुननी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि निकट भविष्य में अपनी पसंद की दिशा कैसे हासिल करें और अपने लक्ष्य तक कैसे पहुंचे। कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों का मनोरंजन करते हुए विषय को सरलता से समझाया। विशेषकर बालिकाओं को सजग करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। कार्यक्रम में एल.एन. लोधी सर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक, युपूल चिपरे, लेगत शाकीर, दिपक श्रीवास्तव कुणाल, छरहा, रजनी राउत, पवार, सुधा आदि उपस्थित रहे।

मां बागेश्वरी माता मंदिर में महाआरती के साथ स्वच्छता का संदेश



सनावद। शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन 14 अक्टूबर को माता चौक स्थित मां बागेश्वरी माता मंदिर में भक्ति के साथ सामाजिक सरोकारों की झलक देखने को मिली। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र मिश्रा ने मंदिर पहुंचकर माता रानी की पूजा-अर्चना की और महाआरती में सहभागिता कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।महाआरती के बाद सीएमओ मिश्रा ने श्रद्धालुओं और नागरिकों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखना केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। घरों से निकलने वाले कचरे को सड़कों पर फेंकने के बजाय निर्धारित कचरा गाड़ी में डालकर स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। लोगों ने घरों का कचरा सड़कों पर नहीं फेंकने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सेजावाड़ा में दसवां शिविर आयोजित



आलीराजपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सेजावाड़ा में दसवें शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की जानकारी दी। इस दौरान विधायक श्रीमती सेना पटेल ने कहा कि शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाना है। बरझर में आयोजित शिविर में भी कई समस्याओं का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखें, क्योंकि समस्या बताने पर ही उसके समाधान की दिशा में कार्रवाई संभव है। पूर्व विधायक श्री माधोसिंह डावर ने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन अपनी समस्याओं के निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करते हुए लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिक शासन से संबंधित विभिन्न कार्यों का निराकरण करा सकते हैं।

दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन

सनावद/अहीरखेड़ा। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल द्वारा आयोजित विभागीय खेल प्रतियोगिताओं में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अहीरखेड़ा के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। सत्र 2026-27 के खेल कैलेंडर के अनुसार आयोजित विभागीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के पांच बालकों का पश्चिम क्षेत्र स्तर पर चयन हुआ। इसके बाद विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र मिजान मुस्तकिम का चयन शालेय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता आगामी दिनों में नरसिंहपुर में आयोजित होगी, जिसमें मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग की टीम स्कूल शिक्षा विभाग की टीम के विरुद्ध खेलेगी। इसी प्रकार कबड्डी की मिनी वर्ग प्रतियोगिता में विद्यालय की पांच बालिकाओं एवं चार बालकों का पश्चिम क्षेत्र कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इनमें विद्यालय की छात्रा दीपा राधेश्याम ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सीधी जिले में आयोजित होगी।

नवरात्रि पर्व पर शहर में माता रानी की आराधना के साथ गरबा उत्सव की धूम

नंद विहार कॉलोनी में 10 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना, पांच वर्षों से जारी है परंपरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

नवरात्रि पर्व पर शहर में माता रानी की आराधना के साथ गरबा उत्सव की धूम है। नंद विहार कॉलोनी में श्री नंद विहार नवदुर्गा महोत्सव समिति द्वारा आयोजित उत्सव में श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में झूम रहे हैं। यहां छोटी कन्याओं से लेकर महिलाओं तक की गरबा प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कॉलोनी में इस वर्ष माता रानी की १० फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। पारंपरिक गरबा धुनों और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु उत्साह के साथ



गरबा कर रहे हैं। छोटी कन्याओं की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ मातृशक्ति की सहभागिता आयोजन को खास बना रही है। प्रतिदिन पूजा-अर्चना और आरती के बाद गरबा किया जा रहा है, जिसमें कॉलोनी के परिवार बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

समिति अध्यक्ष पवन मेहता ने बताया कि नंद विहार कॉलोनी में पिछले पांच वर्षों से लगातार माता रानी की स्थापना की जा रही है। प्रतिवर्ष नवमी पर कन्या भोज और भंडारे का आयोजन होता है। इसके साथ ही कॉलोनीवासी मिलकर दशहरा उत्सव भी मनाते हैं। रावण दहन के बाद सभी एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गले मिलते हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान इस वर्ष बड़े सामूहिक गरबे कार्यक्रम ना होने के कारण शहर के वार्ड एवं मोहल्ला स्तर पर जहां माताजी विराजमान है वहां क्षेत्रवासियों के द्वारा ही मां शक्ति की आराधना के लिए गरबे चल रहे हैं, सर के कई प्रमुख स्थानों पर अलग-अलग रूपों में कलात्मक माता रानी की प्रतिमा के साथ आकर्षक झांकियां अभी सजाई गई है शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी गरबा आयोजन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताजी के दर्शन कर गरबो का आनंद लें रहे हैं, नवरात्रि के चलते जगह-जगह भक्ति, उत्साह और उल्लास का माहौल है।



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मालीगांव स्थित मुख्यालय में ईवीचार्जिंग सुविधाएं लगाई

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 16 अक्टूबर को गुवाहाटी के मालीगांव स्थित मुख्यालय में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग की सुविधा लगाई है। इस सुविधा का उद्घाटन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने एनएफआर मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह पहलसस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यहनई सुविधा चार-पहिया और दो-पहिया दोनों तरह के वाहनों के लिए हैं। इससे कर्मचारियों और आगंतुकों को अपने वाहनों के चार्जिंग की सुविधा मिलेगीऔर साथ ही यह अधिक स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की ओर बढ़ते बदलाव में भी मददगार साबित होगा। इन सुविधाओं में चार-पहिया वाहनों के लिए 60 केडब्ल्यू डीसीफास्ट चार्जर शामिल है, जिसमें दो चार्जिंग गन हैं। इसमें सीसीएस 2 कनेक्टर लगे हैं, जो अलग-अलग कंपनियों और मॉडल की इलेक्ट्रिक कारों को सेवा दे सकते हैं। इस चार्जर से कार को चार्ज होने में लगभग 30 से 40 मिनट का समय लगता है, जिससे चार्जिंग जल्दी हो जाता है।

नेपा में डिजिटल प्रशिक्षण पर जोर, मिशन कर्मयोगी से बढ़ेगी अफसर-कर्मचारियों की कार्यकुशलता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए गुरुवार को प्रशासनिक भवन में मिशन कर्मयोगी के तहत जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसमें एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच पर पंजीकरण, प्रवेश, पाठ्यक्रम चयन, प्रशिक्षण पूरा करने, मूल्यांकन और प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।

इस अवसर पर सीएमडी नरेश सिंह ने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण से अधिकारियों और कर्मचारियों को नया ज्ञान, तकनीकी दक्षता और कार्य-कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। इससे व्यक्तिगत कार्यक्षमता के साथ संस्थान की कार्यप्रणाली, उत्पादकता और प्रगति भी बेहतर होगी। उन्होंने सभी से निरंतर



सीखने और ऑनलाइन प्रशिक्षण संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। निदेशक वित्त पी.जे.एम. डिक्सन ने कहा कि बदलती कार्य-आवश्यकताओं और तकनीकी बदलावों के दौर में ऑनलाइन प्रशिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यावसायिक क्षमता, कार्यदक्षता और जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन में मदद मिलेगी।

आईटी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने कंप्यूटर के माध्यम से प्रशिक्षण मंच पर पंजीकरण और प्रवेश की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने पाठ्यक्रम चुनने, प्रशिक्षण मॉड्यूल पूरा करने, मूल्यांकन में शामिल होने और प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि प्रशिक्षण मंच केंद्र सरकार के मिशन कर्मयोगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें प्रशासन, वित्त, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कार्यालय प्रबंधन, नेतृत्व, व्यवहार कौशल और जनसेवा सहित कई विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार, मंच पर 5600 से अधिक पाठ्यक्रम और 6953 घंटे की अध्ययन सामग्री 23 भाषाओं में उपलब्ध थी। सरकारी जानकारी में 200 से अधिक प्रशिक्षण प्रदाताओं का भी उल्लेख किया गया है।



कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र, बालिका छात्रावास व स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने छोटी मालपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र तथा सेजावाड़ा स्थित बालिका छात्रावास एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की स्वयं जांच की। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर आवश्यक प्रविष्टियां समय पर करने, भोजन रजिस्टर संधारित रखने तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं, हीमोग्लोबिन की कमी से ग्रस्त महिलाओं और कम वजन वाले बच्चों का नियमित फॉलोअप करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकताओं को आवश्यक प्रशिक्षण देने, केंद्र की मरम्मत कराने, पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शौचालय को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए। बच्चों द्वारा कविता सुनाने पर कलेक्टर ने उन्हें उपहार देकर प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सेजावाड़ा स्थित बालिका छात्रावास एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पेयजल और विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के लिए वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने एवं पत्राचार करने को कहा।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

बड़वानी । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़वानी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को कानून उनके अधिकारों तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को विधिक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों तथा पॉक्सो अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वक्ताओं ने प्रशिक्षणार्थियों को कानून के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों को समझने तथा किसी भी प्रकार के अपराध या अन्याय की स्थिति में उचित कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य श्रीमती शीला चौहान उपस्थित रहीं।



पोदनपुरम में बाहुबली मंडल विधान की आराधना, भक्तों ने समर्पित किए अर्घ्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

श्री क्षेत्र पोदनपुरम में जारी नव दिवसीय नवरात्रि विधान के अंतर्गत शुक्रवार को भगवान बाहुबली मंडल विधान रचाया गया। धार्मिक अनुष्ठान में समाजजनों ने श्रद्धा के साथ अर्घ्य समर्पित कर पुण्य लाभ लिया। सन्मति जैन काका ने बताया कि आश्विन सुदी छठ के अवसर पर प्रातः श्रीजी के पंचामृत अभिषेक और वृहद शांतिधारा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा रचित बाहुबली मंडल विधान संपन्न हुआ। विधान में क्रमशः 8, 16, 24 और 108 अर्घ्य समर्पित किए गए। विधान करने का सौभाग्य सनावद के श्रीमती भानु बाई कमलचंद जटाले परिवार को प्राप्त हुआ।

ट्रस्टी वारिश जैन ने बताया कि भगवान बाहुबली का विधान अहंकार त्यागने, क्षमा भाव अपनाने और विपरीत परिस्थितियों में भी संयम व तपस्या के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इसका मूल संदेश आत्मकल्याण के माध्यम से आत्मा को परमात्मा स्वरूप बनाने की भावना है। इस अवसर पर संयम जटाले, प्रीति श्रीकांत जटाले, भानु बाई कमलचंद जटाले, स्मिता सुदेश जटाले, अचिंत्य जैन, लविश पाटनी, प्रत्यूष जैन, सुलेखा जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



सामाजिक संस्था सखी सहेली ग्रुप ने हर्षोल्लास से मनाया गरबोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

नवदुर्गोत्सव पर्व पर सामाजिक संस्था सखी-सहेली ग्रुप द्वारा रंगारंग गरबा नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष सीमा जैन के मार्गदर्शन में गरबा उत्सव,नृत्य नाटिकाओं, विभिन्न प्रतियोगिताओं और भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप की सदस्य सोनाली राठौर ने बताया कि सखियों ने सभी कार्यक्रमों में उत्सापूर्वक हिस्सा लिया और गरबा, गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। सभी महिलाओं ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया और पारंपरिक गरबा के माध्यम से नवरात्रि की खुशियां मनाईं।प्रतियोगिताओं की विजेता सखियों को लायंस क्लब की जीएमटी कॉर्डिनेटर अनिता जैन,लायंस क्लब सनावद की अध्यक्ष हेमलता रांका,ला.आरती पाटील,ला.रेणुका गुप्ता एवं ला.मनीषा महाजन ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रमों के आयोजन में सरला पंडित,सोनाली राठौर, अंजली शर्मा, मनीष शर्मा, अनिता राठौर,कृष्णा माहेश्वरी,मीनाक्षी मोरान्या,जयश्री बिरला,राधिका परवाल,शोभा दुजारी,प्रभा राठौर, प्रीति जैन,ममता मूंदड़ा,मंदा माहेश्वरी,उमा उपाध्याय,अनु शर्मा,साधना माहेश्वरी,सुषमा त्रिवेदी,राधा पंडित संगीता पुरोहित, रेखा जाखेटिया, शकुंतला पंडित, संध्या बजाज, जया बजाज, मनोरमा साद,उषा पारीक, भारती परिहार, राजश्री शर्मा, रीना परवाल, कीर्ति साक्षी, लाड़की बाई,शिखा सातले,साक्षी सातले और उषा मूंदड़ा का सहयोग सराहनीय रहा।

पीएमश्री हाई स्कूल बड़वानी में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

शासकीय पीएमश्री हाई स्कूल बड़वानी में विद्यार्थियों को कानून, यातायात नियमों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला न्यायाधीश श्री कपिल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधिक साक्षरता अधिकारी श्री रोबिन दयाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक साक्षरता अधिकारी श्री रोबिन दयाल ने दैनिक जीवन में काम आने वाले विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने सरल उदाहरणों और कहानियों के माध्यम से छात्रों को वाहन पंजीयन ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता तथा सड़क दुर्घटना की स्थिति में बीमा के महत्व को विस्तार से समझाया। कानून निर्माण, साइबर सुरक्षा एवं किशोरावस्था से जुड़ी विधिक जानकारियां मुख्य अतिथि अपर जिला न्यायाधीश माननीय श्री कपिल वर्मा ने विद्यार्थियों को अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में बताया कि देश में कानून का निर्माण किस प्रकार होता है। उन्होंने मोटर वाहन अधिनियम के साथ-साथ टीनएजर्स के लिए जरूरी कानूनी अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी। वर्तमान डिजिटल युग को ध्यान में रखते हुए माननीय न्यायाधीश ने छात्रों को सतर्क करते हुए कहा, मोबाइल, मोबाइल ऐप्स और मैसेज शेयरिंग में अत्यधिक सावधानी बरतें।

डिजिटल मंचों का सही और सुरक्षित उपयोग ही आपको कई विधिक समस्याओं से बचा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने किशोर न्यायालय और उसकी न्याय प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आगामी समय में विद्यालय में आरक्षण संबंधी नियमों एवं कानूनों पर विशेष सत्र आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

खरगोन-बड़वानी सांसद पटेल ने फीता काटकर पुलिस जिम का किया शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

बड़वानी पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक उत्कृष्ट पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में डीआरपी लाइन स्थित पुलिस जिम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर तैयार किया गया है। 16 अक्टूबर को खरगोन-बड़वानी क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्र पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर पुलिस जिम का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित जनसमूह एवं पुलिस जवानों को



संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री गजेंद्र पटेल ने कहा, च्शरीर को स्वस्थ, ऊजार्वान एवं मजबूत रखने के लिए नियमित व्यायाम और जिम अत्यंत आवश्यक है। पुलिस कर्मियों का जीवन चुनौतियों से भरा होता है, ऐसे में बड़वानी पुलिस प्रशासन द्वारा जिम का निर्माण कर जवानों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शारीरिक सुगठन के लिए यह सराहनीय कदम उठाया गया है। यह जिम हमारे जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिमाला प्रसाद ने कहा, च्पुलिस बल के लिए शारीरिक फिटनेस सबसे पहली प्राथमिकता है। पुलिस ग्राउंड के समीप इस जिम के शुरू होने से जवानों को अभ्यास और एक्सर साइज करने में काफी सुलभता होगी।

अभाविप के तेजस्विनी युवती सम्मेलन में दिया संस्कार, संस्कृति का संदेश

खरगोन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को पीजी कॉलेज सभागार में तेजस्विनी युवती सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्कार से सामर्थ्य, संस्कृति से शक्ति के संदेश को लेकर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि धर्म जागरण विभाग प्रांत सह-संयोजिका भारती मालवीय रही। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नेहा गुप्ता ने की।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन कार्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा इस सम्मेलन का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने



महिला सशक्तीकरण, आत्म निर्भरता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि भारती दीदी ने पंच परिवर्तन विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, स्वबोध, सामाजिक समरसता, पर्यावरण जागरूकता और नागरिक कर्तव्य जैसे पंच परिवर्तन के विषयों पर संवाद करते हुए इन्हें अपनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा यह पंच परिवर्तन के कार्यों की शुरूआत हमें अपने घर से करनी होगी, तभी समाज के बीच जाकर बदलाव लाया जा सकता है। संचालन ऋद्धि राठौर ने किया। आभार पलक भालसे नगर मंत्री ने माना। खुशबू चौधरी, सीमा पाटीदार, शिवानी सोनल एवं सोनम, मनीषा का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें युवतियों ने कला-कौशल और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

न्यूज -कॉलम

चैकिंग में पकड़ाये युवक के पास मिला मादक पदार्थ

उज्जैन। चैकिंग पर निकली पुलिस ने गुरूवार-शुक्रवार रात जंगली पीर दरगाह लालपुल के पास से युवक को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 19 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि ड्रग्स के साथ पकड़ाया युवक अजान उर्फ अजहान पिता शादाब खान 19 साल पीलू की मस्जिद के पीछे नई सड़क का रहने वाला है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। उसके पास से मिली ड्रग्स 1 लाख 90 हजार कीमत की है। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेशकर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, डराने-धमकाने के 4 मामले दर्ज है।

चक्कर खाकर गिरे मृत मजदूर की हुई पहचान

उज्जैन। कृषि उपजमंडी के पीछे धर्मशाला में मजदूरी के लिये आया मजदूर गुरूवार को अचानक चक्कर आने के बाद गिर गया था। अस्पताल लाने पर उसकी मौत हो गई थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया था। मजदूर की जानकारी जुटाने पर पता चला था कि उसे मजदूरी के लिये सराय से लाया गया था। किसी को उसका नाम-पता मालूम नहीं है। पुलिस ने पहचान के लिये मृतक का सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट किया और आसपास के थाना पुलिस से जानकारी मांगी। देर रात पता चला कि मृतक पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम पदमाखेड़ी का रहने वाला शंकर पिता भंवरलाल है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शुक्रवार सुबह भाई राजेश गुर्जर उज्जैन पहुंचा और पहचान की। परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि रोज मजदूरी के लिये उज्जैन आता था। शंकर दो बच्चों का पिता था। आशंका जताई गई कि उसे हार्ट अटैक हुआ था। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा।

रेलवे स्टेशन से लापता हुई 60 साल की वृद्धा

उज्जैन। राजीव रत्न कालोनी नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाली 60 वर्षीय शीला पति बुद्धीप्रसाद रेलवे में सफाईकर्मी थी। 10 अक्टूबर को वह ड्युटी पर जाने के लिये घर से निकली थी। शाम को घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की। 5 दिनों तक कुछ पता नहीं चलने पर बहू रानी ने जीआरपी पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। शुक्रवार शाम तक वृद्धा का कुछ पता नहीं चल पाया था।

साइबर ठगों के निशाने पर उज्जैन जिले के लोग

उज्जैन। ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देने वाले ठगों ने उज्जैन जिले को अपने निशाने पर ले लिया है। हर दिन हजारों-लाखों की धोखाधड़ी होना सामने आ रहा है। अब बिरलाग्राम पुलिस ने सुनील पिता रामकुमार केवट निवासी वर्धमान कालोनी के साथ नेटबैंकिंग के माध्यम से हुई 32 हजार की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। यहीं नहीं बड़नगर पुलिस ने शुभम पिता पवन कोहली निवासी विक्रमपथ के साथ 42 हजार और ग्राम सतवास में रहने वाले जितेन्द्र पिता मदनलाल के साथ 82 हजार की ऑनलाइन धोखाधड़ी का प्रकरण अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ दर्ज किया है। जीवाजीगंज पुलिस ने पीपलीनाका पर रहने वाले रामसिंह पिता सुरेशसिंह पंवार के साथ यूपीआई के माध्यम से हुई धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पिछले 4-5 दिनों में माधवनगर, चिमनगंज, खाराकुआ, खाचरौद थाना पुलिस 10 से अधिक मामले दर्ज कर चुकी है। इससे पहले भी जिले की कई थाना पुलिस ने हजारों-लाखों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले दर्ज किये है। जिस तरह से उज्जैन जिले में साइबर फ्रॉड होना सामने आ रहा है, उससे लगने लगा है कि ठगों उज्जैन को अपना ठिकाना बना लिया है।

आगर रोड मिली लापता हुई 15 साल की बालिका

उज्जैन। नागझिरी थाना क्षेत्र के प्रीति परिसर में रहने वाले परिवार ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 15 साल की बेटी अचानक घर से लापता हो गई है। वह कपड़ों का बेग लेकर निकली है। उसके लापता होने के दौरान वह घर पर अकेली थी, मां छोटी बेटी को डांस क्लास छोड़ने गई थी। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने पर तत्काल तलाश शुरू की गई और कैमरों के फुटेज देखे गये। बालिका आगररोड इंदिरानगर की ओर जाती दिखाई दी। परिजनों से क्षेत्र के संबंध में रिश्तेदारों की जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि इंदिरानगर में बालिका की दादी रहती है। वहां पहुंचने पर बालिका सुरक्षित मिल गई। पूछताछ करने पर सामने आया कि मम्मी के डांटने पर वह बेग लेकर दादी के यहां आ गई थी। बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

दिन	227-1		468-8
मेन बाजार	159-5		246-2
कल्याण नाइट	166-3		138-2
मिलन डे	470-1		447-5
मिलन नाइट	235-0		490-3
मधुर डे	136-0		357-5
मधुर नाइट	145-0		890-7
शुभांक	5	4	2

उज्जैन पीडब्ल्यूडी में सरकारी बंगलों के आवंटन पर सवाल निजी मकान होने के बावजूद अधिकारियों को सरकारी आवास!

रिनोवेशन के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने की तैयारी, मुख्य अभियंता कार्यालय की कार्यप्रणाली जांच के घेरे में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग (PWD) के मुख्य अभियंता कार्यालय में सरकारी बंगलों के आवंटन और उनके रखरखाव पर होने वाले खर्च को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप हैं कि उज्जैन में निजी मकान होने के बावजूद कई अधिकारी-कर्मचारी सरकारी बंगलों का लाभ ले रहे हैं। कुछ अधिकारियों के पास कथित तौर पर एक से अधिक निजी मकान हैं, इसके बावजूद उन्हें सरकारी आवास आवंटित किए गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि सरकारी आवासों के आवंटन में पात्रता के नियमों का पालन किया जा रहा है या फिर नियमों को दरकिनार कर चुनिंदा अधिकारियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है?

विभागीय आवासों के आवंटन की प्रक्रिया मुख्य अभियंता कार्यालय से संचालित होने के कारण इस पूरे मामले में कार्यालय की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। यदि आवंटन से संबंधित दस्तावेजों, अधिकारियों की पात्रता, निजी संपत्तियों की जानकारी और आवासों पर किए गए खर्च की निष्पक्ष जांच हो, तो कई मामलों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

निजी बंगले किराए पर, सरकारी आवास में रहने की व्यवस्था!

मामले में आरोप है कि कुछ अधिकारियों ने उज्जैन में अपने निजी मकान किराए पर दे रखे हैं, जबकि स्वयं सरकारी बंगलों में रह रहे हैं। लोक निर्माण विभाग भवन एवं पथ से जुड़े एक अधिकारी के पास निर्माण नगर क्षेत्र में आलीशान निजी बंगला होने और उसे किराए पर देने की बात सामने आई है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी को सरकारी आवास आवंटित किए जाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसी तरह, एक महिला अधिकारी के पास कथित तौर पर तीन निजी मकान होने के बावजूद सरकारी आवास का लाभ लेने का आरोप है। हालांकि, इन मामलों में संबंधित अधिकारियों की संपत्ति, आवंटन आदेश और वास्तविक पात्रता की आधिकारिक पुष्टि होना आवश्यक है। यदि निजी संपत्ति होने के बावजूद नियमों के विपरीत सरकारी आवास आवंटित किए गए हैं, तो यह जांच का विषय है। सरकारी आवास सीमित संख्या में उपलब्ध होते हैं और उनका उद्देश्य पात्र शासकीय सेवकों को नियमानुसार आवास सुविधा उपलब्ध कराना है। ऐसे में अपात्र व्यक्तियों के कब्जे में आवास बने रहने से अन्य पात्र कर्मचारियों के अवसर प्रभावित हो सकते हैं।

बंगला आवंटित करने के बाद रिनोवेशन पर लाखों का खर्च क्यों?

इस मामले का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू सरकारी बंगलों के रिनोवेशन पर होने वाला खर्च है। आरोप है कि हाल ही में एक प्रभारी कार्यपालन यंत्री, जो उपयंत्री स्तर के पद से संबंधित बताए जा रहे हैं, को सरकारी बंगला आवंटित किया गया। इसके बाद उक्त बंगले के नवीनीकरण के नाम पर लाखों रुपये की राशि स्वीकृत कराए जाने का मामला सामने आया है।

सवाल यह है कि बंगले की वास्तविक स्थिति क्या थी? क्या उसमें तत्काल मरम्मत की आवश्यकता थी? रिनोवेशन के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई, उसका तकनीकी आकलन किसने किया और कार्य की गुणवत्ता एवं भुगतान की जांच किस स्तर पर हुई?

सरकारी भवनों की आवश्यक मरम्मत कराना गलत नहीं है, लेकिन यदि आवास आवंटन के बाद बिना पर्याप्त आवश्यकता या उचित आकलन के भारी राशि खर्च की जाती है, तो इसकी जांच जरूरी हो जाती है। स्वीकृत राशि, तकनीकी स्वीकृति, कार्यादेश, बिलों और मौके पर हुए निर्माण कार्य का मिलान कराए जाने से ही खर्च की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।



जांच हो तो सामने आ सकती है पूरी तस्वीर

लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में आवंटित सभी सरकारी बंगलों की सूची सार्वजनिक कर उनकी पात्रता की समीक्षा कराई जानी चाहिए। जांच में यह देखा जाना चाहिए कि किस अधिकारी को कब और किन शर्तों पर बंगला आवंटित किया गया, क्या निर्धारित प्रक्रिया का पालन हुआ, संबंधित अधिकारी के परिवार के नाम पर उसी शहर में निजी आवास है या नहीं तथा रिनोवेशन पर कितनी राशि खर्च की गई।

साथ ही, जिन अधिकारियों के पास निजी बंगले होने के बावजूद सरकारी आवास होने के आरोप हैं, उनके मामलों की दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि कोई अधिकारी अपात्र पाया जाता है या सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार आवास खाली कराने, वसूली और विभागीय कार्रवाई पर निर्णय लिया जाना चाहिए। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकारी आवासों के आवंटन और रिनोवेशन पर खर्च होने वाली राशि की जांच कौन करेगा? क्या मुख्य अभियंता कार्यालय स्वयं सभी आवंटनों की समीक्षा करेगा या शासन स्तर से स्वतंत्र जांच कराई जाएगी? सरकारी संपत्ति और जनता के धन से जुड़े इस मामले में पारदर्शिता जरूरी है, ताकि पात्र कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित रहें और नियमों का उल्लंघन होने पर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो सके।

आवास आवंटन के नियमों का पालन हुआ या नहीं?

शासकीय आवासों का आवंटन संबंधित विभाग के लागू नियमों, निर्धारित पात्रता, आवास की श्रेणी और उपलब्धता के आधार पर किया जाना चाहिए। स्थानांतरण अथवा सेवानिवृत्ति के बाद आवास रखने की अवधि, निर्धारित किराया और अनधिकृत कब्जे पर कार्रवाई जैसे विषय भी लागू नियमों के अनुसार तय होते हैं। हालांकि, निजी मकान होने मात्र से प्रत्येक स्थिति में सरकारी आवास का आवंटन स्वत: अवैध नहीं माना जा सकता। इसके लिए संबंधित आवंटन नियमों, अधिकारी की श्रेणी, पदस्थापना, संपत्ति संबंधी घोषणा और सक्षम अधिकारी के आदेशों की जांच जरूरी है। इसी आधार पर यह तय किया जा सकता है कि किसी अधिकारी को आवास आवंटित करना नियमसम्मत था या नहीं।

बाइक सवार को बचाने में खाई में गिरी यात्री बस

घटना में 2 युवकों की हुई मौत, 8 से 9 लोग को आई मामूली चोंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राघवी थाना क्षेत्र के तराना-माकडोन फंटा पर शुक्रवार शाम बाइक सवार को बचाने में यात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। घटनाक्रम में मौके से गुजर रहे बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। कुछ यात्री घायल हुये है, जिन्हे मामूली चोंट लगी थी।

आगर से शर्मा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 70 पी 0161 यात्रियों को लेकर उज्जैन आ रही थी। राघवी थाना क्षेत्र के तराना-माकडोन फंटा के मोड़ पर अचानक एक बाइक सवार बस के सामने आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में बस पास खाई में जा गिरी। घटनाक्रम के दौरान रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार 2 युवक बस की चपेट में आ गये। दोनों की मौके पर मौत हो गई। यात्रियों से भरी बस खाई में गिरती देख आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस भी पहुंची। मृतक युवकों को तत्काल महिदपुर



शासकीय अस्पताल रवाना किया। वहीं बस में सवार कुछ यात्रियों को चोंट लगी थी, जिन्हे समीप के स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। मामूली चोंट होने पर करीब 7 से 8 महिला-पुरूष यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं अन्य यात्रियों को दूसरी बसों के माध्यम से उनके गतंव्य के लिये रवाना किया गया। बस को क्रेन की मदद से खाई से बाहर निकाला गया है। राघवी पुलिस के अनुसार हादसे का शिकार हुये मृतक युवकों की पहचान करने पर उनके नाम मोहन पिता मांगीलाल और महेश पिता बापूजी निवासी इंगोरिया के पास ब्राह्मण बडोदिया होना सामने आये। परिजनों के आने पर रिश्तेदार होना सामने आये और ग्राम टुकराल जा रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों का शनिवार सुबह महिदपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

इधर अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

शुक्रवार शाम 5 बजे के लगभग बड़नगर मार्ग ग्राम चंदूखेड़ी में रहने वाले अमित पिता अशोक जयसवाल को पैदल घर लौटते समय घर से कुछ दूरी पर तेजगति से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल होने पर उसे परिवार के लोग गांव वालों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। अज्ञात वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक का शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

साड़ी का फंदा बनाकर युवती ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माता-पिता के बाजार जाने के बाद युवती ने मां की साड़ी का फंदा बनाया और फांसी लगा ली। माता-पिता के लौटने पर घटनाक्रम सामने आया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि अम्बर कालोनी में रहने वाली तनिषा पिता दशरथ बागरी 18 साल के फांसी लगाने की सूचना अस्पताल से मिली थी। परिवार उसके फंदे से उतारकर ले गये थे। पुलिस घटनास्थल पहुंची, विवेचना के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। घटनास्थल को सील कर परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि पिता अंजीर बेचने का काम करते है। शाम को वह पत्नी के साथ बाजार गये थे। घर पर तनीषा अकेली थी। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। पिता का कहना था कि बेटी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह घर पर रहती थी और छोटी-छोटी बात पर गुस्सा हो जाती थी। वह शाम को 2 दिन बाद नवरात्री की अष्टमी होने पूजा का सामान खरीदने बाजार गये थे। बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया पता नहीं है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद मामले में जांच शुरू की जायेगी।

घर से निकली महिला ने कुंए में लगाई छलांग

सालभर से थी मायके में, पुलिस ने निकाला शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

घर से निकली महिला ने घर के पास बने कुएं में छलांग लगा दी। जब वह कुछ देर तक घर नहीं लौटी तो परिजन तलाश में निकले। कुएं के पास चप्पल दिखाई देने पर कुएं में देखा तो उसकी लाश पड़ी दिखाई दी। पुलिस ने शव बाहर निकालकर मामले की जांच शुरू की है।

पंवासा क्षेत्र के पंचकुआ में रहने वाली रानी पति विनोद 27 साल गुरूवार शाम घर से निकली थी। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिवार को लगा के समीप के मंदिर गई हो गई। लेकिन अंधेरा ढलने के बाद भी घर नहीं आई तो भाई आकाश उसकी तलाश में निकला। मंदिर के समीप कुएं के पास उसकी चप्पल



फाईल फोटो

दिखाई दी। उसने अंदर देखा तो बहन रानी डूबी दिखाई दी। उसने परिवार को बुलाया और आसपास के लोगों को आवाज लगाई। महिला के कुएं में गिरने की सूचना मिलने पर पंवासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रात में उसका शव बाहर निकाला गया। एएसआई सावित्री कटारा ने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि पांच साल पहले इंदौररोड स्थित ग्राम धतुरिया में शादी हुई थी। लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते सालभर से मायके में रही थी। रानी ने पति के खिलाफ पारिवारिक न्यायालय में केस भी लगा रखा था। एएसआई कटारे के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप जांच शुरू की गई है।

भाई ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप

पोस्टमार्टम के दौरान भाई आकाश ने आरोप लगाते हुये बताया कि रानी के साथ ससुराल में काफी कुछ गलत हुआ था। पति के रिश्तेदार ने गलत काम किया था। लेकिन ससुराल वालों ने समझौता कर दर्ज कराई गई शिकायत वापस ले ली थी। बहन को घर से निकाल दिया था। मामले में पंवासा थाना प्रभारी गरमसिंह मंडलोई ने बताया कि पूर्व में महिला के साथ हुई घटना की शिकायत सांवेर थाने में दर्ज होना सामने आया है। लेकिन उसमें समझौता हो गया। परिजनों के बयान दर्ज करने पर ही आत्महत्या का कारण सामने आ पायेगा।

थाना प्रभारी ने टीम के साथ किया रेस्क्यू...

मकान में लगी थी आग, ऊपरी मंजिल था परिवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागदा में हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात डेढ़ बजे थाना प्रभारी ने टीम के साथ आग की लपटों से घिरे मकान की ऊपरी मंजिल पर फंसे परिवार का रेस्क्यू कर तीन सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया।

बताया जा रहा है कि रात में नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी टीम के साथ हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी दौरान कुछ लोगों ने बताया कि कारतूस ढाबे के पास एक मकान में भीषण आग लगी है। ऊपरी मंजिल से बचाव-बचाव की आवाज आ रही है। थाना प्रभारी पेट्रोलिंग टीम के साथ ढाबे के पास पहुंचे। 2 मंजिला मकान का ग्राउंड फ्लोअर पूरी तरह से आग में घिर हुआ था। हाईवे पर फायर बिग्रेड आने में समय लगता। इससे पहले थाना प्रभारी ने टीम के साथ परिवार के 3 सदस्यों को बचाने के लिये रेस्क्यू की शुरूआत की और कुछ लोगों को बुलाकर नीचे सुरक्षित घेरा बनाया।

तीनों सदस्यों को करीब 15 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाने के लिये कहा। कुछ देर में एक-एक कर तीनों को सुरक्षित आग के बीच से बाहर निकाल लिया। थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि सुरक्षित बचाये गये परिवार में पदमसिंह उनकी पत्नी नेहाकुंवर और पुत्र युजीत सिंह थे। परिवार ऑयल-ग्रीस का कारोबार करता है। मकान के नीचे ऑयल की 140 बाल्टी रखी थी। आग शार्ट सार्किट से लगी थी, जिसके चलते ऑयल के साथ ग्रीस के बाल्टियां पूरी तरह स्वाहा हो गई थी।

मालीपुरा में रंगदारी करने वाले आरोपियों का निकाला जुलूस

फ्लावर डेकोरेशन करने वाले भाईयों से मांग थे 2 लाख

उज्जैन। मालीपुरा लक्ष्मीबाई मार्ग पर फ्लावर डेकोरेशन का काम करने वाले 2 भाईयों से 2 लाख की मांग करने वाले एक नाबालिग सहित 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों का शुक्रवार को क्षेत्र में जुलूस निकाला गया।



कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर को सात-आठ बदमाशों ने फ्लावर डेकोरेशन करने वाले 2 भाईयो अजय पटेल और अभिषेक पटेल का रास्ता रोककर 2 लाख रूपये मांगे थे। भाईयों ने मना किया तो बदमाशों ने फायरिंग की थी और जानलेवा हमला करते हुये हत्या की धमकी देकर भाग निकले थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। मामले में अजय पटेल की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया था। शुक्रवार को रंगदारी करने के साथ जानलेवा हमला करने वालों में शामिल बदमाशों में शामिल फरहान पिता सलीम अहमद 22 वर्ष, निवासी कोर्ट मोहल्ला, तोफिक पिता रफीक खान 25 वर्ष निवासी पुरानी मस्जिद के पास गांधीनगर, अयान पिता इलियास खान 20 वर्ष गांधीनगर, नदीम पिता मोहम्मद इकबाल कुरैशी 18 वर्ष अमरपुरा, नारायण उर्फ आला पिता ख्याली बाथम 20 वर्ष दुर्गा कॉलोनी, अयान पिता मोहम्मद सईद19 वर्ष निवासी गली नंबर 3 गांधीनगर के साथ एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनका क्षेत्र में जुलूस भी निकाला गया। पुलिस के अनुसार नाबालिग के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। शेष 6 आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली और जानलेवा हमले के मामला दर्ज है। सभी आरोपी अपराधि प्रवृति के है। जिनके खिलाफ पूर्व में कई अपराध दर्ज है। पूछताछ कर फायरिंग में प्रयुक्त हथियार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञानी के असली गुण



ज्ञानी एवं अज्ञानी, दोनों में देहात्मबुद्धि और संवेदना समान रूप से होती हैं, फर्क केवल इतना है कि अज्ञानी सिर्फ शरीर को आत्मा मानता है, जबकि ज्ञानी जानता है कि सब कुछ आत्मरूप है, अर्थात यह सब ब्रह्म है। यदि पीड़ा है तो रहे, वह भी आत्मा का भाग है और आत्मा पूर्ण है।

देहात्मबुद्धि से परे होने पर मनुष्य ज्ञानी बनता है। देहात्मभाव के बिना कर्तृत्व तथा... कर्म नहीं रह सकते। इसलिए ज्ञानी के लिए कर्म नहीं है, अर्थात वह कर्म नहीं करता। यह उसका अनुभव है, अन्यथा वह ज्ञानी नहीं है। अज्ञानी ज्ञानी को देह के साथ एकरूप मानता है, जबकि ज्ञानी ऐसी गलती नहीं करता। यद्यपि जीने और कर्म करने के लिए मन आवश्यक है, पर धर्मग्रंथों में दिए गए अनेक उदाहरणों से हम समझ सकते हैं कि ज्ञानी किस प्रकार मन के बिना जीता और कर्म करता है। घड़ा बन जाने के पश्चात कुम्हार छड़ी से चक्र को घुमाना बंद कर देता है, तब भी वह चक्र चलता रहता है।

प्रारब्ध जो कर्म करने के लिए शरीर का निर्माण करता है, वह उससे पूरा करवाता है, लेकिन ज्ञानी इन कर्मों को कर्तृत्वभाव के बिना ही करता है। यह कैसे संभव होता है, इसे समझाना मुश्किल है। अधिकतर दिया जाने वाला उदाहरण यह है कि ज्ञानी इस प्रकार कर्म करता है, जैसे एक बालक, जिसे खिलाने के लिए नींद से जगाया गया है, खाता तो है, लेकिन उसे यह याद नहीं रहता कि कल रात उसने खाया था। इस बात को स्मरण में रखना चाहिए कि ये सारे स्पष्टीकरण ज्ञानी के लिए नहीं हैं। वह तो जानता है कि वह शरीर नहीं है, अतः उसका शरीर किसी कार्य में भले लगा हो, वह स्वयं कुछ नहीं करता। यह स्पष्टीकरण तो देखने वालों के लिए है, जो ज्ञानी को शरीर से एकरूप मानते हैं और उसका शरीर के साथ तादात्म्य किए बिना नहीं रह सकते, क्योंकि यह उनका स्वानुभव है। ज्ञानी का सच्चा लक्षण है समता। सभी भेदों में ज्ञानी एकता देखता है, जिसे मैं समता कहता हूं। समता का अर्थ भेदों का अज्ञान नहीं है। जब आपको ज्ञान होता है, तब आप देखते हैं कि ये भेद केवल बाहरी दिखावा है; वे सच्चे या नित्य नहीं हैं। इन सब बाह्य भेदों में जो अभिन्न तत्व है, वह सत्य है, जिसे मैं एकत्व कहता हूं। आपने ध्वनि, स्वाद, रूप, गंध इत्यादि का उल्लेख किया। यह सही है कि ज्ञानी इन भेदों का अनुभव करता है, लेकिन उन सबमें वह हमेशा उस एक को देखता और अनुभव करता है। इसी कारण उसे कुछ पसंद या नापसंद नहीं होता। वह घूमता है, बात करता है और कर्म करता है, तो यह सब उसी एक सत्य में स्थित रहकर करता है। उसकी दृष्टि में उस एक परम सत्य से अलग कुछ भी नहीं है।

सम्पादकीय


न्याय की उम्मीद

सर्वोच्च न्यायालय का यह कथन स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका को कोई डरा नहीं सकता। आखिर अदालत को ऐसी विरल टिप्पणी की जरूरत क्यों पड़ी? दरअसल, विपक्षी नेता देश के प्रधान न्यायाधीश से मिलकर उन्हें ज्ञापन देना चाहते थे, पर न्यायमूर्ति ने इनकार कर दिया। इसका असर यह हुआ कि विपक्षी नेताओं ने 12 अक्तूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक विरोध-मार्च निकालने का फैसला किया। हालांकि, इससे पहले न्यायालय ने इशारा कर दिया था कि यह मामला पहले से ही विचाराधीन है, अतः इस पर अलग से मुलाकात गैर-जरूरी है। फिर भी एक विशाल मार्च निकाला गया। इससे न्यायिक जगत में चिंता फैल गई है। शीर्ष न्यायालय और अन्य न्यायिक परिसरों के आस-पास प्रदर्शन के लिए एक नियामक ढांचा तैयार करने की मांग उठी है। इसके लिए याचिका भी दायर हुई है, जिस पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने दोटूक कहा है, हम अपने ही महल में नहीं बैठे हैं।

न्यायालय ने 12 अक्तूबर को हुए प्रदर्शन को गंभीरता से लिया है, क्योंकि अगर ऐसे मार्च की परिपाटी शुरू हो गई, तो न्यायालय की साख प्रभावित होगी। अतः प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने विपक्षी नेताओं को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। अब विपक्षी दलों को अपने इस कदम का बचाव करना पड़ेगा। क्या विपक्षी दलों का मार्च न्यायपालिका पर उनके घटते विश्वास का संकेत है या न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश है? प्रधान न्यायाधीश ने जवाब देते हुए कहा है कि ह्यहम जानते हैं, वह बाहर क्या बयान देते हैं और अदालत में क्या कहते हैं? अदालत के सामने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को भी पेश किया गया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को अनुचित ढंग से संबोधित किया गया था। इसमें कानून-व्यवस्था के अधिकार क्षेत्र में न होने पर इस्तीफा देने का आह्वान किया गया था। लगता है, विपक्षी दलों की आक्रामकता के प्रति न्यायालय सजग है। जब बड़ी संख्या में सियासी विवाद न्यायालय पहुंचने लगे हैं, तब न्यायाधीशों की राजनीति पर यथोचित नजर गौरतलब है। वैसे, यह अपने-अपने तथ्य, तर्क का दौर है, अब संविधान के दायरे में सर्वोच्च न्यायालय को समाधान की राह निकालनी पड़ सकती है।

संविधान का अनादर न हो

दबाव की राजनीति या संवैधानिक मर्यादा?



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने, विरोध करने और सवाल पूछने का अधिकार नागरिकों का सबसे बड़ा संवैधानिक कवच है। सरकार की नीतियों की तर्क सहित आलोचना करना, उसकी विफलताओं के लिए जवाबदेही की मांग करना और जनहित के मुद्दों पर आंदोलन करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्वाभाविक विशेषताएं हैं। लेकिन जब रचनात्मक विरोध का स्थान चुनी हुई सरकार पर निरंतर अकारण दबाव बनाने, सेना के शौर्य पराक्रम और कार्यवाही पर प्रश्न करने,हर राजनीतिक असहमति पर त्यागपत्र मांगने और संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की प्रवृत्ति ले लेती है, तब यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि लोकतंत्र में विरोध की मर्यादा क्या होनी चाहिए?

तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है कि देश का संचालन राजनीतिक दबाव से होगा या संविधान की मर्यादा के अनुसार?

यह निर्विवाद है कि किसी भी सरकार को निरंकुश होने से रोकना विपक्ष का महत्त्वपूर्ण दायित्व है। सरकार के निर्णयों में त्रुटियां हों, प्रशासनिक लापरवाही सामने आए या जनहित प्रभावित हो, तो विपक्ष और गैर-राजनीतिक संगठन–दोनों को सवाल उठाने तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करने का पूरा अधिकार है। परीक्षाओं की पारदर्शिता और राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के संदर्भ में तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से जवाब मांगना और उनके त्यागपत्र की मांग करना इसी लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा था। लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े ऐसे मामलों में सरकार की जिम्मेदारी तय होना आवश्यक है। लेकिन जवाबदेही की मांग तथ्यों, प्रमाणों और जिम्मेदारी के निष्पक्ष आकलन पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल राजनीतिक लाभ, जनभावनाओं के दबाव या अपुष्ट दावों पर।

समस्या तब उत्पन्न होती है, जब विरोध का केंद्र किसी नीति या निर्णय की समीक्षा से हटकर व्यक्तियों और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने पर केंद्रित हो जाता है। चुनावी पराजय के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, उसके प्रमुख के त्यागपत्र की मांग करना अथवा राजनीतिक असंतोष के आधार पर उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों से इस्तीफा मांगना अपने आप में किसी आरोप को प्रमाणित नहीं करता। सवाल उठाना अनुचित नहीं है, लेकिन ऐसे सवालों का आधार ठोस साक्ष्य और स्थापित संवैधानिक प्रक्रियाएं होनी चाहिए। लोकतंत्र में किसी पदाधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित करने और किसी संस्था पर राजनीतिक दबाव बनाने के बीच स्पष्ट अंतर है।

चुनाव में जनादेश प्राप्त करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों के लिए भी आत्ममंथन आवश्यक है। उन्हें अपनी नीतियों, नेतृत्व, संगठन और जनसंपर्क की कमियों का विश्लेषण करना चाहिए। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी तथा विभिन्न राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता तक पहुंचे हैं। इसलिए चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता का मूल्यांकन किसी दल की जीत या हार के आधार पर नहीं, बल्कि समान मानदंडों, प्रमाणों और निष्पक्ष जांच के आधार पर होना चाहिए। यदि चुनाव प्रक्रिया में वास्तविक अनियमितताएं हैं, तो उनकी जांच और आवश्यक सुधार अनिवार्य हैं। लेकिन केवल चुनावी पराजय के कारण पूरी व्यवस्था को अविश्वसनीय घोषित कर देना भी उचित नहीं है।

यह भी याद रखना होगा कि संवैधानिक संस्थाएं आलोचना से परे नहीं हैं। चुनाव आयोग हो, न्यायपालिका हो या कोई अन्य सार्वजनिक संस्था–उसकी कार्यप्रणाली पर तार्किक सवाल उठाए जा सकते हैं। किंतु संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इस बात में नहीं है कि संस्थाओं से कभी सवाल न पूछे जाएं, बल्कि इसमें है कि सवालों का उत्तर पारदर्शिता, कानून और निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से दिया जाए। न सरकार संविधान से ऊपर है, न विपक्ष और न ही कोई संस्था अपनी जवाबदेही से मुक्त है।

इस संदर्भ में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। भारत की बड़ी आबादी युवा है और आज का युवा सूचनाओं तक व्यापक पहुंच रखता है। लेकिन सूचना की उपलब्धता और सत्य की पहचान दो अलग-अलग बातें हैं। उसे राजनीतिक नारों, अपुष्ट दावों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर समझना होगा तथा किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले उसकी सत्यता की पड़ताल करनी होगी। मतदाता सूची के संशोधन में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए, किसी पात्र नागरिक का नाम अनुचित रूप से नहीं काटा जाना चाहिए और अपात्र प्रविष्टियों के संबंध में कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। इसी प्रकार, अवैध प्रवास का प्रश्न राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के शासन से जुड़ा है, लेकिन किसी व्यक्ति को केवल उसकी भाषा, वेशभूषा या पहचान के आधार पर संदिग्ध ठहराना न्यायसंगत नहीं है। प्रत्येक कार्रवाई प्रमाणों और विधिसम्मत प्रक्रिया पर आधारित होनी चाहिए। कानून के अनुरूप की जाने वाली ऐसी कार्रवाइयों का युवाओं को देशहित और संवैधानिक दायित्व के परिप्रेक्ष्य में समर्थन करना चाहिए। साथ ही, युवाओं की ऊर्जा का उपयोग बेरोजगारी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जैसे वास्तविक मुद्दों के समाधान में होना चाहिए।

सरकार से प्रश्न पूछना नागरिकों का अधिकार है और शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की शक्ति। लेकिन विरोध का उद्देश्य समाधान तलाशना और व्यवस्था में सुधार लाना होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना या देश की प्रगति को बाधित करना। भीड़ का आकार किसी आरोप को सत्य सिद्ध नहीं करता और किसी मांग की तीव्रता अपने आप में उसकी वैधता का प्रमाण नहीं होती। किसी मांग का औचित्य उसके आधार, तथ्यों और संवैधानिक मान्यताओं से तय होता है।

भारत को आज ऐसी राजनीति की आवश्यकता है, जिसमें जनादेश का सम्मान हो, सत्ता की जवाबदेही सुनिश्चित हो, विपक्ष रचनात्मक भूमिका निभाए और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता सुरक्षित रहे। त्यागपत्र की मांग कुछ परिस्थितियों में जवाबदेही तय करने का उचित माध्यम हो सकती है, लेकिन उसे हर समस्या का एकमात्र समाधान मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को संकीर्ण बनाता है।

क्या वह बचेगा

रात के दो बजते ही शहर का स्मार्ट मिजाज अचानक बेसमेंट में बह गया और हाइटेक टावर के स्विमिंग पूल बनते ही प्रशासन का असली टैलेंट जाग उठा। हमारे यहां जब कोई नौजवान बारह बाई दस के कमरे का किराया बचाने के लिए जागता है तब उसे कोई नहीं देखता पर जैसे ही वह नाबदान में डूबने लगता है तो पूरी दुनिया ओबी वैन लेकर लाइव कवरेज करने पहुंच जाती है। आला अफसरान के चमचमाते बूट जब कीचड़ पर पड़े तो सबसे पहले एक ड्रोन उड़ाया गया ताकि तबाही का फुटेज फुल एचडी में आ सके। व्यवस्था का उसूल बहुत सीधा है जहां इंसान की सांसें फूलती हैं वहां फाइल के पन्ने पलटने लगते हैं और संवेदना को तुरंत किसी बहुउद्देशीय हाई लेवल कमेटी में डालकर सुरक्षित कर दिया जाता है।

एक तरफ आलोक का बूढ़ा बाप टिफिन हाथ में लिए अफसरों के पैर पकड़ने दौड़ रहा था और दूसरी तरफ पीआरओ साहब खीझ रहे थे कि यह देहाती आदमी कमिश्नर की ऐतिहासिक बाइट का फ्रेम क्यों खराब कर रहा है। कमिश्नर साहब कैमरे के लेंस में देखकर ऐलान फरमा रहे थे कि इंसानी जान से बढ़कर कुछ नहीं होता और इस बात का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए तीन कमेटियां बन चुकी हैं। इस देश में गरीब की सांस रुकने और टेंडर पास होने के बीच बस इतना ही फासला होता है कि जब तक ठेकेदार स्पेयर पार्ट ढूंढता है तब तक फेफड़े पानी से भर चुके होते हैं। बूढ़े ने जब मटमैले पानी की तरफ छलांग लगानी चाही तो दो लठैत सिपाहियों ने प्रोटोकॉल का डंडा अड़ा दिया क्योंकि बाबू साहबों के राज में कायदे हमेशा लाशों के रास्ते में नहीं बल्कि अपनों के गले मिलने के बीच में खड़े किए जाते हैं। सवेरे के चार बजे जब पानी निकालने वाले पंप का फ्यूज उड़ गया तो पता चला कि ट्रेजरी का सर्वर डाउन है और बिना डिजिटल साइन के जिंदगी की घंटी नहीं बज सकती।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17अक्टूबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:24सूर्यास्त 17:59
आश्विन मास शुक्लो पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - सप्तमी05:39 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - मूल 08:44 उपरांत
पूर्वाषाढा
योग - अतिगण्ड 22:59 उपरांत सुकर्मा
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु मे रहेगा
विषेस सप्तमी पुजन
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 05मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में नए विचार और नीतियां सफलता दिलाएंगी। व्यापार में नए सौदे तय होंगे, लाभ के अवसर मिलेंगे।

वृषभ- मित्रों और प्रियजनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी, धन लाभ संभव है।

मिथुन- शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी, ताजगी महसूस करेंगे। माता लक्ष्मी को लाल पुष्प और मिश्री अर्पित करें।

कर्क- वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन तरक्की के द्वार खोलेगा।

सिंह- व्यापार में तरक्की और नए ऑर्डर मिलने की संभावना है।

कन्या- परिवार का माहौल खुशनुमा और शांतिपूर्ण रहेगा। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

तुला- स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, पुरानी बीमारी से राहत मिलेगी। शिवलिंग पर कच्चा दूध और जल अर्पित करें।

वृश्चिक- कार्यस्थल पर आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। व्यापार में नए प्रयोग लाभदायक साबित होंगे।

धनु- परिवार के सदस्यों के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। लाभ होने की पूरी संभावना है।

मकर- सेहत सामान्य रहेगी, नियमित दिनचर्या का पालन करें। लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करके गुलाबी फूल चढ़ाएं।

कुंभ- दफ्तर में आपकी बात का प्रभाव बढ़ेगा, सम्मान मिलेगा। व्यापार में नए ग्राहक जुड़ेंगे और आय बढ़ेगी।

मीन- मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धन प्राप्ति के कई मार्ग खुलेंगे। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

कविता

तमिलनाडु को सौगात

तमिलनाडु को मिली खुशियों की प्यारी-प्यारी सौगात,
तेरह हजार करोड़ की हुई हैं रिमझिम सी बरसात,
दिया तोहफा प्रधानमंत्री मोदी जी ने बहुत खूब,
किया थलापति जी ने भी साधुवाद आनंद में डूब ।
सच्चे देशभक्त मिलते हैं तो आनंद बहे अपार,
भारत माता की जनतंत्र जय-जय करें हैं जोरदार,
एक है मेरा देश बहुत प्रिय मुझको हर देशवासी,
गूँजें स्वरलहरियाँ प्यारी कन्याकुमारी से काशी ।
सभी राज्य हैं भारत के दिल के चमकीले से हीरें,
जात-पात का भेद-भाव कर क्यों शांति अमन को चीरें,
ज्ञान विज्ञान सम्मान चहुँओर हो बस सुखद दिनमान,
मेरा भारत है सबसे ऊपर जय हिंद मेरा गान ।
हाथों में ले हाथ संग चलें हम सब विकास की ओर,
विजय श्री सुनिश्चित है और खिलेगा कमल भी पुरजोर,
राजनीतिक कटघरों से जब दूर होते हैं सब ख्वाब,
तो मिलते अपने मन कुछ इस तरह खिलते हैं गुलाब ।
संस्कारों की धूप थालापति द्वारा सुंदर सत्कार,
हर बारी ही सी एम ने दिया है सब को बहुत प्यार,
भारत के हर हिस्से का करेंगे सर्वांगीण विकास,
सुख-समृद्धि और धन-धान्य हर घर होगा सात्विक प्रकाश ।
नहीं लकीरें खींचेंगी दिलों में कोई अलगाव सी,
मंत्र एक जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी,
प्रधान के सम्मान सहयोग में बढ़ेगा ओज अपना,
पूरा होगा प्यासी आँखों का सर्व हितैशी सपना ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

हार मिले आयोग गलत, जीत मिली तो वाह!

किसने किसको क्या कहा, किसने किसको घेरा,
बयानबाजी की आँधी में, 'गुम' हो गया है सवेरा।
कभी राम के नाम वोट, कभी शिवाजी की शान,
कभी मंदिर तो कभी महापुरुष, बनते अभियान।
महापुरुषों ने देश की खातिर स्वयं सर्वस्व लुटाया,
नेताओं ने उनके नाम अपना कुनबा खूब बढ़ाया!
हार मिली तो आयोग गलत, जीत मिली तो वाह!
अपनी गलती मानने की, किसे पड़ रहीं परवाह?
कुर्सी छूटी तो संविधान पर संकट नजर हैं आता,
कुर्सी मिलते ही इन्हें वही संविधान बड़ा सुहाता!
सड़कों पे जो भीड़ दिखे, उसे बताया जाएँ खास,
विरोधी की भीड़ 'अराजक', अपना जन-विश्वास।
भई अपनी रैली तो लोकतंत्र है, उनकी रैली शोर,
सत्ता के इस खेल में, 'सत्य' हो गया है कमजोर।
रामजी भी सोच रहे होंगे, यह कैसी लीला न्यारी,
मेरे नाम पर चलती रहती, हरेक रोज नई तैयारी।



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

तैंतीस साल और नारों की गूँज...!

33 वर्षों की लंबी यात्रा, फिर वही सवाल, वही लाचारी,
जंतर-मंतर की धरती पूछे, कब पूरी होगी आस हमारी?
कभी यहाँ नारों की गूँज थी, कभी इंकलाब का स्वर था,
अन्यायों से लड़ने वालों के हाथों में उम्मीदों का घर था।
समय बदला, सरकारें बदलीं, बदलते सत्ता के गलियारे,
लेकिन जनता के प्रश्न आज भी खड़े हुए हैं लिए सहारे।
ये केवल धरना-स्थल नहीं, यह जन-जन की आवाज है,
लोकतंत्र की असली ताकत तो, जनता का 'विश्वास' है।
जब न्याय कहीं रुक जाता है, सुनवाई भी थम जाती है,
तब 'सड़कों' पर उतरती जनता 'अपनी बात' बताती है।

सेहत के लिए बेहद लाभकारी है लौकी का जूस

आमतौर पर लोगों की सुबह भी चाय-कॉफी के साथ होती है और रात में भी कुछ लोग चाय-कॉफी पीकर ही सोते हैं। हालांकि, ऐसा करना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसकी बजाय अगर आप लौकी का जूस पीते हैं, तो ये आपकी सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचाता है। हालांकि, लौकी का स्वाद आपको जरूर खराब लग सकता है, लेकिन ये आपकी सेहत के लिए बहुत काम का होता है। अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो चाय-कॉफी की बजाय लौकी का रस पीना शुरू कर दें। तो चलिए आज हम आपको लौकी के रस के कुछ ऐसे फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको सुनकर शायद आप भी लौकी का रस पीना शुरू कर देंगे। आइए जानते हैं।

एनर्जी के लिए

यदि आप सुबह उठकर वर्कआउट करते हैं, तो लौकी का जूस पिएं। इससे आपको बहुत फायदा होगा। दरअसल, लौकी के रस में नेचुरल शुगर होता है, जो ग्लाइकोजीन स्तर को बनाए रखने में मददगार है। इसके साथ ही ये काबोर्हाइड्रेट की कमी को भी पूरा करते हैं।



यूरीन इंफेक्शन में फायदेमंद

यदि आपको यूरिन इंफेक्शन की समस्या है और आप जलन या फिर दर्द को महसूस करते हैं, तो इसके लिए आप लौकी का रस पी सकते हैं। दरअसल, यूरीन में एसिड की मात्रा बढ़ जाने पर जलन और दर्द की समस्या हो जाती है, जबकि लौकी का जूस इस अम्लीयता को कम करता है। इससे जलन और दर्द से आराम मिलता है।

शरीर की अंदर से करे साफ

यदि खाली पेट लौकी के जूस का सेवन किया जाए, तो इससे शरीर को ताजगी का एहसास होता है। दरअसल, लौकी में 98 फीसदी पानी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं। ऐसे में लौकी के रस को पीने से शरीर की अंदरूनी गंदगी को साफ करने में मदद मिलती है।

कब्ज के मरीजों के लिए फायदेमंद

जिन लोगों को कब्ज की समस्या होती है, उनके लिए भी लौकी का रस बहुत फायदेमंद होता है। दरअसल, लौकी के रस में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है। इससे कब्ज से बहुत जल्दी राहत मिलती है।

वजन घटाने में मददगार

लौकी के रस में कैलोरी और फैट न के बराबर होता है। ऐसे में अगर आप वजन घटाने की बात सोच रहे हैं तो आपके लिए लौकी का रस पीना बहुत फायदेमंद रहेगा। इसमें मौजूद फाइबर भूख को भी कंट्रोल करते हैं। हेल्थचेकअप बुक करें

धर्म-आस्था

सपने में बार-बार खुद को अलग-अलग हालातों में देखते हैं?

सपने अक्सर अवचेतन मन की भावनाओं को उजागर करते हैं लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सपने में खुद को देखना किस भावना से जुड़ा होता है? आपने सपने में खुद को कभी सपने में खुद को हंसते, रोते, किसी अनजान जगह पर घूमते या आईने में देखते हुए पाया होगा। लेकिन आखिर सपने में खुद को देखने का क्या अर्थ हो सकता है? क्या यह सामान्य है या फिर इसका कोई गहरा अर्थ है? ध्यान देने वाली बात यह है कि सपनों के अर्थ सभी लोगों के लिए एक जैसे नहीं होते। सपने में खुद को देखने का मतलब समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि आपने खुद को किस परिस्थिति में देखा और उस दौरान आपको कैसा महसूस हुआ। अध्यात्म के अनुसार, सपनों में खुद को देखना आत्मा का संदेश है। यह कभी चेतावनी देता है, कभी प्रेरणा और कभी आत्म-स्वीकृति की ओर ले जाता है। परिस्थितियों के अनुसार इसका अर्थ बदलता है, लेकिन हर स्थिति में यह आत्म-चेतना और आध्यात्मिक विकास का प्रतीक होता है।

1. खुद को आईने में देखना

यह आत्म-चिंतन और आत्म-मूल्यांकन का प्रतीक है। संकेत है कि आपको अपने भीतर झाँककर सच्चाई स्वीकार करनी चाहिए। इस सपने का अर्थ इस बात पर भी निर्भर कर सकता है कि आईने में आपको अपना चेहरा कैसा दिखाई दिया। जैसे कि, आईने में चेहरा अलग दिखाई देने का अर्थ अपनी पहचान, जीवन की



भूमिका या बदलती परिस्थितियों को लेकर असमंजस का प्रतीक हो सकता है। वहीं आईना धुंधला दिखाई देने का अर्थ इसे अपने विचारों या किसी परिस्थिति को लेकर अस्पष्टता के रूप में समझा जा सकता है।

2. खुद को रोते हुए देखना

सपने में खुद को रोते हुए देखने के बाद कई लोगों को सपने का कारण जानने की इच्छा हो सकती है। अध्यात्म के अनुसार, यह दबे हुए दुःख और भावनाओं का संकेत है। आध्यात्मिक रूप से यह बताता है कि आप शुद्धिकरण की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। यदि सपने में रोने के बाद आपको हल्कापन महसूस हुआ, तो यह भावनात्मक राहत की आपकी जरूरत को दर्शा सकता है। यदि आप लगातार उदास महसूस कर रहे हैं, तो अपनी भावनाओं को समझना और किसी भरोसेमंद व्यक्ति से बात करना मददगार हो सकता है।

3. खुद को खुश और मुस्कुराते हुए देखना

यह आत्म-स्वीकृति और संतोष का प्रतीक है। संकेत है कि आप सही मार्ग पर हैं और आत्मा प्रसन्न है। यह सपना आपको अपनी खुशियों को पहचानने और छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करने की याद भी दिला सकता है। यदि वास्तविक जीवन में आप तनाव से गुजर रहे हैं, तो ऐसा सपना आपकी उस इच्छा को भी दर्शा सकता है जिसमें आप फिर से हल्कापन और खुशी महसूस करना चाहते हैं। इसलिए, अपने जीवन में उन चीजों पर ध्यान दें जो आपको सच्ची खुशी और मानसिक शांति देती हैं।

4. खुद को घायल या बीमार देखना

यह चेतावनी है कि आप अपने जीवन में किसी नकारात्मक ऊर्जा या असंतुलन से गुजर रहे हैं। आध्यात्मिक रूप से यह आत्म-देखभाल और उपचार की आवश्यकता दर्शाता है। यह भी संभव है कि दिनभर की कोई शारीरिक असुविधा या स्वास्थ्य संबंधी चिंता सपने में दिखाई दे।

5. खुद को सफल या शक्तिशाली रूप में देखना

यह आत्म-विश्वास और छिपी हुई क्षमता का संकेत है। बताता है कि आपकी आत्मा आपको अपनी शक्ति पहचानने के लिए प्रेरित कर रही है।

6. खुद को अजनबी रूप में देखना

यह आत्म-परिवर्तन और नए जीवन चरण का प्रतीक है। संकेत है कि आप अपने पुराने स्वरूप को छोड़कर नए व्यक्तित्व की ओर बढ़ रहे हैं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्ड- 1,48,700 रवा- 1,48,400 चांदी- टंच- 2,16,000 पाट- 2,15,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



कब्रिस्तान के पास मिला 8.4 ग्राम एमडी ड्रग, युवक गिरफ्तार

शुजालपुर। अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुजालपुर सिटी पुलिस ने तालाबपुरा कब्रिस्तान के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 8.4 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 14 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तालाबपुरा कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति एमडी ड्रग लेकर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम दानिश खान निवासी टीला मोहल्ला शुजालपुर सिटी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 8.4 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शुजालपुर सिटी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई।

परीक्षा परिणामों की जांच के लिए एनएसयूआई ने दिया चार दिन का अल्टीमेटम



शुजालपुर। जेएनएस कॉलेज शुजालपुर के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ियों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय के नाम ज्ञापन सौंपकर चार दिन में समस्या का निराकरण करने की मांग की। एनएसयूआई के अनुसार एक ही विषय में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को पूरक आई है, जबकि कई विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में शून्य अंक दर्ज किए गए हैं। इससे विद्यार्थियों में असंतोष और भविष्य को लेकर चिंता है। ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। जांच में त्रुटियां सामने आने पर परिणामों में आवश्यक सुधार किया जाए।

12,800 रुपए के सट्टे के साथ 3 आरोपी पकड़े



अकोदिया। पोलायकलां पुलिस चौकी के नए प्रभारी रमेशचंद्र यादव ने प्रभार संभालते ही कार्रवाई की। उन्होंने गुरुवार शाम 5 बजे तीन आरोपियों को सट्टे के साथ पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से 12 हजार 800 रुपए की सट्टा राशि जब्त की। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शासकीय अस्पताल के पास लोह कुट्टे की झोपड़ी के नजदीक सट्टे की गतिविधियां चल रही हैं। इस पर पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान तीन आरोपियों को पकड़ा गया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी रामेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में हुई। कार्रवाई में आरक्षक तेजसिंह सैंधव, सैनिक भगवानसिंह, करणसिंह और रामसिंह वर्मा का सहयोग रहा। नए चौकी प्रभारी की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध सट्टे पर रोक लगाने का संदेश दिया गया है।

महिलाएं गरबों से कर रहीं मां भवानी की आराधना

शाजापुर। शारदीय नवरात्रि पर्व पर मां आदिशक्ति की आराधना और दर्शन के लिए अलसुबह से लेकर देररात तक भक्तों का तांता शहर के देवी मंदिरों में लग रहा है। साथ ही रात के समय युवती और महिलाओं द्वारा गरबा कर मां की पूजा-अर्चना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में जगह-जगह पर मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं विराजित की गई हैं और इन पंडालों में सुबह से लेकर शाम तक मां के जयकारे गूंजायमान हो रहे हैं। इसीके साथ शहर के विभिन्न मंदिरों में रात के समय मां भवानी को प्रसन्न करने के लिए गरबा किया जा रहा है।

जिला अस्पताल में डाक्टर ने करोड़ों के

संसाधनों के बावजूद गर्भवती को किया इंदौर रेफर एम्बुलेंस स्टॉफ ने रास्ते में कराया सामान्य प्रसव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिला अस्पताल में करोड़ों रुपए के आधुनिक साधन संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद यहां पहुंचने वाली कई गर्भवती महिलाओं को प्रसव में जटिलता का हवाला देकर इंदौर रेफर कर परेशान किया जा रहा है। जबकि इंदौर पहुंचने पर उक्त महिलाओं का सामान्य प्रसव हो रहा है। जिम्मेदारों की इसी उदासीनता की वजह से एक गर्भवती का मजबूरीवश रास्ते में ही एम्बुलेंसकर्मी को प्रसव कराना पड़ा। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ जिले के ग्राम लीमा चौहान निवासी प्रसूता को प्रसव पीड़ा के चलते शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया था। परिजनों को उम्मीद थी कि यहां बेहतर इलाज मिलेगा, लेकिन यहां ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टरों और नर्सों ने केस को बेहद जटिल बताया और हाथ खड़े कर दिए। बिना कोई विशेष प्रयास किए उन्होंने प्रसूता को तुरंत इंदौर के लिए रेफर कर दिया।

मैनेजर ने दिया स्पीड अप्रूवल, स्टाफ ने बचाई जान



प्रसूता की स्थिति और परिजनों की घबराहट को देखते हुए 108 एंबुलेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजन यादव ने तत्परता दिखाई। उन्होंने तुरंत एंबुलेंस उपलब्ध कराई और बिना समय गंवाए गाड़ी को स्पीड अप्रूवल दिया। मरीज को लेकर एंबुलेंस इंदौर की ओर जा ही रही थी कि टोंक खुर्द के पास गर्भवती को असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की नजाकत को भांपते हुए एंबुलेंस में तैनात ईएमटी गौतम बैरागी और पायलट गौतम गुर्जर ने गाड़ी साइड में लगाई। दोनों ने बेहतरीन सूझबूझ और मेडिकल कौशल का परिचय देते हुए एंबुलेंस के अंदर ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। सुरक्षित नॉर्मल डिलीवरी के बाद फिलहाल जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

सवालों के घेरे में डॉक्टर व नर्सें

इस पूरी घटना ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आम जनता अब यह पूछ रही है कि जो काम सड़क किनारे सीमित संसाधनों के बीच एंबुलेंस के स्टाफ ने कर दिखाया, वह काम सर्व सुविधायुक्त अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम क्यों नहीं कर पाई? गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। परिजनों का साफ आरोप है कि यहां की महिला डॉक्टर और नर्सें अपनी ड्यूटी से बचने के लिए मामूली केस में भी जटिलता का हवाला देकर मरीजों को इंदौर भेज देती हैं।

ट्रेन की टक्कर से दो गैंगमैनों की मौत, मेंटनेंस ट्रॉली से टकराई ट्रेन

डायवर्टेड रूट पर आई गोवा एक्सप्रेस, 2 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मक्सी और बेरछा के मध्य गोवा एक्सप्रेस, ट्रैक मेंटेनेंस ट्रॉली से टकरा गई। ट्रॉली में 5 गैंगमैन सवार थे। इनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दो और लोगों को भी चोटें आई हैं। पांचवां कर्मचारी समय रहते ट्रॉली से कूद गया। एक्सीडेंट बेरछा और मक्सी के बीच झोंकर रेलवे फाटक के पास शुक्रवार सुबह हुआ।

जीआरपी के मुताबिक, बेरछा रेलवे स्टेशन से करीब 14 किलोमीटर दूर पीर उमरोद और मक्सी के बीच ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे (स्थायी मार्ग निरीक्षक) ट्रॉली में 5 रेल कर्मचारी काम में जुटे थे। इसी दौरान डायवर्टेड रूट से गुजर रही ट्रेन उसी ट्रैक पर आ गई।

ट्रेन के लोको पायलट ने हॉर्न बजाया, लेकिन स्पीड ज्यादा होने की वजह से कर्मचारी ट्रॉली नहीं हटा पाए। हादसे में भगवान सिंह बिलमा की मौके पर ही मौत हो गई। दिलीप जायसवाल पैर कटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। दिलीप के साथ विक्रम और सद्दाम को भी मक्सी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से सभी को उज्जैन रेफर कर दिया गया है। यहां इलाज के दौरान दिलीप की मौत हो गई। इससे पहले टीम लीडर मनोज वर्मा ट्रॉली से कूदकर जान बचाने में कामयाब हो गए थे। भगवान सिंह के शव का मक्सी में ही पोस्टमॉर्टम किया गया।

ट्रेन नंबर 12780 गोवा एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से चलकर भोपाल होते हुए वास्कोडिगामा जाती है। इसे पिछले 15 दिन से मथुरा से भोपाल की ओर डायवर्ट कर चलाया जा रहा था। शुक्रवार को यह ट्रेन उज्जैन से भोपाल की ओर जा रही थी, इसी बीच हादसा हो गया।



हादसे की जांच करा रहे- पीआरओ

रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने कहा- ट्रेन डायवर्टेड रूट पर थी। मेंटेनेंस ट्रॉली वाले कर्मचारियों को इसकी जानकारी थी या नहीं, पता कर रहे हैं। हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, इलाज के दौरान मृत घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिले के बरोठा में गुरुवार रात पति से विवाद के बाद 40 वर्षीय महिला ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



मृतका की पहचान रेखा पति दिलीप यादव (40) के रूप में हुई है। उनके पति कोटवार हैं। रेखा के छोटे भाई जीवन ने बताया कि गुरुवार रात करीब 9:30 बजे बहन का फोन आया था। उस समय पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद दिलीप गुस्से में खेत पर चले गए थे।

पति और बेटे के घर पहुंचने पर खाया जहर

जीवन के मुताबिक, कुछ देर बाद रेखा ने अपने बेटे से पिता को बुलाने के लिए कहा। जब दिलीप और बेटा घर पहुंचे, तब रेखा जहर खा चुकी थीं। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। फिलहाल घटना के कारणों को लेकर पुलिस की जांच से जुड़ी जानकारी सामने नहीं आई है।

धूमधाम से मां कनकेश्वरी के दरबार पहुंच रहे भक्त

शाजापुर। नगर की खुशहाली, बेहतर बारिश और विश्व कल्याण की कामना से लगातार 12 सालों से निकल रही मां कनकेश्वरी भक्त मंडल की चुनरी यात्रा 13वें वर्ष भी धूमधाम और शान से निकली, जिसमें शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दर्जनों स्थानों पर शहरवासियों और ग्रामीणों ने तरह-तरह की स्टॉल लगाकर उनकी सेवा की। वहीं कनकेश्वरी भक्त मंडल द्वारा भी माता को आस्था की चुनर ओढ़ाकर मंगल कामनाएं की। गुरूवार को सोमवारिया बाजार स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तों ने माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद कनकेश्वरी भक्त मंडल की पैदल यात्रा प्रारंभ हुई जो सोमवारिया बाजार से आजाद चौक, कसेरा बाजार, गिरवर, जादमी, भदौनी होती हुई गरबा व माता के जयकारे लगाते हुए माता के दरबार पहुंची, जहां सभी ने पहले माता के दर्शन किए इसके बाद मां को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

आदिवासी लोक संस्कृति के रंगों से सजा सखी-सहेली डांडिया रास

महिलाओं-बालिकाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

सखी-सहेली डांडिया रास गरबा महोत्सव के दूसरे दिन श्री रामचंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन प्रांगण में आदिवासी लोक संस्कृति के रंग देखने को मिले। महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित इस महोत्सव में आदिवासी लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने विभिन्न आदिवासी समुदायों की वेशभूषा धारण कर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। जंगल, जनजीवन, प्रकृति और लोक परंपराओं से जुड़ी प्रस्तुतियों ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत माता की आरती और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस दौरान प्रिया चतुर्वेदी, डॉ. पूजा शर्मा, रचना जैन, गीता देशमुख, सीमा वैश्य, अंजू सोनी, अंकिता चोपड़ा, शिवानी सेन, विधि जाधव, वंदना चौहान, सुनीता चौबे और हंसा चौधरी मंचासीन रहीं। महिला समूह प्रतियोगिता में पंवार क्षत्रिय ग्रुपऔर द ग्रेट मराठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सखी-सहेली ग्रुप और आकांक्षा ग्रुप संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि नूपुर ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल किया।

बालिका और महिला समूहों ने जीते पुरस्कार

आयोजन से जुड़ी ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल और संध्या गोयल ने बताया कि बालिका समूह वर्ग में संस्कारी बेटियां और द लिटिल स्टार ग्रुप ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला समूहों ने मिजोरम, छत्तीसगढ़ और बस्तर की लोक परंपराओं, जंगलों, मोर, बांस और प्रकृति से जुड़े सांस्कृतिक प्रतीकों को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया।

ईंट भट्टे पर 2025 में नाबालिग से हैवानियत के आरोपी को ताउम्र जेल

अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के एक ईंट भट्टे पर काम करने वाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने वाले आरोपी को विशेष पॉक्सो अदालत ने गुरूवार को सख्त सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस गंभीर मामले में आरोपी को अलग-अलग धाराओं में तीन बार आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपी ने न सिर्फ हैवानियत की थी, बल्कि बच्ची को उसके माता-पिता की हत्या करने की धमकी देकर चुप करा दिया था।



जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना पिछले साल 10 अप्रैल 2025 की है। पीड़िता अपने परिवार के साथ ईंट भट्टे पर मजदूरी करती थी। दोपहर के वक्त जब वह भट्टे पर बने बाथरूम में गई, तभी वहां काम करने वाला कुम्हारवाड़ा मगरिया निवासी धीरज प्रजापति 30 पिता पुरूषोत्तम प्रजापति पीछे से आ गया। उसने नाबालिग को धक्का देकर बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। नाबालिग ने चीखने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह दबाकर उसके साथ ज्यादती की। जाते-जाते उसने धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को कुछ भी बताया, तो वह उसके माता-पिता को जान से मार डालेगा।

डर के मारे सहमी पीड़िता ने अपने साथ हुई ज्यादती किसी को नहीं बताई। महीनों बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो मां उसे अस्पताल ले गई। वहां सोनोग्राफी रिपोर्ट देखकर डॉक्टरों और परिजनों के होश उड़ गए, क्योंकि नाबालिग पांच महीने की गर्भवती थी।

परिजनों ने जब आरोपी धीरज को फोन कर इसका उलाहना दिया, तो उसने उलटा उन्हें जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

सबूत और गवाहों के आधार पर मिली कड़ी सजा

पुलिस ने मामले की जांच कर कोर्ट में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने अभियोजन पक्ष की दलीलों और सबूतों को ठोस माना। अदालत ने तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने आरोपी धीरज को पॉक्सो, बीएनएस और एट्रोसिटी एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं में दोषी करार दिया।

---

35 व 25 फीट ऊंचे रावण के पुतलों का होगा दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर अकोदिया सहित आसपास के इलाकों में तैयारियां जोरों पर हैं। वार्ड 15 के खेत में दशहरे के मुख्य आकर्षण रावण दहन के लिए स्थानीय कलाकार पिछले दो महीनों से पुतले बनाने में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं।

बांस, कागज और कपड़ों की मदद से रावण के विशालकाय पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खास बात यह है कि ये कलाकार पिछले 25 वर्षों से इस परंपरा को पूरी निष्ठा के साथ निभाते आ रहे हैं।

अकोदिया मंडी परिसर में इस बार तीन रावणों के पुतले जलाए जाएंगे, जिनमें एक 35 फीट और दो 25-25 फीट ऊंचे पुतले शामिल हैं। इसी तरह शुजालपुर में 31-31 फीट के तीन रावण, कालापीपल में 31 और 25 फीट के दो तथा सलसलाई में 30 फीट ऊंचा रावण दहन के लिए तैयार किया जा रहा है।



दो महीने की कड़ी मेहनत से तैयार होते हैं पुतले

रावण का पुतला तैयार करना कोई आसान काम नहीं है। कलाकारों को इसके लिए कई चरणों में काम करना पड़ता है। पहले बांस की तीलियों से मजबूत ढांचा तैयार किया जाता है, फिर उस पर कागज चढ़ाकर पेंटिंग और सजावट की जाती है। पुतले को सही संतुलन और मजबूती देना सबसे चुनौतीपूर्ण काम होता है ताकि वह दहन स्थल पर सीधा खड़ा रह सके। यही कारण है कि कलाकार पर्व से दो महीने पहले ही काम में जुट जाते हैं।

25 साल से परंपरा संभाल रहे अकोदिया के कलाकार

अकोदिया की इस वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखने में स्थानीय कलाकारों का बड़ा योगदान है। इस बार रावण निर्माण के काम में देवेंद्र चिड़ार, दुरकसिंह चिड़ार, सुरेंद्र चिड़ार, गोविंद अहिरवार, शांतिलाल चिड़ार, श्रवण चिड़ार, विवेक चिड़ार और लेखराज बाणकर सहित अन्य साथी दिन-रात लगे हुए हैं। पिछले ढाई दशक से इन कलाकारों की कला और मेहनत के दम पर ही हर साल विजयादशमी का पर्व भव्य रूप से संपन्न हो पाता है।



माता टेकरी के पास से अतिक्रमण हटाया भीड़ से पहले 100 दुकानदारों को नोटिस

देवास। देवास में नवरात्रि की सप्तमी और अष्टमी पर माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पहले ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। गुरुवार शाम करीब दो घंटे चली इस मुहिम में टेकरी के आसपास 3 किलोमीटर के दायरे में सड़क किनारे से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान 200 से ज्यादा दुकानों के सामने से फ्लेक्स, बोर्ड, होर्डिंग और ठेले हटवाए गए। साथ ही, 100 से ज्यादा दुकानदारों को नोटिस भी दिए गए। प्रशासन यह व्यवस्था इसलिए की है ताकि नवरात्रि में भीड़ बढ़ने पर दुकानों के बाहर लगे बोर्ड, बैनर और ठेले यातायात में रुकावट न बनें। इसका मकसद श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी से बचाना और जाम से मुक्ति दिलाना है। कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक डीएसपी एच बाथम, ट्रैफिक टीआई पवन बागड़ी सहित पुलिस बल और नगर निगम का अमला मौजूद रहा।

नवरात्रि पर माता के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, चुनरी चढ़ाकर मांगी सुख-समृद्धि

आगर-मालवा। नवरात्रि पर्व शुरू होते ही जिले के प्रमुख माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। सुबह से शाम तक भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आगर के मां तुलजा भवानी, मां कालका, ग्राम पचेटी की बाड़ी माता और नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती हो रही है। श्रद्धालु चुनर अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। ऩगफा बर्डा में मां तुलजा भवानी का मंदिरः आगर- सारंगपुर मार्ग पर पहाड़ियों के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर गुफा बर्डा के नाम से प्रसिद्ध है। इसे करीब दो हजार वर्ष पुराना माना जाता है। लोकमान्यता के अनुसार यहां से उज्जैन की भरथरी गुफा तक सुरंग जाती थी। वर्ष 1945 में जनसहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। ऩमां कालका मंदिरः काशीबाई कॉलोनी स्थित इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1992 में जनसहयोग से हुई थी। मान्यता है कि खुदाई में मिली मां कालका की प्रतिमा यहां स्थापित की गई थी। मंदिर सामाजिक समरसता का प्रतीक भी माना जाता है। ऩपचेटी की बाड़ी माताः जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर टिल्लर डेम के पास स्थित मंदिर में नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां छोटी और बड़ी माता की प्रतिमाएं विराजमान हैं। ऩनलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिरः लखुंदर नदी किनारे स्थित यह प्रसिद्ध सिद्धपीठ देशभर में आस्था का केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पांडवों ने यहां मां की आराधना की थी।



एक साल बाद लूट-डकैती केस का 5वां आरोपी गिरफ्तार: एक अब भी फरार

शाजापुर। शाजापुर के मक्सी थाना क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से लंबित लूट और डकैती के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 25 हजार रुपए नकद और घटना में इस्तेमाल बांस का डंडा जब्त किया गया है। मामले में पहले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 12 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया जा चुका है। एक अन्य आरोपी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, मक्सी थाने में अपराध क्रमांक 202/2025 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में लूट और डकैती का मामला दर्ज है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारोने और एसडीओपी डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से चेतन छावड़ी (19), पिता छीतरमल छावड़ी, निवासी ग्राम रलकी, कंजर डेरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल बांस का डंडा जब्त किया है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती ऋतु अग्रवाल पति श्री पंकज अग्रवाल निवासी-उज्जैन से उनके स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की संपत्ति व्यपवर्तित कृषि भूमि सर्वे क्रं 3309/2/1/1/2 रकबा 0.3780 हेक्टर अर्थात 3780 वर्गमीटर, जयसिंहपुरा मार्ग, कस्बा उज्जैन तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने बाबत उन्हें बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा अपने हित में विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा लिया है तथा अब केवल विक्रेता को शेष राशि अदा करते हुए विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाना शेष है। अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति मे अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मैरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लेवेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 16.10.2026

सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट
ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन मो. 9826279028

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी मेसर्स गौतम इन्फा० द्वारा प्रो० मुकेश रांका जी निवासी ग्राम सुरासा जिला उज्जैन म०प्र० के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि श्री साँवरिया कंस्ट्रक्शन आगर रोड उज्जैन रसीद क्रमांक 27 दिनांक 15.10.2026 पर श्री सत्यनारायण जी व्यास पिता श्री गोविन्द राव व्यास जी निवासी बडनगर उज्जैन के नाम पर दर्ज होकर उक्त भूखण्ड जो कि ग्राम पंचायत सीमा में स्थित होकर भूखण्ड क्रमांक 31 स्थित शिवांश ग्रीन्स ग्राम सुरासा तहसील घटिया व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूखण्ड कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त भूखण्ड मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 92.90 वर्गमीटर अर्थात 1000.00 वर्गफीट का विक्रय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सडक कॉलोनी की, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक - 14 की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक-30, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक-32, की स्थित हैं। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी है, तथा शेष राशि अदा कर मूल भूखण्ड स्वामी अर्थात कम्पनी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 16/10/2026

श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड. (सर्विस प्रोवाईडर)
कार्यालय डी०एफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड
उज्जैन म.प्र. मो 9074220501

भोपाल में सर्विस रिवॉल्वर साफ करते समय चली गोली

भोपाल। भोपाल क्राइम ब्रांच के एक प्रधान आरक्षक के घर में शुक्रवार सुबह सर्विस रिवॉल्वर साफ करते समय अचानक गोली चल गई। गोली उनके बाएं हाथ की हथेली में लगी और आर-पार निकल गई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल बैरागढ़ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रधान आरक्षक बीरबल रजक बैरागढ़ कलां में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे वे ड्यूटी पर जाने से पहले अपने कमरे में सर्विस रिवॉल्वर की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनके दाएं हाथ से ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। गोली उनके बाएं हाथ की हथेली में लगी और उसे भेदते हुए निकल गई। गोली की आवाज सुनकर घर में मौजूद परिजन घबरा गए। उन्होंने घायल प्रधान आरक्षक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ अभद्रता का मामला.....

पुलिस प्रशासन ने अभिभाषक संघ से मांगी माफी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सिटी थाना प्रभारी द्वारा न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ अभद्र व अशोभनीय व्यवहार करने तथा मुकदमा दर्ज करने की धमकी देने के विरोध में आक्रोशित अभिभाषक संघ ब्यावरा के द्वारा विधि का पालन करते हुए एसडीओपी को लिखित आवेदन दिया गया, वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु दांगी ने बताया कि चेक बाउंस के मामले में उनके पक्षकार कन्हैयालाल दांगी को थाना प्रभारी द्वारा फोन पर बार बार धमकी दी जा रही थी उसी मामले में जब थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से फोन पर बात की तो उन्होंने अभद्र व्यवहार किया, जबकि चेक बाउंस का मामला न्यायालय में लंबित है, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बद्रीलाल यादव ने कहा कि थाना प्रभारी ने माफी मांगते हुए खेद व्यक्त किया है, थाना प्रभारी द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद भी यदि मनमानी की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकांत त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता न्याय दिलाने में अपनी सबसे अहम भूमिका अदा करता है, थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया, एफ आई आर की धमकी तथा दलाली के आरोप लगाए गए जो अशोभनीय व निंदनीय है, पुलिस प्रशासन ने खेद व्यक्त करते हुए अभिभाषक संघ के सदस्यों के बीच माफी मांग ली।

कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को माल्यार्पण कर लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

गुना। लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के मूल्यों के सम्मान के उद्देश्य से आज कांग्रेसजनों ने गुना में शुक्रवार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गुना कलेक्ट्रेट पहुंचकर संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

पंचायत सचिव के बैंक खातों से 9 .42 लाख की ठगी

खंडवा। खंडवा के खालवा विकासखंड में ग्राम पंचायत कालाआम खुर्द के सचिव के दो बैंक खातों से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सचिव श्यामलाल यादव के मुताबिक, 5 से 10 अक्टूबर के बीच उनके खातों से यूपीआई के जरिए करीब 9 लाख 42 हजार रुपए निकालकर अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। खास बात यह है कि, सचिव का दावा है कि उन्होंने न तो एटीएम कार्ड बनवाया था और न ही वे यूपीआई या किसी अन्य ऑनलाइन भुगतान माध्यम का इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद पांच दिनों में उनके खातों से 103 बार लेन-देन किया गया। जोगीबेड़ा निवासी 61 वर्षीय श्यामलाल यादव पिता श्रीपाल यादव ने इस मामले में खालवा थाना प्रभारी को आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बैंक खातों से निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग भी की है। पीड़ित के अनुसार, दोनों खातों में कुल 11 लाख 4 हजार 600 रुपए जमा थे। इनमें से बड़ी रकम निकलने के बाद उन्हें ठगी का पता चला।

बोरवेल में गिरे-बच्चे का कैमरे में नहीं दिख रहा मूवमेंट

जोधपुर राजस्थान के फलोदी जिले में बोरवेल में गिरे भोमाराम (9) को अभी तक नहीं निकाला जा सका है। शुक्रवार सुबह बोरवेल में डाले गए कैमरे में बच्चे का मूवमेंट दिखना भी बंद हो गया है। बोरवेल से रेस्क्यू करने वाले देसी एक्सपर्ट मादाराम और उनकी टीम का प्रयास सफल नहीं हो सका है। बोरवेल के अंदर कैमरे की मदद से पत्थर के आकार और स्थिति देखकर उसके अनुसार दूसरा जुगाड़ तैयार किया जा रहा है ताकि पत्थर को निकाला जा सके। लोहे के सरियों का जाल बनाकर बच्चे को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है । गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पूनिया की ढाणी में भोमाराम 1050 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया था। वह 640 फीट की गहराई में अटका है। बोरवेल में फंसे भोमाराम को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है।

ऑनलाइन बकरे बेचने के नाम पर 66 हजार की ठगी

आलीराजपुर। ऑनलाइन बकरे बेचने के नाम पर 66 हजार की ठगी के मामले में आलीराजपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के संगमनेर से 22 वर्षीय शाहबाज खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने फरियादी अकरम खान से ऑनलाइन बकरे बेचने के बहाने पैसे लिए थे। पुलिस ने ठगी की पूरी रकम भी जब्त कर ली है। फरियादी अकरम खान ने 13 अगस्त 2026 को आलीराजपुर कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शाहबाज खान पर ऑनलाइन बकरे बेचने के नाम पर 66 हजार की ठगी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने अपराध क्रमांक 399/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई गई। तकनीकी जानकारी के आधार पर उसे महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के संगमनेर से पकड़ा गया।

सकल हिन्दू समाज ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

गुना। क्राइस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुना में 13 अक्टूबर 2026 को आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता को लेकर विवाद सामने आया है। इस मामले में सकल हिन्दू समाज ने विरोध दर्ज करते हुए हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य को सौंपा है। जिसमें उन्होंने नाबालिग छात्रा के कथित राजनीतिक दुरुपयोग और शिक्षकों की लापरवाही की शिकायत की गई है। आक्रोशित लोगों ने ज्ञापन के जरिए संबंधित मामले की जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल पूरा मामला ये है कि सरकार की पाठशाला नाम से विद्यालय की छात्रा ने फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया।

सुदृढ़ीकरण समिति में आर्किटेक्ट नियुक्त

गुना। गुना के जाने-माने आर्किटेक्ट एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी ,वर्तमान प्रदेश सह संयोजक प्रोफेशनल प्रकोष्ठ गौरव गर्ग को भारतीय जनता पार्टी की भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति में आर्किटेक्ट नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश भवन निर्माण एवं सुदृढीकरण समिति की घोषणा की है। उक्त समिति में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को संयोजक, अखिलेश जैन को समिति का सचिव, शैलेंद्र बरुआ, श्याम महाजन, राहुल कोठारी, जीतू जिराती को सदस्य एवं गौरव गर्ग को आर्किटेक्ट नियुक्त किया गया है। गौरव गर्ग इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं।

ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को दें लाभ-कलेक्टर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को जनपद पंचायत आरोन की ग्राम पंचायत बारोद में स्वामित्व दस्तावेज पंजीयन शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम आरोन सुश्री मंजुषा खत्री सहित संबंधित अधिकारी, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिविर में कलेक्टर श्री कन्याल ने ग्रामीणों को स्वामित्व योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र ग्रामीणजन स्वामित्व योजना के तहत तैयार अधिकार अभिलेख अनुसार भूखंड की रजिस्ट्री मिलने से उनकी संपत्ति की कीमत बढेगी और वे शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि भूमि का विधिवत मालिकाना हक मिलने से उन्हें बैंक से ऋण लेने में आसानी होगी। योजना के क्रियान्वयन में पटवारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही 10 से 15 मिनट में पूरी की जा सकती है। उन्होंने आमजन से ई-केवाईसी कराने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर कन्याल ने ग्रामीणों से खेती में फसल परिवर्तन अपनाने तथा जल उपलब्धता बनाए रखने के लिए तालाब निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान फसल पैटर्न में बदलाव लाएं तथा सब्जी एवं फूलों की खेती को अपनाएं। पॉलीहाउस के माध्यम से एक एकड़ में सालाना 10 से 15 लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने गाय के गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग कर प्राकृतिक खेती अपनाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने तथा खेती को लाभकारी बनाने के लिए उपलब्ध संभावनाओं का लाभ लेने की बात कही। जिज्जी की पंचायत का भी भ्रमण करने की बात कही। उन्होंने पराली नहीं जलाने के संबंध में भी जागरूक किया।

जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मेसर्स पुष्पा इलेक्ट्रिकल्स एण्ड मशीनरी द्वारा प्रोप्रायटर सौरभ मालपानी पिता राजेन्द्र मालपानी निवासी 372 अन्नपूर्णा नगर उज्जैन का एक भूखण्ड कमांक 65 जिसका क्षेत्रफल 1587 वर्गफीट अर्थात 147.43 वर्गमीटर का है स्थित उद्योगपुरी आगररोड उज्जैन में है जो दी भारत इण्डस्ट्रीयल को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड उज्जैन से प्राप्त किया है जिसकी चर्तु:सीमा निम्नानुसार है- पूर्व में संस्था का 80 फीट रोड, पश्चिम में- भूखण्ड कमांक 65 एफ, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 65 जी, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 64 जिसकी लंबाई 17.50 मीटर व चौडाई 8.38 मीटर की है। यह भूखण्ड मेसर्स पुष्पा इलेक्ट्रिकल्स एण्ड मशीनरी द्वारा प्रोप्रायटर सौरभ मालपानी ने श्रीमती इन्दुबाला पतिं श्री श्यामसुन्दरजी अग्रवाल निवासी अरविन्दनगर उज्जैन से प्राप्त किया था उक्त भूखण्ड के लीजहोल्ड राईट्स कय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र पश्चात में लीजडीड का सम्पादन कराया जाना है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा भूखण्ड कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व लीजडीड की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 16/10/2026

स्थान उज्जैन

राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा)
एडवोकेट एवं नोटरी
51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मो. 9425091124,8959999299

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मुझ प्रार्थी के द्वारा श्याम सिंह पिता श्री विजेन्द्र सिंह राठौर, प्रताप सिंह पिता श्री विजेन्द्र सिंह, श्रीमती पूजा कुंवर पति श्री प्रताप सिंह तथा श्रीमती गोविंद कुंवर पति श्री विजेन्द्र सिंह चारों निवासी ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 83/1 रकबा 1.0000 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर 93/2 रकबा 0.6800 हेक्टयर सर्वे नम्बर 93/3 रकबा 0.6700 हेक्टयर सर्वे नम्बर 93/4 रकबा 0.8000 हेक्टयर सर्वे नम्बर 99/1/2 रकबा 0.4000 हेक्टयर सर्वे नम्बर 100 रकबा 2.5300 हेक्टयर कुल किता 5 कुल रकबा 6.0800 हेक्टयर स्थित ग्राम रूदाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया था और भूमि स्वामी से सौदा चिट्ठी का निष्पादन किया गया था जिसके बाबत् एक जाहिर सूचना का प्रकाशन भी दिनांक 13.06.2026 को किया गया था। उक्त सौदा आपसी सहमति से हमारे मध्य निरस्त हो चुका है और मेरे द्वारा भूमि स्वामी को अदा की गयी बयाना राशि भी वापस प्राप्त कर ली गयी है। चूंकि उक्त सौदा हमारे मध्य निरस्त हो चुका है इसलिये उक्त भूमि में मेरा अब किसी भी प्रकार का हक, हित, अधिकार आदि शेष नहीं रह गया है और अब भूमि स्वामी अपनी उक्त भूमि को किसी भी अन्य व्यक्ति आदि को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है।

इति दिनांक-16.10.2026

यशेष भोजक (जैन)
निवासी-49, अमरसिंह मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 8100002626

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण 1. श्री रामशरण जिंदल पिता श्री वाई आर जिंदल, निवासी-200, अमरनाथ एवेन्यू, अजुश्री होटल के सामने, इन्दौर उज्जैन रोड़, उज्जैन व 2 श्री अभिषेक जिंदल पिता श्री रामशरन जिंदल, निवासी-बी-601, सिद्धराज जेड प्लस, इंफोसिटी जूनियर स्कूल के पास, सरगासण, गांधी नगर, गुजरात, दोनों कृषक ग्राम नीमनवासा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 235 रकबा 0.251 हेक्टर, स्थित ग्राम नीमनवासा, तहसील कोठी महल व जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की हैं तथा जिसे अन्तिम नगर विकास स्कीम क्रमांक 04/2022 के तहत उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन द्वारा तैयार किया गया हैं व जिसका आवासीय उपयोग का अन्तिम भूखण्ड क्रमांक 04/45, कुल क्षेत्रफल 1255.00 वर्गमीटर है, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति. वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित. अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक-16.10.2026. उज्जैन,

निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट
कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग
काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड,
उज्जैन मो. 9301376778

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. नेनीबाई विधवा श्री गिरधारी निवासी ग्राम निपानिया गोयल जिला उज्जैन (म.प्र.) 2. जितेन्द्र पिता श्री गिरध गारी 3. महेश पिता श्री गिरधारी निवासीगण ग्राम निपानिया गोयल जिला उज्जैन (म. प्र.) 4. श्रीमती मंजुबाई पुत्री श्री गिरधारी पति श्री राकेश निवासी ग्राम कंथारखेड़ी जिला उज्जैन (म.प्र.) 5. प्रभु पिता श्री हीरा निवासी ग्राम निपानिया गोयल जिला उज्जैन (म.प्र.) 6. श्रीमती गौरीबाई पिता श्री हीरा पति श्री बापूलाल निवासी ग्राम उड़सिंगा जिला उज्जैन (म.प्र.) 7. राजूबाई पिता श्री हीरा निवासी ग्राम निपानिया गोयल जिला उज्जैन (म.प्र.) 8. बामनी पुत्री श्री हीरा निवासी ग्राम सुल्तानपुर जिला शाजापुर (म.प्र.) समस्त जाति बंजारा से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 154/1 रकबा 0-390 हेक्टर स्थित ग्राम निपानिया गोयल प.ह.नं. 102 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त भूमि के संबंध में पूर्व में दिनांक 19/08/2026 को समाचार पत्र दैनिक अवंतिका में प्रकाशित जाहिर सूचना के संबंध में इन्दर कुमार जुनेजा पिता श्री जगदीश राय जुनेजा व वरूण जुनेजा पिता श्री इन्दर कुमार जुनेजा निवासीगण उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा जो आपत्ति की गई थी उसका न्यायालयीन निराकरण हो चुका है। यदि, उक्त भूमि में अन्य कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 (पन्द्रह) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 16/10/2026

रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)
सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 94250-92149, 90093-04444

जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने नारायण पिता लालजी निवासी ग्राम गुराडिया सांगा तह. नागदा जिला उज्जैन के भूमि स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 296/3 रकबा 0.3500 हैक्टर व सर्वे क्रमांक 296/2 रकबा 0.6000 हैक्टर स्थित ग्राम आक्याधागा तह. महिदपुर जिला उज्जैन में है जिसकी संयुक्त चर्तुसीमा निम्नानुसार है- पूर्व में अन्य की भूमि, पश्चिम में भूमि सर्वे क्रमांक 296/1/1 की भूमि, उत्तर में भूमि सर्वे क्रमांक 294 की भूमि, दक्षिण में-नाला तथा नाला तथा तेजाबाई पति नारायण निवासी ग्राम गुराडिया सांगा तह. नागदा जिला उज्जैन के भूमि स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 849 मीन रकबा 0.02 हैक्टर मेंकी रकबा 0.01 हैक्टर (रास्ते के लिये) स्थित ग्राम गुराडिया सांगा तह. उन्हेल जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भास्ग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 16-10-2026 स्थान उज्जैन

राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी
51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मो. 94250-91124, 8959999299

जाहिर सूचना

बावत् भूखण्ड क्रमांक 12 स्थित तिरूपति एन्क्लेव कॉलोनी, ग्राम डेन्डिया तहसील व जिला उज्जैन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री इंदर सिंह पिता श्री चंदरसिंह जी चावडा, निवासी-76, ग्राम पालाखेडी तहसील हातोद जिला इंदौर म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य भूखण्ड क्रमांक 12 स्थित तिरूपति एन्क्लेव कॉलोनी, ग्राम डेन्डिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट अर्थात 222-83 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा के पूर्व दिशा में रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 03 एवं 4 के भाग, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 13, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक 11 स्थित है को मय तल जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर अनुबंध पत्र संपादित कर संपत्ति स्वामी को बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त संपत्ति स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो

दिनांक 17-10-2026

महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)
कार्यालय:-ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21
रेस-कॉम,नानाखेडा, उज्जैन

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Aadhar Housing Finance Limited की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन जो की भूमि सर्वे क्रमांक 158/15 रकबा 0.10 हेक्टेयर मेसे हक व हिस्से के मान से भवन स्थित ग्राम बांदका तहसील घटियाए जिला उज्जैन म.प्र. उक्त भवन की लम्बाई 57 फीट व चौडाई 30 फीट कुल क्षेत्रफल 1710.00 वर्गफीट याने 158.86 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-विशाल मालवीय का मकान उत्तर में -आम रास्ता। व दक्षिण में-आम रास्ता। स्थित है। उक्त भवन संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री योगेश पिता श्री शंकरलाल है। उक्त सम्पत्ति पर दान पत्र के माध्यम से भुमि स्वामी श्री योगेश पिता श्री शंकरलाल ने इसके पूर्व स्वामी श्रीमती शोभा मालवीय पिता श्री शंकरलाल पति श्री राजेश, बलराम पिता श्री शंकरलाल से जर्ये दान पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A101187367 दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से प्राप्त की है। वर्तमान स्वामी के पिता श्री शंकरलाल कि मृत्यु पूर्व में हो जाने के पश्चात उनके वेध वारिस श्रीमती शोभा मालवीय पिता श्री शंकरलाल पति श्री राजेश, बलराम पिता श्री शंकरलाल व योगेश पिता श्री शंकरलाल है तथा उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वापमी द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु Aadhar Housing Finance Limited में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या पूर्व स्वामी के परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Aadhar Housing Finance Limited द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Aadhar Housing Finance Limited का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 16.10.2026

कमलेश बामनिया एडवोकेट
210 प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन
मो. 6260038664-9575990464

In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.)

Presiding Officer -**श्री संजीव कुमार गुप्ता**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु (RCS HM/594/2025)
अनिल प्रजापत.....आवेदक
विरूद्ध
श्रीमती पूजा प्रजापत..... अनावेदक
Process ID-
पेशी दिनांक 20/11/2026

प्रेषिती

श्रीमती पूजा प्रजापत पति अनिल प्रजापत पुत्री किशनलाल प्रजापत, हाल मुकाम - तिलकेश्वर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.)

मोबाईल नं. 7638547302

यह कि प्रार्थी **अनिल प्रजापत पिता रामलाल प्रजापत, आयु 26 वर्ष, निवासी- पीपलीनाका गढ़कालिका रोड, यंगऐरा स्कूल के पास, उज्जैन (म.प्र.)** ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का श्रीमती पूजा प्रजापत पति अनिल प्रजापत पुत्री किशनलाल प्रजापत लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 07/10/2028 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
(संजीव कुमार गुप्ता)
प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)

न्यूज-कॉलम

कनघट्टी से सनावदा मार्ग बनवाने हेतु ग्रामीणजनो की ऊठी आवाज

पिपलिया मंडी। जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम कनघट्टी से सनावदा मार्ग सनातन से चालू था। उक्त मार्ग बरसात में बंद हो जाता है तथा रास्ते में पानी भर जाता है। किसानों को अपने खेतों पर जाने में काफी कठिनाई होती है।किसानों ने शासन से अनुरोध किया है कि कनघट्टी से सनावदा मार्ग को शीघ्र ही बनवाने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें, जिससे किसानों एवं आमजन को आवागमन में सुविधा हो सके।अतः शासन से मांग करी है कि हमारी समस्या को ध्यान में रखते हुए शिघ्रता से उक्त मार्ग का निर्माण करवाने की कृपा करें।

सेजावता बायपास फाटक पर ट्रेन की चपेट में आई कार

रतलाम। रतलाम में गुरुवार रात एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। सेजावता बायपास रेलवे फाटक पर ट्रेन आने के समय गेट समय पर बंद न किए जाने के कारण एक चार पहिया वाहन ट्रैक के बीचों-बीच फंस गया, जिससे एक स्पेशल ट्रेन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त कार में सवार लोग समय रहते बाहर निकल आए थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के अनुसार, रात करीब 10 बजे रतलाम आ रही एक लाल रंग की एमजी हेक्टर कार (गुजरात पासिंग सेजावता बायपास फाटक को पार कर रही थी।

नरवाई एवं पराली जलाने पर टास्क फोर्स गठित

रतलाम। नरवाई एवं पराली जलाने वाले राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, राजस्थान व मध्यप्रदेश में से सर्वाधिक घटनाएं मध्यप्रदेश में दर्ज की जा रही है। इन घटनाओ पर प्रभावी नियंत्रण हेतु राज्य स्तर पर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा सभी जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की ऑनलाइन बैठक ली गई।ऑनलाइन बैठक में नरवाई एवं पराली जलाने की घटनाओ पर प्रभावी नियंत्रण हेतु ग्राम, विकासखण्ड व जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए। नरवाई एवं पराली जलाने से किसानों को हतोत्साहित करने हेतु कानूनी एवं दंडात्मक कार्यवाही के साथ ही नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्र जैसे स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम (स्मूस) को हार्वेस्टरों के साथ अनिवार्य उपयोग करने पर जोर दिया गया। खेत में बचे फसल अवशेषों को उपयोग में लेने हेतु गौशाला के साथ नरवाई प्रबंधन यंत्रों को मैप करने के साथ ही नरवाई एवं पराली इकठ्ठा करने वाले एग्रिगेटर को ष्टक्त्र (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट के साथ जोड़कर फसल अवशेषों को आय के नए स्त्रोत में परिवर्तित करने हेतु निर्देश दिए गए।

डोडाचूरा के आरोपी को 12 वर्ष का सश्रम कारावास

नीमच। विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा क्रेटा कार में 307.790 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी लक्ष्मण पिता औंकार रेबारी, निवासी-ग्राम असारवा की ढ़ाणी, तहसील व थाना भदेसर, जिला-चित्तौड़गढ (राजस्थान) को धारा 8/15 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 12 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2 लाख रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की हुण्डई क्रेटा कार में एक व्यक्ति 3 क्वींटल डोडाचूरा लेकर जा रहा है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है । केटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है । **ऑक्शन केटलॉग सं :** ADVT-RTM-26-35 **अनुबंध का प्रकार :** Advertising **लॉट नं :** ADVT-RTM-LMNR-OSN-174-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)/ADVT-RTM-RJQ-OSN-175-26-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) **अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष **ई-नीलामी की तिथि :** 30.10.2026 **समय:** 12.00 बजे । प्रारंभिक क्लोसिंग ऑफ अवधि 30 मिनिट है । अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है ।
Apex/300
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पति ने दूसरी महिला के साथ मिलकर पत्नी से की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम।

जिले के ताल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थम्बगुराड़िया की रहने वाली एक महिला ने अपने पति और उसकी दूसरी महिला साथी पर मारपीट करने, गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता पति शांतिलाल पाटीदार (उम्र लगभग २० वर्ष पूर्व विवाह) निवासी थम्बगुराड़िया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घरेलू कामकाज व मजदूरी करती है। उसका विवाह 20 साल पहले शांतिलाल (पिता मोहनलाल पाटीदार) के साथ हुआ था, जिनसे उनके दो बच्चे 15 वर्षीय एक लड़का और 12 वर्षीय एक लड़की) हैं।

पीड़िता के अनुसार, वह करीब एक साल पहले काम करने मनावर चली गई थी। जब वह तीन महीने पहले वापस अपने घर लौटी, तो उसे पता चला कि उसका पति शांतिलाल एक अन्य महिला को अपने साथ घर में रख रहा है।

विवाद और मारपीट की घटना

जानकारी के अनुसार, बीते 24 सितंबर को जब पीड़िता का पति घर नहीं आया, तो वह उसे ढूंढते हुए दूसरे घर पहुंची। वहां पति शांतिलाल और दूसरी महिला मौजूद थे। जब पीड़िता ने अपने पति से वहां रहने का कारण पूछा, तो आरोपी पति और उक्त महिला ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया।

आरोप है कि दोनों ने पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां दीं। जब पीड़िता ने गालियां देने से मना किया, तो पति शांतिलाल ने उसका गला दबा दिया और थप्पड़ों से मारपीट की।

मारपीट के दौरान दोनों आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि "आज के बाद यदि तू यहां आई, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे"। घटना के बाद पीड़िता के पहचान वाले अहसान मेवाती (निवासी आलोट) और परिवार के लोगों ने आकर बीच-बचाव किया तथा मामला शांत कराया। पीड़िता की शिकायत पर ताल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

दुषित मिठाई खाने से बालक की मौत के बाद देवश्री नमकीन के संचालक पर एफआईआर दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

कमानी गेट पुरानी धान मंडी स्थित देव श्री नमकीन दुकान से बिनोली ग्राम निवासी ३ वर्षीय बालक की मिठाई खाने के बाद 10 अक्टूबर को मौत हो गई थी ।मृतक बालक के माता-पिता भी मिठाई खाने से बीमार हो गए थे ।जिनका उपचार जावरा के पश्चात मंदसौर निजी चिकित्सालय में हुआ था ।इलाज के दौरान बालक की मौत शासकीय चिकित्सालय मंदसौर में हो गई थी ।इसके पश्चात रिंगनोद पुलिस ने प्रारंभिक जांच के पश्चात देव श्री नमकीन दुकान संचालक सत्यनारायण अग्रवाल के विरोध प्रकरण दर्ज करके जांच प्रारंभ की। रिंगनोद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन के अनुसार 10 अक्टूबर को बिनोली निवासी आर्यन गोस्वामी की मंदसौर शासकीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई थी । रिंगनोद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की थी ।मृतक आर्यन के पिता जितेंद्र एवं माता टीना स्वामी की भी मिठाई खाने से तबीयत बिगड़ी थी। पुलिस ने दुकान संचालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त दुकान से खाद सुरक्षा विभाग ने भी जांच के लिए सैंपल लिए थे। जिनकी रिपोर्ट अभी आना बाकी है ।पुलिस को भी पोस्टमार्टम व अन्य परीक्षण की रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

ज्ञानोदय स्कूल की छात्राओं ने नीमच को अंडर-14 में दिलाया रजत पदक

नीमच। उज्जैन में 12 अक्टूबर को आयोजित शालेय संभागीय अंडर-14 बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में नीमच जिले की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में संभाग के नीमच, मंदसौर, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास और आगर जिलों की टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में नीमच की टीम ने अपने पहले मुकाबले में आगर जिले की टीम को 19-13 से पराजित किया। इसके बाद दूसरे मुकाबले में देवास जिले की टीम को 20-16 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में नीमच की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नीमच जिले की रजत पदक विजेता टीम में ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की खिलाड़ी दिव्या राव, अदिति चंदेल, आराध्या जायसवाल, गुरशीश गोत्रा एवं चहल चावला ने अपने दमदार खेल प्रदर्शन से टीम को फाइनल तक पहुंचाने और रजत पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्री आशुतोष रस्तोगी, निदेशिका डॉ. गरिमा चौरसिया, समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

त्यौहारों में स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करें-राजेन्द्र अग्रवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



आगामी त्यौहारों को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र अग्रवाल ने आमा नागरिकों एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी दैनिक जरूरत की वस्तुओं से लेकर आगामी त्यौहारों की तमाम खरीदारी अपने शहर और आसपास के स्थानीय दुकानदारों व व्यापारियों से ही करें। उनके अनुसार, जब स्थानीय नागरिक अपने ही क्षेत्र के बाजारों से सामान खरीदते हैं, तो उसका सीधा और प्रत्यक्ष लाभ हमारे अपने नगर के छोटे-छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और पारंपरिक दुकानदारों को मिलता है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलती है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग और बड़े-बड़े मॉल से खरीदारी करने पर उपभोक्ताओं को कोई विशेष या स्थायी लाभ प्राप्त नहीं होता, जबकि स्थानीय दुकानदार के पास मिलने वाली आत्मीयता, आदर-सम्मान और अपनापन डिजिटल स्क्रीन पर महसूस नहीं किया जा सकता। स्थानीय बाजारों में खरीदारी करने से उपभोक्ता स्वयं अपनी आँखों के सामने सामग्री की गुणवत्ता को परख सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार उचित मोलभाव कर सकते हैं। उन्होंने नगर एवं ग्रामीण अंचल के समस्त नागरिकों से इस त्यौहारी सीजन में स्वदेशी और स्थानीय व्यापार का समर्थन करने का आग्रह किया है।

चंटियाँ महोत्सव में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाए कई रूप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा नूतन स्टेडियम के पास टैक्सी स्टैंड के प्रांगण में आयोजित चंटियाँ महोत्सव में नगर के युवाओं का उत्साह चरमोत्कर्ष पर दिख रहा है। मंदसौर नगर में यह पहला नवाचार है कि केवल पुरुषों के लिए पूरी धार्मिक मयार्दा के साथ गरबों का आयोजन किया जा रहा है, जहां फिल्मी गानों के स्थान पर केवल धार्मिक गीतों पर गरबे होते हैं।

शारदीय नवरात्रि की पंचमी की रात यहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई युवा विभिन्न स्वांग रच कर आए। प्रथम पुरस्कार तांत्रिक बने शिवा गुजराती को, द्वितीय पुरस्कार भूतनी बने हरीश वर्मा और दुल्हन बने सुरेश जायसवाल को, तथा तृतीय पुरस्कार घायल पेशेंट बने लोकेश वर्मा और छोटा पंडित बने राज चौहान को प्रदान किया गया।

निर्णायक समिति में वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी और भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं समिति के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, नरेंद्र अग्रवाल, जगदीश चौधरी, संजय मित्तल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। उधर कॉलेज ग्राउंड पर 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव की भी भव्य तैयारियां चल रही हैं, जहाँ फतेहपुर सीकरी के कलाकारों द्वारा रावण के 71 फीट और मेघनाथ व कुंभकरण के 41-41 फीट ऊंचे पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।

अल्पवर्षा से मुंगफली को लेकर किसान परेशान, खेतो में पानी पहुंचाकर उखाड़ रहे मुंगफली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़



अल्पवर्षा को लेकर पहले से परेशान किसानों की मुश्किल मुंगफली की फसल को उखाड़ने को लेकर बनी हुई है किसान कही स्पिलिंकर तो कही पाइप से पानी पहुंचाकर मुंगफली उखाड़ने को मजबूर है।

शुक्रवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजित कुमठ,जनपद सदस्य श्यामलाल मालवीय चावली, घनश्याम बैरागी आदि मुंगफली उत्पादक किसानों एवं मजदूर बहिनों से खेतों में जाकर मिले।किसानो ने बताया कि खेतो में नमी बिल्कुल भी नही है मुंगफली की फसल को निकालने के लिए खेतो को गीला करना पड़ रहा है ताकि मुंगफली आसानी से निकल जाए अंदर नही टूटे व नुकसान भी नही हो।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता अजित कुमठ ने कहा कि अल्पवर्षा से जलस्तर काफी कम है ऐसे में किसानों को मुंगफली उखाड़ने में काफी पानी मजबूरी में व्यर्थ बहाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओ ने कहा कि किसानों को रबी की फसल को सिंचित करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि लगातार तेज गर्मी से धीरे धीरे जलस्तर भी कम होता जारहा है और सरकार ने अभी तक वर्ष 2026-27 की अफीम नीति को भी हरीझंडी नही दी है किसान काफी असमंजस की स्थिति में है। नीलगाय का भी आतंक खत्म नही होरहा है इस समस्या के समाधान को लेकर भी सरकार पूरी तरह फैल रही है।



महिला वॉलीबॉल में मंदसौर ने रतलाम को हराकर जीता संभागीय खिताब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में उज्जैन, रतलाम, नीमच, देवास, शाजापुर, मंदसौर एवं आगर मालवा की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हॉर्टिकल्चर कॉलेज, मंदसौर के खेल अधिकारी प्रदीप तुरुकमाने ने किया। फाइनल मुकाबले में मंदसौर की टीम ने रतलाम को एकतरफा शिकस्त दी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मंदसौर महाविद्यालय की छः महिला खिलाड़ियों का चयन आगामी वेस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो महाविद्यालय और पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। समापन समारोह में भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक शांतिलाल मालवीय ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल अधिकारीगण राजू कुमार, रज्जाक मेव, मनीष पांचाल, जितेंद्र सुरा, अंकेश सुरा एवं खुशबू सिसोदिया आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

कलेक्टर ने कम वर्षा को देखते हुए जल उपयोग की समुचित कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले में इस वर्ष हुई कम वर्षा को देखते हुए उपलब्ध जल संसाधनों का नियोजित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिवाजी सागर तालाब, मालखेड़ा तालाब सहित जिले के अन्य जलाशयों में उपलब्ध जल की स्थिति, सिंचाई की आवश्यकताओं तथा जल के औद्योगिक उपयोग के संबंध में चर्चा की गई।

सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने दिए निर्देश

- जल उपयोग की प्राथमिकताएं निर्धारित करें: सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने निर्देश दिए कि उपलब्ध जल का उपयोग सर्वप्रथम पेयजल, इसके बाद सिंचाई और तत्पश्चात औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाए। कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलों को प्रोत्साहित करें: जिले के वर्तमान फसल चक्र का आकलन कर ऐसी फसलों को बढ़ावा दिया जाए, जिनमें पानी की खपत कम हो तथा उत्पादकता और बाजार मूल्य बेहतर होने से किसानों को अधिक आर्थिक लाभ मिल सके।

- किसानों को आर्थिक आधार पर मार्गदर्शन दें: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग किसानों को फसलों की लागत, संभावित उत्पादन, बाजार मूल्य और आर्थिक लाभ की जानकारी उपलब्ध कराए। इसके लिए किसान संगोष्ठियां आयोजित कर कम जल खपत वाली लाभकारी फसलों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए।

- अवैध पंपिंग पर कार्रवाई करें: तालाबों से अवैध रूप से पानी निकालने के मामलों में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जल की बबार्दी पर रोक लगाएं: विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने जल निगम को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों सहित जिले में कहीं भी पेयजल की बबार्दी होने पर नियमित निगरानी की जाए और संबंधित समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए।

न्यूज कालम



महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में समय प्रबंधन विषय पर सेमिनार संपन्न

मन्दसौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को सांदीपनी महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय मंदसौर में च्समय प्रबंधन विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में प्राचार्य रविंद्र दवे ने कहा कि छात्राओं को अपने जीवन में समय योजना बनाकर प्रत्येक कार्य करना चाहिए, जिससे वे अपने लक्ष्य को समय पर प्राप्त कर सकें।मुख्य अतिथि शा. स्ना. महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. वीणा सिंह ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि यदि वे समय योजना अपनाकर प्रत्येक कार्य निर्धारित समय पर करेंगी, तो पढ़ाई, खेल एवं मनोरंजन के लिए भी पर्याप्त समय मिलेगा और मानसिक रूप से परिपक्व होकर लक्ष्य निर्धारण करने में सफल होंगी।कार्यक्रम का संचालन सुरेश बोराना ने किया तथा आभार हामिद खान जैदी ने माना। इस अवसर पर राजेश रत्नावत, रचना आर्य, दीपश्री राठौर, लोकेंद्र शर्मा, प्रद्युम्न व्यास, जया सोनी, टीना बाफना, ज्योति दुबे, मुनमुन जैन, अर्चना अठवाल और प्रतिभा भटनागर उपस्थित रहे।

न.पा. परिषद द्वारा दो उद्यानों में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



मंदसौर। नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा वार्ड क्र. 21 में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, नपा सभापति निर्मला चंदवानी, और क्षेत्रीय पार्षद सुनीता गुजरिया ने श्रीफल बदारकर वार्ड के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर उद्यान व अभिनंदन नगर विस्तार 1 के पानी की टंकी वाले उद्यान में सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक तथा फुटपाथ निर्माण आदि कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल महामंत्री केसरीमल जटिया, बंशी राठौर, पार्षद भावना पमनानी, रेखा सोनी, प्रीति रोखले, बिन्दू चन्द्रे, जेहरा पानवाला तथा नपा उपयंत्री शाहिद मिर्जा आदि उपस्थित थे।

नगर में पुलिस प्रशासन ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



पिपलियामंडी। त्योहारों के चलते हुए पिपलियामंडी थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने एवं चौकी प्रभारी रितेश डामोर के नेतृत्व में नगर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दो फटाका आवाज वाली साइलेंसर मोटरसाइकिल पकड़ कर चालानी कार्रवाई की तथा अन्य वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों को मिले तनाव प्रबंधन और करियर के टिप्स



मन्दसौर। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में प्राचार्य के.सी. सोलंकी के निर्देशन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक दिवसीय विशेष सेमिनार एवं राज्यस्तरीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। सेवा-संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सिविल हॉस्पिटल से आए डॉ. हिमांशु यजुवेर्दी ने छात्रों को तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, सही समय प्रबंधन और आत्मविश्वास सुदृढ़ीकरण पर मूल्यवान मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. द्वारा स्मार्ट बोर्ड पर प्रसारित राज्यस्तरीय वेबिनार के जरिए कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग से तालमेल विषय पर भविष्य निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया गया। करियर काउंसलिंग प्रभारी सुरभि शर्मा के संयोजन तथा ज्योति गोस्वामी के प्रभावी संचालन में संपन्न हुए।



रबी सीजन को देखते हुए कर्मचारियों को दिए सुरक्षा उपकरण

सुसनेर। रबी सीजन को देखते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। इस दौरान सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने की समझाइश दी गई। जिन कर्मचारियों के पास सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं थे, उन्हें उपकरण प्रदान किए गए। जेई इमरान खान ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें और सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियां बरतते हुए ही कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

कालेश्वर मंदिर में संगीतमय रामलीला का मंचन जारी

सुसनेर। नगर के मेला ग्राउंड स्थित श्री कालेश्वर मंदिर में संगीतमय रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। प्रयागराज से आई रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों का संगीतमय मंचन किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे तक हो रहा है जो 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। रामलीला के माध्यम से दर्शकों को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मयार्दा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जा रहा है।

श्री बगड़ावत धाम पर प्रतिदिन हो रही आरती

सुसनेर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर के श्री बगड़ावत धाम पर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। यहां प्रतिदिन रात्रि 9 बजे मां की आरती का आयोजन हो रहा है जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर माता की आराधना कर रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर श्री बगड़ावत धाम पर बगड़ावत माता एवं शीतला माता की मूर्तियों की स्थापना की गई है। नवरात्रि के चलते धाम पर श्रद्धालुओं की आस्था का माहौल बना हुआ है। वहीं, अष्टमी के अवसर पर यहां महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचकर माता के दर्शन करने और आरती में शामिल होने की संभावना है।

व्रत करने वाली छात्राओं को फलाहारी खिचड़ी वितरीत

महिदपुर रोड। शारदीय नव रात्रि के दौरान स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को नवरात्रि का व्रत रखने पर विद्यालय प्रबं धन मध्यान्ह भोजन संचालन समि ति द्वारा फलाहारी खिचड़ी का वितरण स्कूली समय में भोजन के दौरान किया जा रहा है इसी तारतम्य में नवरात्रि के पांचवें दिन गुरुवार को नगर के कन्या स्कूल में प्राचार्य अनिल से ठिया द्वारा स्कूली शिक्षक शिक्षि काओं के सहयोग स्कूल में पढ़ने आने वाली सभी छात्राओं को सा बूदाने की फलाहारी खिचड़ी का प्रसाद भोजन के रूप में परोसा गया अन्य अशासकीय विद्यालय में नवरात्रि का व्रत करने वाले मध्याह्न भोजन के रूप में परोसे जाने की जानकारी मिली है।

विधायक ने भक्तों के पीने के पानी की टंकी के लिये विधायक निधि से दी राशि

महिदपुर रोड। विधायक दिनेश जैन ने पास के आलोट वि धानसभा क्षैत्र के प्रसिद्ध माता मंदिर किशनगढ़ कढ़ाई में नव रात्रि के दौरान माता के दर्शन करने आने वाले भक्तों के पीने के पानी की एक टंकी के लिये विधा यक निधि से 7 लाख की लागत से टांका निर्माण के लिए राशि देने की राशि देने की घोषणा की। ग्राम किशनगढ़ कढ़ाई के भादवा माता मंदिर में दोनों नवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में भी लकवा तथा अन्य शारीरिक व्याधियों से पीड़ित श्रद्धालु आकर स्वस्थ होने तक यही ठहरते है। माता के दर्शन करने पहुंचे विधायक जैन के अलावा रतलाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार, रमेश पाठक, प्रताप सिंह सौलंकी आदि मौजूद रहे।

युवा विकास मंडल संस्था एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल कैंप का आयोजन

स्कूली छात्राओं की सुरक्षा, अधिकारों एवं जागरूकता को लेकर कैंप का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



युवा विकास मंडल संस्था एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजगढ़ के पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय, ड्योढ़ी शाला में छात्राओं की सुरक्षा, अधिकारों एवं जागरूकता को लेकर स्कूल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को साइबर सुरक्षा, बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, हिंसा एवं भेदभाव, बाल विवाह तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत युवा विकास मंडल संस्था के परिचय से हुई। संस्था की प्रतिनिधि श्रीमती रानी चौहान द्वारा संस्था के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को उनके बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही हिंसा एवं भेदभाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने अधिकारों को समझने तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी श्रीमती कुसुम वात्सले ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी भी बालिका के साथ किसी प्रकार का अपराध, उत्पीड़न या दुर्व्यवहार होता है, तो उसे छिपाने के बजाय खुलकर अपनी बात रखनी चाहिए तथा संबंधित पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इसी क्रम में यातायात प्रभारी सूबेदार श्रीमती इति शर्मा द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित आवागमन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क पर सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं को साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की

इसके पश्चात उपस्थित छात्राओं को साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वर्तमान समय में आर्थिक धोखाधड़ी के साथ-साथ महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध बढ़ते साइबर अपराधों पर चर्चा की गई। छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सतर्कता बरतने तथा किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या उत्पीड़न की स्थिति में उचित कदम उठाने के बारे में जानकारी दी गई।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महिदपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 14 अक्टूबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे एवं तहसीलदार सुश्री संतुष्टि पाल उपस्थित रहे। एसडीएम हिंगे ने मतदाता सूची की शुद्धता, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा निर्वाचन अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी। तहसीलदार सुश्री पाल ने पात्र विद्यार्थियों को मतदाता परिचय पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन शाखा के श्री सिद्धीक नागौरी ने ऑनलाइन मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम सिंह ने किया तथा आभार डॉ. अनीता यादव ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दुर्गा वाहिनी का विशाल पथ संचलन निकला



महिदपुर। शारदीय नवरात्रि और दुर्गा उत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी द्वारा भव्य पथ संचलन और शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा वाहिनी प्रखंड संयोजिका पल्लवी जोशी द्वारा किया गया। शस्त्र पूजन में प्रांत से पधारी मुख्य अतिथि मानसी उपाध्याय मालवा प्रांत की बाल संस्कार केंद्र प्रमुख द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कन्याओं के साथ-साथ पूजा की एवं बालिकाओं को अपने उद्बोधन में कहा कि शस्त्र हमारी शक्ति का प्रतीक है समय आने पर नारी को दुर्गा बनना ही पड़ता है इसलिए नवरात्रि में शक्ति पूजा का विधान है। पथ संचलन में हाथों में तलवार लाठियां और भगवा ध्वज थामे अनुशासित कतार में चलती दुर्गा वाहिनी की स्वयंसेविका ने समाज को यह संदेश दिया कि आज की नारी अबला नहीं बल्कि देश की रक्षा और स्वयं की रक्षा करने में पूर्ण रूपेण सक्षम है। पथ संचलन का विभिन्न सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों ने पुष्पों से स्वागत किया । कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद पूर्व उपाध्यक्ष नूतन मिश्रा, जिला संयोजिका रजनी गुलाटी, पूजा रावल, सहसंयोजिका सरोज पोरवाल, नगर संयोजिका लीना व्यास, प्रियंका व्यास, ऐश्वर्या ठाकुर, आर्या शर्मा, किरण बैरागी, प्रीति शर्मा, रेखा व्यास, अंगुरबाला ठाकुर, अश्वनी भाईसारे मातृ शक्ति उपस्थित रही। साथ ही जिले में प्रखंड के पदाधिकारी ओम पाठक, जगदीश उपाध्याय, मोहनसिंह सिसोदिया, समरथ पंड्या, जितेंद्र सिसोदिया, विष्णु मालवीय, राजेश रावल आदि कार्यकताओं का पथ संचलन में सहयोग रहा। कार्यक्रम का आभार जिला संयोजिका रजनी गुलाटी द्वारा व्यक्त किया गया । जानकारी नगर संयोजिका लीना व्यास द्वारा दी गई।

ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत बहाल करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़



जिला मुख्यालय राजगढ़ में अखिल भारतीय ओबीसी महासभा,एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा, किसान सेना भारत संगठन के तत्वावधान में व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल तंवर रसभरी राजगढ़ के नेतृत्व में ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत बहाल करने तथा जनगणना 2027 में ओबीसी का अलग से कालम देने सहित अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा गया ' इस मौके पर सभी संगठन के पदाधिकारी दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट परिसर राजगढ़ में एकत्रित हुए और रैली निकालकर जिला प्रशासन को अपनी मांगो से अवगत कराया ' ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हीरासिंह पटेल सोधिंया, राष्ट्रीय कार्यकारी संगठन महामंत्री नारायण सिंह सोंधिया, प्रदेश संरक्षक माधोसिंह तंवर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल तंवर रसभरी, प्रदेश मिडिया प्रभारी महेश वर्मा अक्षर, प्रदेश सहसचिव मनोहार सिंह मीना, जिला अध्यक्ष कमल सिंह दांगी, करनसिंह तंवर जिला संगठन महामंत्री, गोविंद तंवर ब्लॉक अध्यक्ष राजगढ़, जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार मेरोठा, नारायण सिंह तंवर मोतीपुर जनपद सदस्य, दयाराम तंवर धनवास, राधेश्याम यादव सुठालिया, नारायण सिंह यादव नरसिंहगढ़, देवीसिंह दांगी, दिपक वाल्मीकि सारंगपुर सहित अनेक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल रहे ।

सकल हिंदू समाज ने शस्त्र एवं शास्त्र पूजन कर की शक्ति आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

सकल हिंदू सामाजिक समिति, नागदा के तत्वावधान में गुरुवार को जवाहर मार्ग स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में शस्त्र एवं शास्त्र पूजन के साथ शक्ति आराधना का आयोजन किया गया। दोपहर 2 से 4 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों नगरवासी, समाज प्रतिनिधियों एवं गण मान्य ने मां शक्ति का आह्वान कर विधि-विधान से पूजन किया। मां शक्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कंकू अबीर गुलाल पुष्प से मां की आराधना कर शस्त्र पूजन एवं शास्त्र पूजन किया। मां शक्ति के जयकारों के साथ धर्म की जय, अधर्म के नाश और विश्व कल्याण की कामना के साथ धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सोनी ने किया।

ज्ञान एवं शक्ति का महत्व आत्मसात करना चाहिए

कार्यक्रम में विशाल बहल ने शस्त्र एवं शास्त्र की महिमा पर प्रबोधन देते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए दोनों का ज्ञान आवश्यक है। शस्त्र राष्ट्र की सुरक्षा, जबकि शास्त्र संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का आधार हैं। जिस समाज के पास शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञान नहीं होता, उसकी संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा कठिन हो जाती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझते हुए ज्ञान एवं शक्ति, दोनों का महत्व आत्मसात करना चाहिए।

साक्षी पंड्या का बेंगलुरु में इंजीनियर पद पर नियुक्ति से गांव में हर्ष



इंगोरिया। गांव की साक्षी पंड्या बनी आई टी इंजीनियर। किसान एवं शिक्षक विजय पंड्या निवासी ग्राम पांसलौद की बेटी का बेंगलुरु (कर्नाटका) आईटी कंपनी ceb gemifi में इंजीनियर IT के पद पर कार्यभार संभाला साथ ही पंड्या परिवार का गौरव बढ़ाया । ग्राम पासलोद तहसील बडनगर जिला उज्जैन मध्य प्रदेश की साक्षी पंड्या को ग्राम वासियों ने बधाई दी है। एवं शुभ कामनाएं व्यक्त की।

दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण

ब्यावरा। आगामी दशहरा पर्व को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर पालिका की टीम के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान दशहरा मैदान में आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पर्व के दौरान नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि नगरवासी उत्साह एवं उल्लास के साथ विजयादशमी का पर्व मना सकें।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम कलाली में एसडीएम और तहसीलदार ने किया रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण

सारंगपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को उनकी संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक दिलाने और राजस्व प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाई जा रही स्वामित्व योजना के तहत प्रशासनिक सक्रियता लगातार जारी है। इसी क्रम में सारंगपुर एसडीएम जय सोलंकी एवं तहसीलदार सुनील वर्मा ने ग्राम कलाली पहुँचकर स्वामित्व योजना के अंतर्गत चल रहे रजिस्ट्री एवं रिकॉर्ड संधारण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले से योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। एसडीएम जय सोलंकी ने तैयार किए गए भू-स्वामित्व दस्तावेजों, नक्शों और नामांतरण पंजियों का बारीकी से अवलोकन किया।

कायस्थ बंधु समिति ने चलाया माँसाहार मुक्त अभियान

शाकाहार परिवारजनों को चित्रगुप्त सम्मान से किया जा रहा सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री चित्रगुप्त शाकाहार परिवार सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।नवरात्रि पांच दिनो में कायस्थ बंधु समिति ने पच्चीस घरो में जाकर सम्मान सहित लोगो से भविष्य में अंडे.माँस न लेने का संकल्प पत्र भरवाए है।

इसी उद्देश्य को लेकर गुरुवार को कोलार क्षेत्र भोपाल के विंडसर पाम और सर्वधर्म सी सेक्टर कालोनी में श्रीमति संगीता,अशोक श्रीवास्तव,श्रीमति आशा देवेन्द्र श्रीवास्तव को परिवार सहित को माँसाहार खान-पान मुक्त अभियान में शामिल होने के उपलक्ष्य में कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने पीले गमछे पहनाकर श्री चित्रगुप्त शाकाहार सम्मान से परिवार को सम्मानित किया है। अभी तक भोपाल से दो सौ से अधिक कायस्थ परिवार अभियान से जुड चुके है। अभियान की नीतियो से प्रभावित होकर कायस्थ

5 साल से अभियान जारी

गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि ये परिवार विगत पांच साल से न केवल शाकाहार का पालन कर रहा है बल्कि अभियान में अपना विशेष योगदान भी दे रहे है। समाज से माँसाहार खान-पान बंद हो। इसी उद्देश्य को लेकर कायस्थ बंधु समिति भोपाल सहित अन्य नगरो में माँसाहार त्यागो सम्मान पाओ कार्यक्रम कर रही है।

गीता भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 90 रोगियों का किया परीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल के सौजन्य से गीता भवन न्यास समिति द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर 15 अक्टूबर गुरुवार को संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार ललित सोनी एवं डॉक्टर विजय पटेल मक्सी थे। सर्व प्रथम अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवानी ने दिए। शिविर में बीपी एवं शुगर की जांच डॉक्टर मोडीराम दोराया एवं डॉक्टर विनोद शास्त्री द्वारा की गई।

शिविर में कुल 90 रोगियों



का परीक्षण किया गया जिसमें से 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मक्सी भेजा गया। परीक्षण के अलावा विभिन्न रोगों की जांच डॉक्टर प्रवेश सोनी द्वारा की गई एवं निःशुल्क दवाई दी गई। शिविर में पाइल्स, आँख में डालने का गंगाजल एवं साइटिका की 35 मरीजों को निशुल्क दवाई वितरण की गई। उक्त जानकारी संजय कुमावत ने प्रदान की गई।

ये रहे उपस्थित

शिविर में ट्रस्टी हरगोविंद मेंलवणी, विनोद मकवाना, विराग मिश्रा, राजेंद्र कौशल, सुभाष गुप्ते तथा सेवादार दिलीप पंचाक्षरी, योगेश आचार्य, सतीश रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह राठौड़, मंजू जैन, मंजू जायसवाल, हेमंत देशमुख, रमेशचंद्र मंडी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण पोरवाल ने किया एवं आभार सतीश नीमा ने माना।

पुजारी नाथ परिवार की 28 वीं पीढ़ी कर रही माँ की सेवा

बडौद। नगर में नवरात्रि के पर्व नगर माता मंदिरों में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ मंदिरों की रौनक देखते बनती है और सुबह शाम माता मंदिरों में श्रदालुओं की भीड़ लग रही है और महाआरती में श्रदालु भाग लेकर प्रसादी ग्रहण कर रहे है। नगर के प्राचीन श्री दुधाखेड़ी माता मंदिर स्थित है जो पिछले 400 वर्ष पुराना मंदिर जिसमें आज भी एक ही परिवार नाथ संप्रदाय परिवार के द्वारा माता मंदिर में पूजा अर्चन की जा रही है मंदिर पुजारी शंकरनाथ योगी ने



बताया कि हमारी 28 वीं पीढ़ी माताजी की सेवा कर रही है और पहले माताजी एक रायन के पेड़ के नीचे एक चबूतरे पर विराजित थी और नगर के पुराने जमाने के अग्रवाल सेठ परिवार रहता है।

पुत्र प्राप्ति की माँगी मन्नत

परिवार में पुत्र प्राप्ति के लिए माताजी के मंदिर में अग्रवाल परिवार ने मन्नत मांगी और पुत्र प्राप्ति होने पर अग्रवाल परिवार ने माता मंदिर का निर्माण करवाया था जो आज तक बना हुआ है जो जर्जर अवस्था में है और शासन के अधीन है लेकिन आज तक कोई निर्माण कार्य शासन की और से नहीं हुआ है।

पहाड़ों से लाई गई थी हिंगलाज माताजी

बड़नगर। प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी बड़नगर में नवरात्रि पर महिलाओं द्वारा मधुर भजनों, गरबों से माता की आराधना की जा रही है।

पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि यह मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है। हिंगलाज माता का प्रमुख स्थान पाकिस्तान के बलूचिस्तान की दक्षिणी पहाड़ियों में स्थित है। जिसे आज भी हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। इसे नानी का हज भी कहा जाता है। पुराने समय में गोस्वामी बंधु वहां यात्रा के लिए जाया करते थे और पूर्वजों द्वारा हिंगलाज माता की प्रतिमा वहां से लॉकर बड़नगर में स्थापित की गई। महाष्टमी को हवन होगा, जिसमें नववर्ष में सुख शांति की कामना की जाएगी। वही नवमी को मां कामाख्या की पूजा और कन्या भोज के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन होगा। नवरात्रि में माता के दर्शन व आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।

चालू लाइन में स्ट्रीट लाइट का काम करते समय लाइनमैन को लगा करंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

परसुलिया रोड पर स्ट्रीट लाइट का कार्य करते समय नगर परिषद के लाइनमैन गिरीश राठौर को करंट लग गया। घटना के दौरान उनके साथ नीचे खड़े लाइनमैन सुनील जैन ने उन्हें संभाला और तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉ. बीबी पाटीदार ने गिरीश राठौर का प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित नगर परिषद के कर्मचारी सिविल अस्पताल पहुंचे और गिरीश राठौर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सवाल यह भी है कि क्या कर्मचारी को कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा किट उपलब्ध कराई गई थी और क्या सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए गए थे?

यदि स्ट्रीट लाइट का कार्य करते समय बिजली की चालू लाइन से करंट लगने का खतरा हो, तो संबंधित बिजली विभाग से समन्वय कर नियमानुसार बिजली आपूर्ति बंद करवाने और आवश्यक अनुमति लेकर ही कार्य किया जाना



चाहिए। इससे संभावित हादसों को रोका जा सकता है।

गिरीश राठौर को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया गया, लेकिन घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग कितने गंभीर हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है।

सुरक्षा उपकरणों के बिना काम करना कितना सुरक्षित?


इस घटना के बाद नगर परिषद के कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्ट्रीट लाइट के रखरखाव जैसे जोखिम भरे कार्य के दौरान कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है।

बच्चे का स्क्रीन टाइम करना है कम?

सबसे पहले माता-पिता बदलें अपनी ये आदतें...

कई बार बच्चे घंटों स्क्रीन पर वीडियो देखते हैं या गेम खेलते रहते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई, खेलकूद और नींद का रूटीन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में बच्चे का स्क्रीन टाइम कम करना माता-पिता के लिए एक चुनौती बन जाता है।





आजकल बच्चों में मोबाइल, टीवी और टैबलेट इस्तेमाल करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कई बार बच्चे घंटों स्क्रीन पर वीडियो देखते हैं या गेम खेलते रहते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई, खेलकूद और नींद का रूटीन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में बच्चे का स्क्रीन टाइम कम करना माता-पिता के लिए एक चुनौती बन जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों की इस आदत को सुधारने के लिए सबसे पहले माता-पिता को अपनी कुछ आदतों में बदलाव करना जरूरी है?

दरअसल, बच्चे अक्सर अपने माता-पिता को देखकर चीजें सीखते हैं। अगर घर में बड़े लोग भी बार-बार मोबाइल इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों का स्क्रीन की ओर आकर्षित होना स्वाभाविक है। ऐसे में बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने के लिए माता-पिता को खुद मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करना चाहिए और बच्चों के साथ खेलने, बातचीत करने व दूसरी गतिविधियों में समय बिताना चाहिए। आइए जानते हैं कि माता-पिता अपनी किन आदतों को बदलकर बच्चों की स्क्रीन टाइम की आदत सुधार सकते हैं।

खाना खाते समय फोन दूर रखें

माता-पिता खाने की मेज पर मोबाइल इस्तेमाल करने से बचें। परिवार के सभी सदस्य साथ बैठकर खाना खाएं और बातचीत करें। इससे बच्चे को भी भोजन के समय स्क्रीन से दूर रहने की आदत पड़ेगी। अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर माता-पिता बच्चे के साथ खेलें, कहानियां पढ़ें या उसकी पसंद की गतिविधियों में हिस्सा लें। इससे बच्चा मोबाइल के बजाय दूसरी गतिविधियों में रुचि लेने लगेगा।

मोबाइल की जगह बच्चे को दें दूसरे विकल्प

जब बच्चा जिद करे या बोर हो, तो माता-पिता को उसे तुरंत मोबाइल देने के बजाय उससे बात करें या किसी दूसरी गतिविधि में व्यस्त करें। इससे वह हर बार मनोरंजन या मन बहलाने के लिए स्क्रीन पर निर्भर नहीं होगा। उसे ड्राइंग, पेंटिंग, किताबें पढ़ने, पजल सुलझाने और आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। जब बच्चे के पास मनोरंजन के दूसरे विकल्प होंगे, तो वह स्क्रीन पर कम समय बिता सकता है।

बच्चे को कब सिखाएं तैरना?



तैराकी बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ एक जरूरी जीवन रक्षक कौशल भी है। सही उम्र में स्विमिंग सीखने से शारीरिक विकास और पानी के प्रति आत्मविश्वास में मदद मिल सकती है, लेकिन सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

तैराकी बच्चों के लिए एक मजेदार गतिविधि है और जीवन रक्षक कौशल भी। आज के समय में कई बच्चे कम उम्र से ही तरह-तरह की स्किल्स सीख रहे हैं, जिनमें स्विमिंग भी शामिल है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार, सही उम्र और सुरक्षा नियमों का ध्यान रखते हुए बच्चों को स्विमिंग सिखाना फायदेमंद हो सकता है। हालांकि इससे पहले बच्चे की शारीरिक और मानसिक स्थिति को समझना जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक साल से कम उम्र के शिशुओं के लिए वाटर प्ले या पैरेंट-चाइल्ड सेशन यानी पानी से परिचय अच्छा रहता है। वहीं, एक से चार साल की उम्र में स्विमिंग की बुनियादी बातें सिखाई जा सकती हैं। तैराकी से बच्चों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, सहनशक्ति बढ़ती है और ब्रेन-बॉडी कोऑर्डिनेशन बेहतर होता है। कम उम्र में तैरना सीखने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें पानी से डर नहीं लगता।



सबसे महत्वपूर्ण है पानी में सुरक्षा



बच्चों को स्विमिंग सिखाते समय सबसे जरूरी है, टच सुपरविजन यानी माता-पिता या ट्रेनर बच्चे के इतना करीब रहें कि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता दे सकें। फ्लोटर्स या वाटर विंग्स पर पूरी तरह निर्भर रहना सुरक्षित नहीं है। डब्लूएचओ के अनुसार, कम उम्र में तैरना, पानी पर फ्लोट करना और किनारे तक पहुंचना सीखने से डूबने का खतरा 88 प्रतिशत तक कम हो सकता है। बच्चों के लिए स्विमिंग पूल चुनते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूल के पानी का तापमान 30 से 32 डिग्री सेंटीग्रेड होना चाहिए। पानी में क्लोरीन का स्तर भी जांचना जरूरी है, ताकि संक्रमण न हो। साथ ही बच्चों को हमेशा सर्टिफाइड और अनुभवी ट्रेनर की निगरानी में तैरना सिखाएं।

स्विमिंग सिखाने से पहले ये बातें जरूर देखें

अगर बच्चे को सर्दी-जुकाम, कान में संक्रमण या त्वचा संबंधी कोई समस्या है, तो उसे स्विमिंग न कराएं। स्विमिंग के बाद बच्चे के कान अच्छी तरह सुखाएं और त्वचा को साफ पानी से धोकर मॉइश्चराइजर लगाएं। पानी में जाने से पहले और बाद में बच्चे की स्वच्छता का ध्यान रखें। बच्चे की सुरक्षा और आराम को हमेशा प्राथमिकता दें। बाल विकास सलाहकार रोहिणी सेठी बताती हैं कि छोटे बच्चों को स्विमिंग सिखाते समय सबसे पहले सुरक्षा को प्राथमिकता दें। हमेशा प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर की निगरानी में ही अभ्यास कराएं और बच्चे को पानी के पास अकेला न छोड़ें।

Sport

बॉलर्स के खिलाफ नियम सख्त करने की जरूरत, ताकि हर मैच में 300 रन बने

मांजरेकर बोले- पिच फ्लैट बनाएं, बाउंड्री छोटी करें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुझे लगता है कि पिचों को और फ्लैट बनाने, बाउंड्री छोटी करने और गेंदबाजों के खिलाफ नियम और सख्त करने की गुंजाइश है, ताकि टी-20 में नियमित रूप से 20 ओवर में 300 रन बन सकें।

यह कहना है पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर का। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पोस्ट के जरिए कही। मांजरेकर की पोस्ट ऐसे समय आई है, जब फ्लैट भारतीय पिचों पर सवाल उठ रहे हैं। गौतम गंभीर, युजवेंद्र चहल जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर्स पिचों को बॉलिंग फ्रेंडली बनाने की मांग कर रहे हैं। एक दिन पहले भारतीय टीम के पूर्व चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा ने कहा- टी-20 क्रिकेट में बैटिंग पिचों से बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बिगड़ रहा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में चेतन ने कहा- मैं मानता हूं कि गेंदबाज रन देने के लिए मैदान पर आते हैं। लेकिन उन्हें इतना मत मारिए कि वे दोबारा मैदान पर आना ही न चाहें।



भारत-वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज में 98 छक्के और 104 चौके लगे- भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही टी-20 सीरीज में 98 छक्के और 104 चौके लग चुके हैं। सीरीज में अब तक 4 मैच खेले गए हैं। इन 8 पारियों में 6 बार दोनों टीमों ने 200+ रन का आंकड़ा पार किया। दूसरे टी-20 में तो भारत ने 249 रन बनाए थे और यह टारगेट भी वेस्टइंडीज ने 9 गेंद रहते हासिल कर लिया। तीसरे टी-20 में भारत ने 223 रन बनाए और वेस्टइंडीज को 209 रन पर रोका। चौथे मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 247 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 223 रन बनाए। पहले मुकाबले में भी 172 रन का टारगेट भारत ने 14.4 ओवर में ही हासिल कर लिया था।

गंभीर ने हफ्ते में 2 बार पिच पर सवाल उठाए थे

9 अक्टूबर की रात को रांची में दूसरे टी-20 के बाद गंभीर ने कहा था- 'फ्लैट पिचों पर गेंदबाजों के करियर दांव पर लगे हैं। सरफेस में बैट और बॉल के बीच बराबरी का मुकाबला होना जरूरी है।' 3 अक्टूबर को गुवाहाटी में दूसरे वनडे के बाद गंभीर ने कहा था कि 'यह क्रिकेट नहीं था, सिर्फ बल्लेबाजी थी।' उस मुकाबले में भारत ने 406 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इस मुकाबले में 811 रन बने थे। संजय मांजरेकर भारतीय कमेंटेटर हैं, जोकि अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत बैटिंग स्किल के लिए भी जाना जाता है। वे क्रिकेटर्स को स्पेशलाइज ट्रेनिंग देते हैं। मांजरेकर 37 मैचों के टेस्ट करियर में 2043 रन बनाए। इसमें 4 शतक और 9 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 74 वनडे मैचों में 1994 रन बनाए। इस फॉर्मेट में संजय के नाम एक शतक है।

दूसरे टेस्ट से पहले टीम बदली

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में एक बदलाव किया है। मैथ्यू ब्रीट्जके को ट्रिस्टन स्टब्स की जगह टीम में शामिल किया गया है। दूसरा टेस्ट 18 अक्टूबर से गकेबरहा में शुरू होगा। रयान रिकेल्टन इस मैच में विकेटकीपिंग करेंगे। पहले टेस्ट में मेजबान टीम 214 रन से हार गई थी। तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त बना रखी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, मैथ्यू ब्रीट्जके ने ट्रिस्टन स्टब्स की जगह ली है। रयान रिकेल्टन दूसरे टेस्ट में विकेटकीपिंग करेंगे। बाएं हाथ के बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी को टीम में नहीं चुना गया। वे बाईं हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। इस टीम में 17 नाम शामिल हैं। दूसरे मैच की प्लेइंग-11 में कगिसो रबाडा को मौका मिल सकता है।

बिंद्रा ने एथलीट्स के खुलकर न बोलपाने पर चिंता जताई:

नई दिल्ली। ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट शूटर अभिनव बिंद्रा ने एथलीट्स के खुलकर न बोल पाने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा- समय के साथ खिलाड़ी अपने मन में भी सवाल करना बंद कर देते हैं। बिंद्रा ने एथलीट्स को सवाल पूछते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने काम, कोच, तरीकों और सिस्टम पर सवाल उठाएं। बिंद्रा ने कहा कि खिलाड़ियों का खुलकर बोलना जरूरी है। कुछ लोग इसे अनुशासनहीनता मान सकते हैं, लेकिन यह बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी हो सकता है। बिंद्रा ने शुक्रवार को सोशल प्लेटफॉर्म पोस्ट में अपनी बात रखी।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **भुवनेश्वर कुमार की टीम इंडिया में वापसी-** वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक टी-20 मुकाबले से पहले तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। अर्शदीप सिंह के चोटिल होने के बाद चयनकर्ताओं ने यह फैसला लिया।
- **जूनियर बैडमिंटन में भारत का पदक पक्का-** भारतीय शटलर जैंगशेर सिंह खंगुरा ने विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ताइवान के खिलाड़ी को हराया।
- **विश्व कुश्ती में विश्वजीत ने रचा इतिहास-** भारतीय पहलवान विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। ग्रीको-रोमन के 55 किलोग्राम वर्ग में वह फाइनल तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
- **भारतीय महिला क्रिकेट में पूनम राउत का संन्यास-** भारतीय महिला क्रिकेटर पूनम राउत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने भारत के लिए टेस्ट, वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले।
- **डेनमार्क ओपन से श्रीकांत बाहर-** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। अब भारतीय प्रशंसकों की नजर आगामी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं पर रहेगी।

सहवाग के बेटे आर्यवीर ने 173 रन बनाए

वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेली कप्तानी पारी, 19 चौके-8 छक्के लगाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने शुक्रवार को वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिल्ली यू-19 की ओर से 173 रन की पारी खेली। वे दिल्ली यू-19 के कप्तान भी हैं।

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चंडीगढ़ व-19 के खिलाफ हुए मैच में आर्यवीर ने 143 गेंदों पर 19 चौके और 8 छक्के लगाए। दिल्ली ने 50 ओवर में 289 रन बनाए, हालांकि चंडीगढ़ ने 41.3 ओवर में 5 विकेट खोकर यह टारगेट चेज कर लिया। 18 साल के आर्यवीर ने पिछले महीने भारतीय अंडर-19 टीम के लिए डेब्यू किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ सीरीज की तीन पारियों में 109 रन बनाए।

उनका स्ट्राइक रेट करीब 104 रहा। सीरीज में उनका सबसे बड़ा स्कोर 47 रन था। आर्यवीर राजकोट में ऑस्ट्रेलिया अ के खिलाफ सीरीज के लिए भारत अ कैंप का हिस्सा भी रहे। आर्यवीर सहवाग ने दिल्ली प्रीमियर लीग के 2026 सीजन में वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए खेला। उन्होंने 2 मैचों में 24 रन बनाए। वे इससे पहले 2024 में कूच बिहार ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 297 रन की पारी खेलकर चर्चा में आए थे। वीनू मांकड़ ट्रॉफी बीसीसीआई की ओर से कराई जाने वाली अंडर-19 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट है। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों और क्रिकेट संघों की अंडर-19 टीमें हिस्सा लेती हैं।



द्रविड़ के दोनों बेटे भी क्रिकेट में करियर बना रहे

राहुल द्रविड़ के दोनों बेटे समित और अन्वय द्रविड़ क्रिकेट में अपना करियर बना रहे हैं। दोनों कर्नाटक के अलग-अलग एज कैटेगरी में खेलते हैं। समित मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज और मीडियम पेस गेंदबाज हैं। समित ने कर्नाटक की अंडर-19 टीम के लिए खेला है। 2023-24 के कूच बिहार ट्रॉफी सीजन में समित ने 8 मैचों में 362 रन बनाने के साथ 16 विकेट भी लिए थे। समित को सितंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर-19 टीम में चुना गया, लेकिन घुटने की चोट के कारण नहीं खेल सके।

न्यूज कॉलम

धार में टीआई पर एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर की मांग

धार। भोपाल में आदिवासी छात्रों के आंदोलन के दौरान जय जोहार संबोधन को लेकर कथित जातिसूचक टिप्पणी और गाली-गलौज के मामले में जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने शुक्रवार को धार में प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय से रैली निकाली और एसपी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई।


22वीं सर्वधर्म सद्भाव चुनरी कलश यात्रा निकली

धार। शारदीय नवरात्रि की छठी तिथि पर शुक्रवार को 22वीं सर्वधर्म सद्भाव चुनरी कलश यात्रा निकाली गई। स्वर्गीय पूर्व विधायक मोहन सिंह बुंदेला के नेतृत्व में निकली यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति शामिल हुईं। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर माता के जयकारे लगाए। हिंदू, मुस्लिम सहित विभिन्न समाज के लोगों ने भी यात्रा में शामिल होकर सर्वधर्म सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। यात्रा की शुरूआत धार के लकी चौराहा से हुई। यहां से यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। सिर पर कलश लेकर चल रही महिलाओं और माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

झाबुआ में 9.42 करोड़ के गांजे के पौधे जब्त

झाबुआ। झाबुआ पुलिस ने गुरुवार को ग्राम कलमोड़ा में गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर कुल 15,609 गांजे के पौधे जब्त किए। इनका वजन 99 क्विंटल 16 किलो 427 ग्राम है। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत 9 करोड़ 42 लाख 1 हजार 430 रुपए आंकी गई है। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि यह खेती पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में कपास की फसल के बीच की जा रही थी। इस मामले में तीन अलग-अलग केस दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अधूरी नल-जल योजनाओं पर विधायक महेश पटेल नाराज



जनविश्वास शिविर में अधिकारियों से मांगा जवाब
हैंडपंप ठीक न होने पर धरने की चेतावनी

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के सेजवाड़ा में लगे मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में जोबट विधायक महेश पटेल ने पेयजल संकट, बिजली कटौती, खाद-बीज की कमी और अधूरी नल-जल योजनाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इटार क्षेत्र में महिलाओं को कुएं से पानी लाना पड़ रहा है। पीएचई को शिकायत के बाद भी हैंडपंप ठीक नहीं हुए। पटेल ने चेतावनी दी कि दो-तीन दिन में हैंडपंप चालू नहीं हुए तो वे ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पर धरना देंगे। विधायक ने कहा कि कुछ जगह पानी की टंकियां बन गई हैं, लेकिन पाइपलाइन का काम अधूरा होने से ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने अधूरे काम जल्द पूरे कराने की मांग की। पटेल ने पूर्व शिविर में मिले करीब 800 आवेदनों का जिक्र करते हुए लंबित शिकायतों का निराकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं उठाना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है और प्रशासन को लोगों की परेशानियों का गंभीरता से समाधान करना चाहिए।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर निवेश पर इंदौर में मंथन-** इंदौर में 23 और 24 अक्टूबर को मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट आयोजित होगी। इसमें निवेशकों, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच कारोबारी साझेदारी पर चर्चा होगी।
- **एमएसएमई कारोबार बढ़ाने पर जोर-** इंदौर में इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर के सम्मेलन में छोटे और मध्यम उद्योगों का कारोबार दोगुना करने पर जोर दिया गया। निर्यात, नवाचार और आयात निर्भरता घटाने को अहम बताया गया।
- **कपड़ा कारोबारियों को मिले उपहार-** इंदौर के एमटी क्लॉथ मार्केट में टेक्सटाइल ट्रेड फेयर के दौरान अमृत उपहार योजना का मुख्य ड्रॉ आयोजित हुआ। इसमें व्यापारियों के लिए 251 और दलालों के लिए 31 विशेष पुरस्कार रखे गए।
- **सोया कारोबारियों की बैठक इंदौर में-** 16 और 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। इसमें सोयाबीन, खाद्य तेल और प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े कारोबारियों को नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा।
- **प्लास्ट पैक मेले में जुटेंगे निवेशक-** इंदौर के लाभगंगा प्रदर्शनी केंद्र में 27 से 30 नवंबर तक प्लास्ट पैक मेला लगेगा। प्लास्टिक, पैकेजिंग और रिसाइक्लिंग उद्योग की कंपनियां इसमें भाग लेंगी।
- **सराफा बाजार में सोने की मांग प्रभावित-** इंदौर के सराफा बाजार में ऊंचे भाव पर निवेशकों की लेवाली प्रभावित होने से सोने के दाम में गिरावट दर्ज हुई, जबकि चांदी में तेजी देखी गई।

इंदौर को प्राणवायु देने वाले चोरल के जंगल बचाने के लिए हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश जारी

रेलवे ट्रैक के लिए चोरल में 2.5 लाख पेड़ काटने पर हाई कोर्ट की रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर को प्राणवायु देने वाले चोरल के जंगल बचाने के लिए हाई कोर्ट ने गुरुवार को अंतरिम आदेश जारी किए हैं। सिमरोल-चोरल और बड़वाह तक रेलवे ट्रैक के लिए 2.5 लाख से अधिक छोटे-बड़े पेड़ काटने पर रोक लगा दी है। जहां पेड़ काटे जाने हैं, वहां आए दिन बाघ, तेंदुए, चीतल, सांभर, लोमड़ी, मोर, जंगली खरगोश नजर आते रहते हैं। निमाड़ से आने वाली गर्म हवा रोकने में चोरल के जंगल बड़ी भूमिका निभाते हैं। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोकजे, जस्टिस विनय सराफ की डिविजन बेंच ने वन विभाग और रेलवे को नोटिस जारी किए गए हैं। 30 नवंबर को अगली सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता करण बैरागी की ओर से अधिवक्ता मनीष यादव ने पैरवी की। गुरुवार की सुनवाई के दौरान बताया गया कि इस



बार सूखे जैसी स्थिति है। पिछले पांच सालों से इंदौर में गर्मियों में अधिकतम तापमान भी 45 डिग्री को छू रहा है। ऐसे में दो-ढाई लाख पेड़ कटने से शहर भट्टी की तरह तपने लगेगा। मालवा और निमाड़ के तापमान में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। रेलवे ने पहले जो डिजाइन तय की थी,उसमें 40-50 हजार पेड़ ही प्रभावित हो रहे थे। केवल चढ़ाई अधिक होने, सिमरोल से बड़वाह तक जाने में 30-40 मिनट का वक्त अधिक लगने का हवाला देकर डिजाइन बदल दी गई। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान पूछा कि क्या वाकई इतने पेड़ काटे जा रहे हैं? यह चिंताजनक है।

प्रोजेक्ट से जुड़े दस्तावेज पेश करने की मांग- याचिकाकर्ताओं ने मांग की कि इंदौर और मालवा क्षेत्र में वन भूमि के डायवर्जन और बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई (विशेषकर इंदौर-खंडवा रेलवे प्रोजेक्ट और नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स) से जुड़े सभी दस्तावेज अदालत के समक्ष पेश किए जाएं। वानिकी, वन्यजीव, पारिस्थितिकी, पर्यावरण विज्ञान के विशेषज्ञों की एक स्वतंत्र समिति बनाई जाए।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट में ये दी दलीलें

इस क्षेत्र में बाघों के 37 पगमार्क और तेंदुओं के 89 पगमार्क दर्ज किए गए हैं, जो इसकी पारिस्थितिक संवेदनशीलता बताते हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र में भूजल स्तर में गिरावट, बारिश में कमी, जलवायु असंतुलन, तापमान बढ़ना, जैसी समस्याएं हो रही हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए अहम ह्यसलाईह्ल के पेड़ भी कम रह गए हैं। ह्यमालवा क्षेत्र का लगभग आधा वन कवर पहले ही गायब हो चुका है। लगभग 58 स्थानीय पेड़ों की प्रजातियां बेहद दुर्लभ हो चुकी हैं। उनकी संख्या घटकर एक प्रतिशत से भी कम रह गई है।

जस्टिस सराफ ने अपने ही आदेश का हवाला दिया

जस्टिस विनय सराफ ने जबलपुर खंडपीठ में पेड़ों की कटाई को लेकर पूर्व में दिया आदेश चीफ जस्टिस को दिखाया। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस सराफ की खंडपीठ ने जंगलों की कटाई पर पूरी तरह रोक लगाने के आदेश दिए थे। केवल सुरक्षा के लिहाज से छंटनी किए जाने के निर्देश दिए थे। इसी तरह का आदेश चोरल के मामले में भी जारी किया गया।

महाराष्ट्र चर्मकार समाज संस्था में लाखों का गबन

अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत 4 पदाधिकारियों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पंढरीनाथ थाना क्षेत्र स्थित श्री महाराष्ट्र चर्मकार समाज संस्था में गंभीर आर्थिक अनियमितता और गबन का मामला सामने आया है। संस्था के स्वयंभू पदाधिकारियों ने नियमों और अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए संस्था के पैसों का सीधा भुगतान करने के बजाय उन्हें अपने व्यक्तिगत खातों में जमा कराया।

शिकायतों की जांच और लेखा-पत्रकों (ऑडिट पेपर्स) के अवलोकन के बाद पंढरीनाथ पुलिस ने शासन की ओर से कार्रवाई करते हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सहसचिव के खिलाफ गुरुवार देर रात धोखाधड़ी व गबन का केस दर्ज किया है। पंढरीनाथ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नॉर्थ हरसिद्धि स्थित श्री महाराष्ट्र चर्मकार



समाज संस्था के गणेश मस्तुद, राव साहेब रोजस्कर, रीना कामले, दिनेश शिंदे और राजू शिंदे ने संस्था के वर्तमान स्वयंभू पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि संस्था के अध्यक्ष शरद सातपुते निवासी नर्मदा नगर, उपाध्यक्ष चेतन सोनोने निवासी मच्छी बाजार, कोषाध्यक्ष शशिकांत नन्नौरे निवासी कालिंदी पार्क और सहसचिव दिवाकर शिंदे निवासी बी द्वारकापुरी ने संस्था में बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी की है।

मार्च से दिसंबर की ऑडिट रिपोर्ट की जांच में खुली पोल

पीड़ित पक्ष ने इस मामले में कई जगह शिकायत की थी। पुलिस और संबंधित विभागों ने जब संस्था के लेखा-पत्रकों और दस्तावेजों का अवलोकन किया, तो पाया कि आरोपी पदाधिकारियों ने समाज के कार्यों और संस्थागत खर्चों का भुगतान सीधे संस्था के आधिकारिक बैंक खाते से नहीं किया। इसके बजाय, वे संस्था की राशि अपने व्यक्तिगत खातों में ट्रांसफर करते रहे और वहीं से समाज के विभिन्न खर्चों का मनमाने तरीके से भुगतान दर्शाया। यह संस्थागत नियमों का स्पष्ट उल्लंघन और गंभीर वित्तीय गड़बड़ी है। शिकायतकर्ताओं ने मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक की ऑडिट रिपोर्ट और लेजर पुलिस को सौंपे थे। इनमें बताया गया था कि आरोपियों ने लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए की राशि अपने व्यक्तिगत खातों में जमा की थी। ये खाते संस्था की ओर से अलग से खुलवाए गए थे। इसके साथ ही बिल-वाउचर, उपहार वितरण, कैशबुक और कई तरह के कोटेशन में फर्जीवाड़ा कर अवैध लाभ लेने का आरोप भी लगाया गया था। इसे समाज और फर्म के साथ धोखाधड़ी बताया गया था। पूरी जांच के बाद पंढरीनाथ पुलिस ने चारों पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी शरद सातपुते, चेतन सोनोने, शशिकांत नन्नौरे और दिवाकर शिंदे के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और षड्यंत्र के तहत अपराध दर्ज किए हैं।

मल्हारगंज थाना जमींदोज, यहां बनेगा अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पश्चिमी इंदौर में 74 साल से संचालित मल्हारगंज थाने का पुराना भवन अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के लिए गुरुवार को जमींदोज कर दिया गया। नगर निगम की गैंग ने बुलडोजर से सुबह इसे तोड़ना शुरू किया और दो घंटे में पूरा भवन मलबे में बदल दिया। यहां वर्षों से छाया दे रहा पेड़ भी काट दिया गया। मल्हारगंज थाना अब जिंसी क्षेत्र में बनी नई बिल्डिंग से संचालित हो रहा है।

छोटा गणपति और मल्हारगंज क्षेत्र में अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है। छोटा गणपति स्टेशन के लिए कुल 268 पिलरों की पाइलिंग की जाना है। इसके लिए मशीनों से खुदाई और कांक्रीट का काम चल रहा है। मशीनों के तेज शोर और जमीन के कंपन से परेशान रहवासी पहले भी विरोध जता चुके हैं। मेट्रो ट्रेन के अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए टनल बोरिंग मशीन एयरपोर्ट के पास से 18 मीटर गहरे शाफ्ट से सुरंग बना रही है। सुरंग के साथ यह बड़ा गणपति की ओर बढ़ रही है। सबसे पहले एयरपोर्ट रोड से मल्हारगंज क्षेत्र के अंडरग्राउंड हिस्से को जोड़ा जाएगा। स्टेशन निर्माण के लिए करीब तीन महीने पहले कुछ मकान भी हटाए गए थे। इंदौर मेट्रो के भूमिगत कॉरिडोर निर्माण में दूसरा बड़ा चरण शुरू हो गया है। पहली टनल बोरिंग मशीन नर्मदा के बाद अब दूसरी मशीन सरस्वती भी तैयार है।

बुजुर्ग व्यापारी से 50 हजार रुपए महीने की रंगदारी मांगी, कार से उतरते ही पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के सपना-संगीता इलाके में व्यापारी से हर महीने 50 हजार रु. की रंगदारी मांगने और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि व्यापार करने के एवज में रुपए मांगते हुए आरोपियों ने बुजुर्ग व्यापारी के साथ मारपीट की। व्यापारी की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने धार निवासी पिता-पुत्र और उनके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, मामला सम्राट अशोक नगर, सपना-संगीता रोड का है। 65 वर्षीय रमा गर्ग ने अपने पति कैलाशचंद्र गर्ग के साथ गुरुवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नरेंद्र मेहता, उसके बेटे पुष्कित मेहता निवासी मंडी प्रांगण, जिला धार और उनके दो साथियों को आरोपी बनाया है। रमा गर्ग ने बताया कि एक दिन पहले शाम को उनके पति ऑफिस से घर आए थे। कार से उतरते ही आरोपी उनके पास पहुंचे और अभद्रता करने लगे। आरोपियों ने कहा कि अगर व्यापार करना है तो हर महीने 50 हजार रु. देने पड़ेंगे। कैलाश गर्ग के इनकार करने पर आरोपियों ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी घर के अंदर तक घुस गए। वहां भी उन्होंने कैलाश गर्ग और परिवार के साथ विवाद किया। रमा गर्ग ने बताया कि पति कैलाश की उम्र अधिक होने के कारण उनकी तबीयत खराब हो गई।

बच्ची की मौत के मामले में झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के कारण 10 साल की बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने क्लीनिक संचालकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। शुक्रवार को डॉक्टर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया। जूनी इंदौर थाना पुलिस ने मनोज सोलंकी की 10 वर्षीय बेटी दिव्यांशी की मौत के मामले में क्लीनिक संचालक श्रीचंद बागेजा और डॉक्टर ज्ञान एस. पंजवानी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों के पास शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में इलाज करने या एलोपैथिक चिकित्सा के लिए आवश्यक मान्य मेडिकल डिग्रियां नहीं थीं। इसके बावजूद बच्ची का इलाज किया गया और उसे तेज असर वाली एलोपैथिक दवाएं दी गईं।

इंटरनेशनल शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 8.70 लाख रुपये की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ऑनलाइन ठगी के दो मामले सामने आए हैं। चंदन नगर में इंटरनेशनल शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर एक युवक से 8.70 लाख रुपए ठग लिए गए। वहीं, राजेंद्र नगर क्षेत्र में पत्नी के मोबाइल पर रिचार्ज कराने पहुंचे युवक को बैंक खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं होने का पता चला। जांच करने पर खाते से करीब 51 हजार रुपए कटने की जानकारी मिली। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक ताप्ती परिसर निवासी जय कुमार बडोनिया ने शिकायत में बताया कि अप्रैल में उनके पास एक अज्ञात महिला का फोन आया था। महिला ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इंटरनेशनल शेयर मार्केट में निवेश करने पर कम समय में भारी मुनाफा कमाया जा सकता है। उसकी बातों में आकर जय कुमार निवेश के लिए तैयार हो गए। इसके बाद महिला ने उन्हें अलग-अलग बैंक खातों की जानकारी दी और कुल 9 बार में 8 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जब उन्होंने निवेश की रकम और मुनाफा निकालने की कोशिश की, तो उनसे और पैसे मांगे जाने लगे। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस व साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की जांच में सामने आया कि ठगी की रकम बैंक ऑफ इंडिया, बंधन बैंक और स्मॉल फाइनेंस बैंक के खातों में ट्रांसफर की गई। ये खाते हिंदूस ट्रेडर्स, एम इंटरप्राइजेस, कलिता इंटरप्राइजेस, विलेस एआई टेक्नोलॉजी इंटरप्राइजेस, सोहन वुडन कार्ड सहित अन्य नामों से बताए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी में किया गया। फिलहाल अज्ञात महिला और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, चोइथराम मंडी के पास राजरानी नगर निवासी करण कोटिया के साथ भी ऑनलाइन ठगी हुई। करण ने बताया कि वह काम से घर लौटे तो पत्नी मनीषा ने मोबाइल का बैलेंस खत्म होने की बात कही।

वर्ल्ड स्पाइन-डे पर इंदौर में स्पाइन हेल्थ अवेयरनेस साइक्लोथॉन

सर्जरी करा चुके मरीज सहित 80 डॉक्टरों ने चलाई साइकिल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वर्ल्ड स्पाइन डे पर शुक्रवार को इंदौर में रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए डॉक्टरों ने साइक्लोथॉन निकाली। इंदौर स्पाइन सर्जन एसोसिएशन की ओर से आयोजित साइक्लोथॉन में करीब 80 वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक सर्जन, स्पाइन सर्जन और एनेस्थेटिस्ट साइकिल लेकर सड़क पर उतरे।

डॉक्टरों ने नियमित व्यायाम और फिटनेस का संदेश देने के साथ रीढ़ की सर्जरी को लेकर लोगों के मन में बैठे डर और भ्रांतियों को दूर करने की अपील की।

साइक्लोथॉन में हाल ही में स्पाइन सर्जरी करा चुके एक-दो मरीज भी डॉक्टरों के साथ साइकिल चलाते नजर आए। उनकी भागीदारी के जरिए यह संदेश दिया गया कि उचित इलाज और डॉक्टर की सलाह के अनुसार रिकवरी के बाद मरीज फिर सक्रिय जीवनशैली अपना सकते हैं। आईएसएसए के सचिव डॉ. अविनाश जैन ने बताया कि समाज में रीढ़ की हड्डी की सर्जरी को लेकर कई भ्रांतियां हैं। लोग ऑपरेशन के बाद सामान्य जीवन नहीं जी पाने की आशंका से इलाज कराने में हिचकते हैं। सर्जरी के बाद मरीजों का साइकिल चलाना ऐसे लोगों का भरोसा बढ़ाने वाला संदेश है। साइक्लोथॉन का नेतृत्व आईएसएसए के अध्यक्ष डॉ. एसके लूनावत, उपाध्यक्ष डॉ. प्रसाद पटगांवकर और सचिव डॉ. अविनाश जैन ने किया। एसोसिएशन ऑफ ऑथोर्पेडिक सर्जन्स ऑफ इंदौर के सचिव डॉ. प्रणव महाजन भी आयोजन में शामिल हुए। वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ. मसंद और डॉ. मनचंदा सहित अन्य चिकित्सकों ने भी भाग लिया। आयोजन में शहर के सक्रिय साइकिल राइडर्स ने भी हिस्सा लिया। डॉक्टरों ने नियमित शारीरिक गतिविधि को स्वस्थ जीवनशैली का अहम हिस्सा बताया। रैली के सुरक्षित और सुचारू संचालन में इंदौर यातायात पुलिस ने सहयोग किया। आयोजन के अंत में आईएसएसए की ओर से चिकित्सकों, एनेस्थीसिया क्लब के सदस्यों, साइकिल राइडर्स और प्रशासन का आभार जताया गया।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com